फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 6 प्रभात जयपुर, गुरूवार 6 अगस्त, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT


जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**Hiroshima and Nagasaki**

The city had disappeared from view and all that could be seen was a huge black cloud of soot and intense flames.
The co-pilot, Captain Richard Lewis, commented: 'Oh my God, what have we done?'

**Celebrating the World Beneath the Waves**

# केन्द्रीय संसदीय मंत्री रिजिजू राहुल गांधी से मिले और परिसीमन बिल व महिला आरक्षण पर सहयोग मांगा

## प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर रिजिजू ने राहुल गांधी से मुलाकातें बढ़ाईं, क्योंकि मोदी को लगता है कि बार-बार मुलाकात करने से राहुल का रुख नरम पड़ेगा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। संसद में गतिरोध लगातार जारी है। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा, दोनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो रही है। इसी बीच सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा और उन्हें पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का प्रस्ताव कर रही है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह अब भी दोनों सदनों से लगातार अनुपस्थित हैं, विपक्ष यह जानना चाहता है कि छात्रों पर हमला करने और गोली चलाने का आदेश किसने दिया था।

- राहुल गांधी का आरोप है कि संसद का विशेष सत्र बुलाना और परिसीमन व महिला आरक्षण बिल पेश करना सरकार की मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की रणनीति का अंग है।
- एक प्रमुख सवाल यह है कि जब संसद का नियमित सत्र ही नहीं चल पा रहा है तो क्या विपक्ष विशेष सत्र को चलने देगा, वैसे भी परिसीमन बिल और महिला आरक्षण बिल संवैधानिक संशोधन हैं, इन्हें ध्वनिमत से या हंगामे के बीच पारित नहीं किया जा सकता है।
- राहुल गांधी ने 10, जनपथ, के बाहर कुछ छात्रों की मीडिया से मुलाकात करवाई और 20 जुलाई को क्या हुआ इसकी जानकारी दी।
- राहुल ने कहा, गृह मंत्री सदन में आकर देश को क्यों नहीं बताते कि उस दिन क्या हुआ था, छात्रों पर पैलैट गन चलाने, आँसू गैस छोड़ने व लाठी चार्ज करने का आदेश क्या उन्होंने दिया था।

संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त तक चलेगा, लेकिन सरकार 17, 18 और 19 अगस्त को विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा कर उन्हें पारित कराना चाहती है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद में राहुल गांधी के कार्यालय में जाकर उनसे मुलाकात की और दोनों विधेयकों पर समर्थन मांगा।

राहुल गांधी ने साफ कहा कि अमित शाह को सदन में आकर छात्रों पर पुलिस की बर्बरता पर बयान देना होगा। प्रधानमंत्री को भी ''चढ़ावा दा चोरी'' के मुद्दे पर बोलना चाहिए। परिसीमन विधेयक में बदलाव किए जाने चाहिए और इस बारे में वे विपक्ष के अपने सहयोगियों से भी चर्चा करेंगे।

कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने किरेन रिजिजू को अपने संसद कार्यालय आने का निमंत्रण दिया था, जहां दोनों की मीटिंग हुई थी।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने मुख्यमंत्री को प्रतिवेदन सौंपा

जयपुर, 5 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बुधवार को राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के अध्यक्ष मदनलाल भाटी एवं सदस्यों ने भेंट की तथा उन्हें पंचायती एवं नगरीय निकायों में ओबीसी आरक्षण के संबंध में वर्ष 2026 का प्रतिवेदन सौंपा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत

- इससे पंचायत तथा नगरीय निकायों के चुनावों में आरक्षण का काम हो सकेगा।

करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। स्थानीय चुनावों को समय पर कराने का जो वादा किया था, उसकी ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वन स्टेट-वन इलेक्शन व्यवस्था से विकास और जनकल्याण के कार्यों को निरंतर गति मिलेगी। इससे पैसे, समय एवं संसाधनों की बचत होगी।

इस दौरान, पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, ओबीसी आयोग के सचिव अशोक कुमार जैन एवं सदस्य प्रो. राजीव सक्सेना, गोपाल कृष्ण, मोहन मोरवाल और पवन मावंडिया सहित, अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भारत की म्यांमार से जमीन की अदला-बदली की योजना खटाई में पड़ी

## मणिपुर के सिविल सोसायटी संगठनों ने इसका भारी विरोध किया और कहा कि मणिपुर की भूमि की अदला-बदली किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। पूर्वोत्तर में एक नया विवाद खड़ा होता दिखाई दे रहा है। मणिपुर के कई सिविल सोसायटी संगठनों ने केन्द्र सरकार की उस कथित योजना का कड़ा विरोध किया है, जिसके तहत म्यांमार के साथ सीमावर्ती जमीन की अदला-बदली की जा सकती है।

रिपोर्टों और अगस्त 2026 की शुरुआत में विदेश मंत्रालय के बयानों के अनुसार, भारत और म्यांमार मणिपुर के चंदेल जिले में दोनों देशों की साझा सीमा के अनिर्धारित हिस्से के लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सुलझाने के लिए सीमित स्तर पर जमीन की अदला-बदली पर चर्चा कर रहे हैं।

मई 2026 के एक आधिकारिक दस्तावेज में उल्लिखित एक प्रस्ताव, जिसका सबसे पहले उल्लेख द डिप्लोमैट ने किया था, के अनुसार, सीमा स्तंभ (बॉर्डर पिलर्स) संख्या 65 से 68 के बीच लगभग 1.4 वर्ग मील (करीब 3.6 वर्ग किलोमीटर) क्षेत्र की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- केन्द्र सरकार म्यांमार से जमीन एक्सचेंज इसलिए चाहती है, ताकि सीमा पर तारबंदी की जा सके, और ड्रग्स तस्करी और आतंकियों की घुसपैठ को नियंत्रित किया जा सके। ज्ञातव्य है कि भारत व म्यांमार के बीच 1643 किलोमीटर लम्बी सीमा है, जिसमें से 171 किलोमीटर क्षेत्र अभी भी विवादित है।
- मणिपुर में मैतेई समुदाय के संगठन, कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी,ने तर्क दिया कि 1949 में भारत में विलय के समय मणिपुर को बड़ा भू-भाग गंवाना पड़ा था और अब मणिपुर के क्षेत्र में किसी भी कमी को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- इस सीमा विवाद की जड़ ब्रिटिश राज से संबंधित है। प्रथम एंग्लो-बर्मा युद्ध के बाद यांडाबो संधि ने सीमा निर्धारण की दिशा तय की। सन् 1834 में कबाव घाटी बर्मा (म्यांमार) को सौंप दी गई, इसके बदले मणिपुर को मुआवजा दिया गया।
- वर्ष 1937 में बर्मा ब्रिटिश भारत से अलग हो गया। वर्ष 1967 में भारत बर्मा के बीच औपचारिक सीमा निर्धारण हुआ, पर, कबाव घाटी में सीमांकन नहीं हो पाया। इसलिए सीमा विवाद अभी भी जारी है।

# परिसीमन और महिला आरक्षण बिल पर राहुल ने सरकार का निवेदन ठुकराया

## केन्द्र सरकार मौजूदा सत्र में इन बिलों को दोबारा लाना चाहती है और इसके लिए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मिलने उनके चैम्बर में गए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। संसद के मानसून सत्र में जारी गतिरोध तीसरे सप्ताह में पहुंच गया है। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी से संपर्क किया, ताकि इस गतिरोध का कोई रास्ता निकाला जा सके।

सूत्रों के अनुसार, लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद स्थगित कर दी गई, जिसके तुरंत बाद रिजिजू ने राहुल गांधी से उनके कक्ष में मुलाकात की।

सूत्रों के अनुसार, रिजिजू ने कांग्रेस से परिसीमन विधेयक और महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर सहयोग मांगा। सरकार इन दोनों विधेयकों को मौजूदा सत्र में फिर से पेश कर पारित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- राहुल गांधी ने साफ कहा कि सदन में तब तक काम नहीं होगा, जब तक राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर चर्चा नहीं हो जाती और 20 जुलाई को हुए छात्र प्रोटैस्ट के दौरान छात्रों पर पुलिस एक्शन के मामले में अमित शाह संसद में बयान नहीं दे देते।
- सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने हाल ही में दलबदल के जरिए अपना संख्या बल बढ़ा लिया है, इसलिए सत्ता पक्ष परिसीमन बिल और महिला आरक्षण विधेयक को पुनः पेश करने के लिए बेहद उत्साहित है, पर, संयुक्त विपक्ष ने सरकार की इस रणनीति में रोड़ा अटका दिया है।

# प्रधानमंत्री ने एनडीए के नये राज्यसभा सांसदों से मुलाकात की

नई दिल्ली, 05 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसदों के साथ नाश्ते पर

- उन्हें संसद की कार्यवाही में नियमित रुप से उपस्थिति रहने की सलाह दी।

बैठक की। हाल ही में अन्य दलों से एनडीए और भाजपा में शामिल हुए सांसद भी बैठक में मौजूद रहे।

इनमें भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन, स्वाति मालिवाल, विनोद तावड़े, सुजीत कुमार, अलका गर्जुर, अशोक मित्तल, तरुण चुग सहित कई सांसद शामिल रहे।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने सांसदों को संसद की कार्यवाही में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पंजाब भाजपा में नई नियुक्तियों ने आतंरिक असंतोष को उजागर किया

## नई नियुक्तियों की घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर वरिष्ठ नेताओं ने सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने शुरु कर दिए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारी का संदेश देना चाहती थी, लेकिन इसके बजाय उसने अपने ही संगठन में गहराती अंदरूनी कलह को उजागर कर दिया।

3 अगस्त को पार्टी ने पंजाब इकाई की नई टीम की घोषणा की। इसमें राज्य संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ छह जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। संगठनात्मक फेरबदल आमतौर पर कुछ असंतोष तो पैदा करते ही हैं, लेकिन इस बार मामला कहीं अधिक गंभीर हो गया।

घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर वरिष्ठ नेताओं ने सार्वजनिक रूप से नियुक्तियों पर सवाल उठाने शुरू कर दिए, जबकि कई अन्य नेताओं ने निजी तौर पर अपनी नाराज़गी जताई। उनकी आपत्ति केवल नई टीम की संरचना को लेकर नहीं थी, बल्कि इस बात को लेकर भी थी कि पूरी प्रक्रिया किस तरह संचालित की गई।

- पार्टी के पुराने और वरिष्ठ नेताओं को शिकायत है कि अन्य दलों से आए लोगों को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है और जिन कार्यकर्ताओं ने राज्य में पार्टी को खड़ा किया उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है।
- अन्य दलों से आए नेताओं को भी शिकायत है कि उन्हें उनके राजनैतिक कद के अनुरुप पद नहीं दिया गया है। हालांकि, पार्टी ने 12 उपाध्यक्ष नियुक्त किए हैं, जिनमें से 6 अन्य दलों से आए नेता हैं।
- इसके अलावा नई नियुक्तियों में भारी विसंगतियाँ हैं, जैसे 5 महासचिव नियुक्त किए गए हैं, इनमें से तीन लुधियाना से जुड़े हैं और अमृतसर, गुरदासपुर व होशियारपुर, जहाँ पार्टी का प्रभाव है, की अनदेखी की गई है।

आलोचना का केन्द्र भाजपा के संगठन महामंत्री मंत्री श्रीनिवासलु रहे, जो पंजाब में संगठन के प्रमुख नेता के रूप में उभरे हैं। राज्य इकाई के भीतर उन्हें पार्टी के वास्तविक संगठनात्मक संचालन का प्रमुख माना जाने लगा है। यही धारणा अब बढ़ते असंतोष और विद्रोह का कारण बन रही है।

कई महीनों से पंजाब भाजपा के पुराने नेता शिकायत कर रहे हैं कि अब पार्टी में निष्ठा का महत्व नहीं रह गया है। उनका कहना है कि जिन्होंने उस दौर में पार्टी को खड़ा किया, जब उसका प्रभाव मुख्यतः शहरी क्षेत्रों तक सीमित था, उन्हें अब दरकिनार किया जा रहा है। उनका आरोप है कि योग्यता और वर्षों की मेहनत की जगह अब राजनीतिक सुविधा ने ले ली है। उनका मानना है कि हर नई नियुक्ति में उन नेताओं को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कैबिनेट सचिव व गृह सचिव का सेवाकाल एक वर्ष बढ़ा

नई दिल्ली, 05 अगस्त। केन्द्र सरकार ने कैबिनेट सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन और गृह सचिव गोविंद मोहन की सेवा अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी है। यह जानकारी बुधवार को

- कैबिनेट सचिव सोमनाथन का रिटायरमेंट 30 अगस्त को तथा गृह सचिव गोविन्दर मोहन का 22 अगस्त को होना था।

जारी अलग-अलग आधिकारिक नोटिफिकेशनों में दी गई। जहां भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सोमनाथन का रिटायरमेंट 30 अगस्त को निर्धारित था, वहीं गोविंद मोहन का रिटायरमेंट 22 अगस्त को था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रिज़र्व बैंक ने नई क्रेडिट पॉलिसी में ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया

## रिज़र्व बैंक ने महंगाई पर नियंत्रण के बजाय भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ के पक्ष में फैसला किया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। आरबीआई गवर्नर ने तेजी से बढ़ती महंगाई को रोकने के बजाय, धीरे-धीरे बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था को सहारा देने का विकल्प चुना।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने आज अपनी नई ऋण नीति की घोषणा की और नीतिगत ब्याज दरों (पॉलिसी इंटरैस्ट रेट्स) में कोई बदलाव नहीं किया। नीतिगत ब्याज दरें कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सैन्ट्रल बैंक द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला बेहद महत्वपूर्ण साधन होती हैं।

पहली नज़र में यह फैसला कुछ अजीब लग सकता है, क्योंकि मौजूदा महंगाई दर आरबीआई के तय लक्ष्य से काफी ऊपर है। रिज़र्व बैंक ने अनुमान लगाया है कि आने वाले महीनों से लेकर अगले वित्त वर्ष की शुरुआत तक महंगाई लगभग 5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। इसके मुकाबले, आरबीआई का महंगाई लक्ष्य 4 प्रतिशत है।

महंगाई को टारगेट लैवल तक लाने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने के बजाय, आरबीआई ने उन्हें यथावत रखने का फैसला इसलिए किया है, क्योंकि उसके विश्लेषण के अनुसार, यह महंगाई सीमित क्षेत्रों तक ही है और पूरे बाजार में व्यापक स्तर पर कीमतें बढ़ने का फिलहाल ज्यादा खतरा नहीं है।

महंगाई के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए आरबीआई ने कहा, "वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कंज्युमर प्राइस इण्डैक्स (सीपीआई) आधारित महंगाई 5.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दूसरी तिमाही में यह 4.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही में महंगाई 5.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें जोखिम बराबर रूप से संतुलित हैं।"

लेकिन आरबीआई ने बताया कि कोर महंगाई (जिसमें ईंधन और खाद्य पदार्थों की कीमतें शामिल नहीं हैं) अभी भी संतोषजनक स्तर पर है। यानी, फिलहाल महंगाई का मौजूदा दबाव मुख्य रूप से केवल दो क्षेत्रों, ईंधन और खाद्य पदार्थों, से आ रहा है। इनमें भी ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण पैदा हुई अस्थिरता है।

आरबीआई का मानना है कि युद्ध

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- अभी महंगाई 5 प्रतिशत है, जबकि आरबीआई का लक्ष्य 4 प्रतिशत का था, आरबीआई व विशेषज्ञों के अनुसार, महंगाई 5 प्रतिशत होने में जयादा जोखिम नहीं है।
- प्राइवेट खपत में अपनी मर्ज़ी से किए जाने वाले खर्च की वजह से अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी रही और सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किए जाने वाले खर्च से भी निवेश गतिविधियों में स्थिरता है।
- वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में वाहनों की खुदरा बिक्री 14.5 प्रतिशत बढ़ी। दुपहिया वाहनों व ट्रैक्टर की खुदरा बिक्री भी क्रमशः 15.1 प्रतिशत और 21.4 प्रतिशत रही।
- स्टील की खपत 8.3 प्रतिशत बढ़ी और सीमेंट उत्पादन में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- निर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा, सर्विस सैक्टर ने भी अपनी गति कायम रखी, मजबूत घरेलू मांग के कारण।

# सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या का विधेयक राज्यसभा में पारित

नई दिल्ली, 05 अगस्त। संसद के उच्च सदन राज्यसभा ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। इसके साथ ही देश के सर्वोच्च

- अब सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़कर 38 हो जायेगी।

न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह विधेयक लोकसभा से 3 अगस्त को पारित हो चुका है। अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून का रूप ले लेगा।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सुप्रीम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**संसार के दुःखियों में पहला दुःखी निर्धन है। उससे दुःखी वह है जिसे किसी का ऋण चुकाना हो। इन दोनों से अधिक दुःखी वह है, जो सदा रोगी रहता हो और सबसे दुःखी वह है, जिसकी पत्नी दुष्टा हो। –विदुरनीति**

# वागड़ में मक्का आधारित एथेनॉल प्लांट: ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत और आदिवासी किसानों की समृद्धि की कुंजी

भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दो सबसे बड़ी राष्ट्रीय प्राथमिकताएँ हैं–ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि। संयोग से इन दोनों राष्ट्रीय उद्देश्यों का समाधान दक्षिण राजस्थान के वागड़–मेवाड़ क्षेत्र की मक्का फसल में छिपा हुआ है। आज जब केंद्र सरकार पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (E-20) का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मक्का आधारित एथेनॉल उत्पादन को प्रोत्साहित कर रही है, तब राजस्थान का सबसे बड़ा मक्का उत्पादक क्षेत्र इस औद्योगिक क्रांति से अब भी अछूता है। यह केवल एक औद्योगिक अवसर का नुकसान नहीं, बल्कि हजारों आदिवासी किसानों के भविष्य के साथ अन्याय भी है।

राजस्थान में प्रतिवर्ष लगभग 15 से 20 लाख मीट्रिक टन मक्का का उत्पादन होता है। इसमें से लगभग 70 से 80 प्रतिशत उत्पादन अकेले मेवाड़–वागड़ क्षेत्र–बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद तथा भीलवाड़ा–से प्राप्त होता है। दूसरे शब्दों में, राज्य के कुल मक्का उत्पादन का लगभग 10 से 15 लाख मीट्रिक टन हिस्सा इसी क्षेत्र की देन है। इसलिए यदि किसी स्थान को राजस्थान का 'मक्का हब' या "Maize Bowl" कहा जा सकता है, तो वह निःस्संदेह वागड़–मेवाड़ क्षेत्र ही है। विडम्बना यह है कि जहाँ राज्य का अधिकांश मक्का पैदा होता है, वहीं आज तक एक भी बड़ा मक्का आधारित एथेनॉल प्लांट स्थापित नहीं किया गया है।

इसका सबसे बड़ा खामियाजा यहाँ के आदिवासी किसानों को भुगतना पड़ रहा है। सरकार ने वर्ष 2025–26 के लिए मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) 2,400 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, किन्तु स्थानीय किसानों को भंडारण, प्रसंस्करण उद्योगों और संगठित खरीद व्यवस्था के अभाव में बिचौलियों के हाथों अपनी उपज मात्र 1,400 से 1,600 प्रति क्विंटल पर बेचनी पड़ती है। अर्थात् प्रत्येक क्विंटल पर किसान को 800 से 1,000 तक का सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यही कारण है कि अधिक उत्पादन करने के बावजूद किसान समृद्ध नहीं हो पा रहा है। यदि वागड़ में एथेनॉल संयंत्र स्थापित हो जाए और किसान उत्पादक संगठनों (FPO) के माध्यम से सीधी खरीद की व्यवस्था हो, तो किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य या उससे अधिक मूल्य प्राप्त होगा। इससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ाने का राष्ट्रीय उद्देश्य भी साकार होगा।

वागड़ क्षेत्र में एथेनॉल प्लांट लगाने का सबसे बड़ा आधार केवल मक्का उत्पादन नहीं, बल्कि यहाँ उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का अनूठा संयोजन है। माही बजाज सागर परियोजना के कारण इस क्षेत्र में औद्योगिक उपयोग हेतु अपेक्षाकृत बेहतर जल उपलब्ध है। आधुनिक Zero Liquid Discharge तकनीक अपनाकर जल का अधिकांश भाग पुनः उपयोग किया जा सकता है, जिससे पर्यावरणीय प्रभाव भी न्यूनतम रहेगा। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों तथा गुजरात के औद्योगिक क्षेत्रों से निकटता उद्योग के लिए अतिरिक्त लाभ प्रदान करती है।

**आज आवश्यकता केवल दूरदृष्टि और राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। वागड़ में मक्का पहले से है, पानी है, किसान हैं, सड़कें हैं और सरकारी नीतियाँ भी उपलब्ध हैं। यदि इन सबको एक साझा विकास मॉडल में जोड़ा जाए तो आने वाले वर्षों में दक्षिण राजस्थान देश के प्रमुख जैव ईंधन केंद्र के रूप में उभर सकता है। समय आ गया है कि राजस्थान सरकार वागड़ क्षेत्र को केवल कृषि उत्पादन का क्षेत्र न माने, बल्कि उसे भारत की हरित ऊर्जा क्रांति का प्रवेश द्वार बनाने का साहसिक निर्णय ले। ऐसा निर्णय न केवल हजारों आदिवासी परिवारों की तकदीर बदलेगा, बल्कि "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प को भी नई शक्ति प्रदान करेगा।**

यदि बांसवाड़ा अथवा चित्तौड़गढ़ में 200 KLPD क्षमता का आधुनिक मक्का आधारित एथेनॉल प्लांट स्थापित किया जाए, तो प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख टन मक्का की आवश्यकता होगी। इससे हजारों किसानों की उपज का सुनिश्चित क्रय संभव होगा। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। परिवहन, गोदाम, पैकेजिंग, मशीन रखरखाव, प्रयोगशालाएँ, कृषि सेवाएँ और महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए भी नए अवसर पैदा होंगे। वागड़ से गुजरात की ओर होने वाला मौसमी पलायन भी काफी हद तक रुक सकेगा।

इस उद्योग का लाभ केवल एथेनॉल तक सीमित नहीं है। मक्का से एथेनॉल बनने के बाद जो DDGS (Distillers Dried Grains with Soluble) प्राप्त होता है, वह उच्च प्रोटीनयुक्त पशु आहार है। इससे डेयरी और पोल्ट्री उद्योग को भी नया आधार मिलेगा। अर्थात् एक ही उद्योग से कृषि, पशुपालन और ग्रामीण उद्यम–तीनों क्षेत्रों को समान रूप से लाभ होगा।

हालाँकि किसी भी औद्योगिक परियोजना की सफलता केवल निवेश पर निर्भर नहीं करती, बल्कि स्थानीय समाज के विश्वास पर भी आधारित होती है। हनुमानगढ़ के टिब्बी में 500 करोड़ का प्लांट रुक गया। कारण था "विकास बनाम पर्यावरण" का टकराव। टिब्बी क्षेत्र कृषि के लिए पूरी तरह भूजल पर निर्भर था और किसानों का तर्क था कि यह प्रोजेक्ट भारी मात्रा में पानी खींचेगा जिससे जलस्तर गिर जाएगा। उनकी यह आशंका पूरी तरह तर्कसंगत थी इसके विपरीत वागड़ क्षेत्र में अपेक्षाकृत बेहतर जल उपलब्धता होने के कारण ऐसी आशंकाएँ काफी कम हैं। फिर भी परियोजना स्थापित करते समय ग्राम सभाओं की सहमति, पर्यावरणीय पारदर्शिता, जल संरक्षण तथा स्थानीय किसान उत्पादक संगठनों (FPO) की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। यही सहभागी विकास का सही मॉडल होगा।

सौभाग्य से केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने जैव ईंधन उद्योग के लिए अनेक प्रोत्साहन उपलब्ध कराए हैं। ब्याज अनुदान, औद्योगिक भूमि पर रियायत, बिजली शुल्क में छूट तथा FPO को वित्तीय सहायता जैसी योजनाएँ पहले से मौजूद हैं। आवश्यकता केवल इन नीतियों को वागड़ क्षेत्र तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने की है।

राजस्थान सरकार यदि इस दिशा में गंभीर पहल करे तो पहले चरण में बांसवाड़ा अथवा चित्तौड़गढ़ में एथेनॉल निवेश सम्मेलन आयोजित कर देश की प्रमुख जैव ईंधन कंपनियों को आमंत्रित किया जा सकता है। इसके बाद RIICO द्वारा उपयुक्त औद्योगिक भूमि, जल, बिजली और सड़क जैसी आधारभूत सुविधाओं का विकास कर परियोजना को शीघ्र क्रियान्वित किया जा सकता है। साथ ही कृषि विभाग को किसानों और FPO को अनुबंध खेती तथा गुणवत्ता आधारित उत्पादन का प्रशिक्षण देना चाहिए।


वागड़ क्षेत्र लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से अपेक्षाकृत पीछे रहा है। यहाँ के आदिवासी किसान कठिन परिस्थितियों में खेती करते हैं, फिर भी उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल उन्हें नहीं मिल पाता। यदि मक्का आधारित एथेनॉल उद्योग स्थापित होता है तो यह केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं होगी, बल्कि आदिवासी अंचल की आर्थिक संरचना को बदलने वाला ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। इससे कृषि लाभकारी बनेगी, युवाओं को स्थानीय रोजगार मिलेगा, राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी और भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी।

आज आवश्यकता केवल दूरदृष्टि और राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। वागड़ में मक्का पहले से है, पानी है, किसान हैं, सड़कें हैं और सरकारी नीतियाँ भी उपलब्ध हैं। यदि इन सबको एक साझा विकास मॉडल में जोड़ा जाए तो आने वाले वर्षों में दक्षिण राजस्थान देश के प्रमुख जैव ईंधन केंद्र के रूप में उभर सकता है।

समय आ गया है कि राजस्थान सरकार वागड़ क्षेत्र को केवल कृषि उत्पादन का क्षेत्र न माने, बल्कि उसे भारत की हरित ऊर्जा क्रांति का प्रवेश द्वार बनाने का साहसिक निर्णय ले। ऐसा निर्णय न केवल हजारों आदिवासी परिवारों की तकदीर बदलेगा, बल्कि "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प को भी नई शक्ति प्रदान करेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रोफेसर ( डा. ) पी. सी. कंठालिया,**
**विभागाध्यक्ष ( मृदा विज्ञानं ) एवं मुख्य वैज्ञानिक**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर**

# जनजातीय विकास का नया अध्याय: संवेदनशील नेतृत्व से समावेशी राजस्थान की ओर



बाबूलाल खराड़ी

लोकतांत्रिक सरकार की सफलता का वास्तविक आकलन इस बात से होता है कि विकास की धारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक कितनी प्रभावी ढंग से पहुँचती है। राज्य के सबसे वंचित, दूरस्थ और सामाजिक–आर्थिक दृष्टि से पिछड़े समुदायों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन को सुशासन का सबसे सशक्त प्रमाण माना जाता है। राजस्थान में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनजातीय क्षेत्रों के विकास को विशेष प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग की हालिया उपलब्धियाँ यह स्पष्ट करती हैं कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कौशल विकास, कृषि, संस्कृति, खेल, आजीविका और आधारभूत सुविधाओं को एकीकृत दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ा रही है। इसका उद्देश्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक सहभागी बनाना है। शिक्षा किसी भी समाज के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला होती है। इसी दृष्टि से जनजातीय छात्र–छात्राओं के लिए छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में मिलने वाले मेस भत्ते में लगातार वृद्धि की गई है। वर्ष 2024–25 में 2,500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 3,000 रुपये तथा वर्ष 2025–26 में इसे बढ़ाकर 3,250 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। वहीं खेल अकादमियों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मेस भत्ता 2,600 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। यह निर्णय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जनजातीय क्षेत्रों में शैक्षणिक आधारभूत ढांचे का भी तेजी से विस्तार किया गया है। अनेक नए आश्रम छात्रावास, आवासीय विद्यालय तथा एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों की क्षमता बढ़ाई है। वर्तमान में विभाग द्वारा 451 आश्रम छात्रावास, 57 आवासीय विद्यालय तथा अनेक ईएमआरएस संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 46 हजार विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए जनजातीय बालिकाओं को निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराना भविष्य की नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला कदम है।

महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहलें की गई हैं। मां–बाड़ी केन्द्रों में कार्यरत शिक्षाकर्मियों, महिला सहयोगिनियों तथा स्वच्छता कर्मियों के मानदेय में लगातार दो वर्षों तक 10–10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वर्तमान में 3,276 मां–बाड़ी एवं डे–केयर केन्द्र संचालित हैं, जिनमें 86 हजार से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। पोषण सुधार के लिए श्रीअन्न आधारित भोजन तथा स्थानीय भाषाओं में प्राइमर विकसित करने जैसी पहलें जनजातीय समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप नीति निर्माण का उदाहरण हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी सरकार ने जनजातीय अंचलों तक सेवाएं पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। क्षेत्र में 4,538 स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सिकल सेल रोग के निदान एवं जागरूकता के लिए उदयपुर में सेंटर ऑफ कम्पीटेंस स्थापित किया जा रहा है। देश का पहला जनजातीय समुदाय को समर्पित टेलीमेडिसिन केन्द्र भी जनजातीय क्षेत्रों में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की नई उम्मीद लेकर आया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत बारां जिले के सहरिया क्षेत्र में 18 मल्टी–पर्पज केन्द्रों का निर्माण प्रारम्भ किया गया है, जिनमें अधिकांश का निर्माण पूरा हो चुका है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवाओं का नया आधार विकसित होगा।

सरकार ने सामाजिक विकास और आर्थिक सशक्तीकरण पर समान रूप से ध्यान दिया है। नौ जिलों में 556 वनधन विकास केन्द्रों के माध्यम से लगभग 161 लाख महिला सदस्यों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उदयपुर और बांसवाड़ा में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें आंवला, शहद, महुआ और इमली जैसे वनोपजों का प्रसंस्करण एवं विपणन होगा। इसके अतिरिक्त छह ट्राइबल मल्टी–पर्पज मार्केटिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इनसे जनजातीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त होगा। कृषि क्षेत्र में भी जनजातीय किसानों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। लाखों किसानों को निःशुल्क संकर मक्का तथा हाइब्रिड सब्जी बीज उपलब्ध कराए गए हैं। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ाने के साथ–साथ किसानों की आय में वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। कृषि को आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाने की यह नीति दीर्घकालीन प्रभाव छोड़ने वाली सिद्ध हो सकती है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान को भी विकास के एजेंडे का हिस्सा बनाया है। साँझ माटी आदि धरोहर प्रलेखन योजना के माध्यम से जनजातीय लोककला, चित्रकला, वाद्ययंत्र, नृत्य, गायन तथा ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और दस्तावेजीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालयों के साथ समझौते किए गए हैं, जिससे परंपरागत ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके। वनाधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 18 जिलों में वनाधिकार प्रकोष्ठों के गठन की स्वीकृति भी एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहल है। इससे लंबे समय से लंबित वनाधिकार संबंधी मामलों के शीघ्र समाधान की उम्मीद बढ़ी है।

जनजातीय गौरव को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर व्यापक जनजातीय गौरव पखवाड़ा आयोजित किया गया। पूरे प्रदेश में हजारों कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज की ऐतिहासिक भूमिका और सांस्कृतिक योगदान को सम्मान दिया गया। इसी प्रकार जन भागीदारी अभियान–सबसे दूर, सबसे पहले के अंतर्गत हजारों गाँवों में आयोजित सैचुरेशन शिविरों से लगभग 23 लाख लोग लाभान्वित हुए। यह प्रशासन को जनजातीय समाज के द्वार तक ले जाने का सशक्त प्रयास है।

खेलों में भी जनजातीय प्रतिभाएं राजस्थान का गौरव बढ़ा रही हैं। एशियन लैक्रोस प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक से लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन तक, राज्य की जनजातीय बालक–बालिकाएं यह सिद्ध कर रहे हैं कि अवसर मिलने पर प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती। सरकार द्वारा खेल आधारभूत ढांचे और प्रशिक्षण पर दिया जा रहा विशेष बल इसी दिशा में महत्वपूर्ण निवेश है। विकास का मूल्यांकन घोषणाओं के धरातल पर दिखाई देने वाले प्रभाव से होता है। जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, संस्कृति और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में हो रहे व्यापक कार्यों से यह स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार समावेशी विकास की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रही है।

**–बाबूलाल खराड़ी, जनजाति क्षेत्र विकास मंत्री।**

# SEBI की क्लोजिंग ऑक्शन व्यवस्था: एक ऐसा सुधार जिसे अधिक ट्रांसपेरेंसी और मजबूत सुरक्षा उपायों की जरूरत है



रोटेरियन सुनील दत्त गोयल

3 अगस्त 2026 से भारतीय शेयर मार्केट में एक बड़ा बदलाव लागू हुआ। SEBI ves NSE और BSE के एफ एंड ओ शेयरों के लिए क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (Closing Auction Session - CAS) शुरू किया। इस सुधार का उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट था – शेयरों की क्लोजिंग प्राइस को अधिक निष्पक्ष तरीके से तय करना, दिन के अंत में संभावित प्राइस मैनिपुलेशन को रोकना और भारतीय पूंजी बाजार को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना।

इस सुधार की मंशा निश्चित रूप से सराहनीय है। बेहतर प्राइस डिस्कवरी और मजबूत मार्केट इंटीग्रिटी हर निवेशक के हित में है। लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के पहले ही दो कारोबारी दिनों में जो घटनाक्रम सामने आए, उन्होंने कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए हैं। बाजार बंद होने के अंतिम मिनटों में कुछ शेयरों में असामान्य उतार–चढ़ाव देखने को मिला। इससे यह संकेत मिला कि सुधार का उद्देश्य भले सही हो, लेकिन इसकी वर्तमान व्यवस्था को और अधिक सावधानी से परखने की आवश्यकता है।

हर बड़ा मार्केट सुधार शुरुआती दौर में चुनौतियों से गुजरता है। लेकिन जब किसी व्यवस्था का सीधा असर ऑफिशियल क्लोजिंग प्राइस पर पड़ता हो – जो सेटलमेंट, पोर्टफोलियो वैल्यूएशन, रिस्क मैनेजमेंट और डेरिवेटिव्स सेटलमेंट का सबसे महत्वपूर्ण आधार होती है – तब यह बेहद जरूरी हो जाता है कि इस पूरी प्रक्रिया पर सभी मार्केट पार्टिसिपेंट्स का भरोसा बना रहे। खुदरा निवेशकों और ट्रेडर्स की चिंताओं को बदलाव का विरोध मानने के बजाय, नियामकों को इन्हें सकारात्मक सुझाव के रूप में देखना चाहिए। आखिरकार, किसी भी पूंजी बाजार की सबसे बड़ी ताकत निवेशकों का विश्वास ही होता है।

नई व्यवस्था से सामने आए प्रमुख जोखिम

1. क्लोजिंग प्राइस में अचानक बदलाव

कंटीन्यूअस ट्रेडिंग की लास्ट ट्रेडेड प्राइस और ऑक्शन के बाद तय हुई ऑफिशियल क्लोजिंग प्राइस में बड़ा अंतर आ सकता है। इसका सीधा असर पड़ता है – मार्क–टू–मार्केट प्रॉफिट–लॉस, पोर्टफोलियो वैल्यूएशन, डेरिवेटिव्स सेटलमेंट, ओवरनाइट पोजीशन, अगले दिन की ट्रेडिंग रणनीति

यदि क्लोजिंग प्राइस लगातार ट्रेड हो रही मार्केट प्राइस से काफी अलग हो, तो उसकी प्रतिनिधिकता (ींजिर्हूैगनहो) पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

2. ओवरनाइट रिस्क बढ़ना

लाखों ट्रेडर्स फ्यूचर्स और ऑप्शंस की पोजीशन रातभर होल्ड करते हैं। यदि ऑक्शन के कारण क्लोजिंग प्राइस बदल जाती है, तो अगले दिन नए रेफरेंस प्राइस के साथ ट्रेडिंग शुरू होती है। इससे अतिरिक्त मार्जिन, अधिक अनिश्चितता और ओवरनाइट रिस्क बढ़ सकता है।

3. शुरुआती चरण में कम लिक्विडिटी –क्लोजिंग ऑक्शन तभी प्रभावी होती है जब पर्याप्त लिक्विडिटी और व्यापक भागीदारी हो। यदि शुरुआती चरण में भागीदारी सीमित रहती है, तो मामूली बाय–सेल इम्बैलेंस भी कीमतों में असामान्य बदलाव ला सकता है। इससे प्राइस डिस्कवरी की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है।

4. इंस्टीट्यूशनल एडवांटेज– बड़े इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के पास – एडवांस्ड ट्रेडिंग एल्गोरिदम, क्वांटिटेटिव मॉडल, डेडिकेटेड डीलिंग डेस्क, उच्च पूंजी, बेहतर रिस्क मैनेजमेंट सिस्टम उपलब्ध होते हैं। इसके विपरीत अधिकांश रिटेल इन्वेस्टर्स के पास न रियल–टाइम ऑक्शन एनालिटिक्स होती है और न ही ऑक्शन ऑर्डर डायनेमिक्स की पर्याप्त जानकारी। यह टेक्नोलॉजी और सूचना की असमानता पैदा करती है।

5. – क्लोजिंग प्राइस में अंतर

यदि दोनों एक्सचेंजों पर क्लोजिंग ऑक्शन के परिणाम अलग–अलग आते हैं, तो इससे – आर्बिट्राज के अवसर, ऊंइ और इंडेक्स फंड में ट्रैकिंग एरर, वैल्यूएशन में अंतर, हेजिंग की जटिलताएँ, निवेशकों में भ्रम, पैसिव फंड्स की अतिरिक्त लागत जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

6. फ्यूचर्स और ऑप्शंस पर प्रभाव

क्लोजिंग प्राइस का उपयोग – ऑप्शन सेटलमेंट, फ्यूचर्स मार्क–टू–मार्केट, पोर्टफोलियो मार्जिनिंग, इंस्टीट्यूशनल एनएवी, रिस्क मॉडल, पैसिव फंड रीबैलेंसिंग में होता है। इसलिए ऑक्शन आधारित प्राइस मूवमेंट का प्रभाव पूरे डेरिवेटिव्स मार्केट तक पहुँच सकता है, विशेषकर वीकली और मंथली एक्सपायरी के दिनों में।

7. ट्रांसपेरेंसी की कमी

अधिकांश रिटेल इन्वेस्टर्स आज भी नहीं जानते – ऑक्शन प्राइस कैसे तय होती है?, बाय–सेल इम्बैलेंस का कितना प्रभाव पड़ता है?, ऑक्शन में कौन भाग लेता है?, क्या पर्याप्त लिक्विडिटी उपलब्ध है? जब जानकारी सीमित होती है, तब अटकलें बढ़ती हैं और भरोसा घटता है।

8. रिटेल इन्वेस्टर्स का विश्वास

मार्केट वोलैटिलिटी स्वीकार की जा सकती है, लेकिन प्रक्रिया पर अनिश्चितता नहीं। यदि निवेशकों को लगे कि दिन की सबसे महत्वपूर्ण प्राइस ऐसी व्यवस्था से तय हो रही है जिसे वे न समझते हैं और न उसमें प्रभावी भागीदारी कर सकते हैं, तो धीरे–धीरे उनका विश्वास कमजोर पड़ सकता है।

अब जरूरत है अधिक ट्रांसपेरेंसी की

इस अचानक किये गए बदलाव में एक अजीब सी मैनीपुलेशन या स्कैम की गंध आ रही है अतः नई व्यवस्था के शुरुआती कुछ महीनों को ऑब्जर्वेशन पीरियड माना जाना चाहिए।

SEBI, NSE और BSE को प्रत्येक ट्रेडिंग दिवस के बाद निम्नलिखित आंकड़े सार्वजनिक करने चाहिए – कुल ऑक्शन टर्नओवर, भाग लेने वाले ट्रेडिंग मेंबर्स की संख्या, उनके द्वारा किये गए सौदों की पूरी जानकारी जिसमें कंपनी का नाम और शेयर्स की संख्या की स्पष्ट जानकारी, बाय–सेल इम्बैलेंस, लास्ट ट्रेडेड प्राइस और क्लोजिंग प्राइस का अंतर, ऍ–ऍ क्लोजिंग प्राइस तुलना, असामान्य ऑक्शन एडजस्टमेंट वाले शेयर, कुल ट्रेडिंग वॉल्यूम में ऑक्शन की हिस्सेदारी, ऐसे मामले जहाँ ऑक्शन प्राइस कंटीन्यूअस मार्केट प्राइस से काफी अलग रही। अधिक ट्रांसपेरेंसी से वास्तविक प्राइस डिस्कवरी और लिक्विडिटी आधारित अस्थायी बदलावों के बीच अंतर स्पष्ट होगा।

आवश्यक सुरक्षा उपाय

स्वतंत्र समीक्षा समिति

SEBI को एक्सचेंजों, ब्रोकर्स, इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स, रिटेल इन्वेस्टर संगठनों, शिक्षाविदों और मार्केट विशेषज्ञों की एक स्वतंत्र समिति जिसमें ऐसे लोग जो 3– 4 दशकों का अनुभव रखते हैं तथा पूर्णतः निष्पक्ष यानि पिछले लगभग एक दशक से शेयर बाजार से सम्बंधित किसी भी संस्था से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा ना हो, गठित करनी चाहिए, जो पहले छह महीनों की समीक्षा कर सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करे।

छह महीने बाद औपचारिक समीक्षा

SEBI को पहले से घोषित करना चाहिए कि छह महीने बाद निम्न आधारों पर व्यवस्था की समीक्षा होगी – ऑक्शन लिक्विडिटी, प्राइस एफिशिएंसी, वोलैटिलिटी, सर्विलांस निष्कर्ष, इन्वेस्टर फीडबैक

न्यूनतम लिक्विडिटी मानक

यदि किसी शेयर में ऑक्शन भागीदारी पूर्व निर्धारित सीमा से कम हो, तो हाइब्रिड प्राइस डिस्कवरी या अतिरिक्त सुरक्षा उपायों पर विचार किया जाना चाहिए।

स्मॉल इन्वेस्टर्स / रिटेल भागीदारी बढ़ाना

एक्सचेंजों को – जागरूकता अभियान, सरल ऑर्डर प्लेसमेंट, रियल–टाइम एजुकेशनल सामग्री के माध्यम से रिटेल भागीदारी बढ़ानी चाहिए। इन्वेस्टर एजुकेशन

निवेशकों को स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए – क्लोजिंग ऑक्शन कैसे काम करती है। ऑफिशियल क्लोजिंग प्राइस कैसे तय होती है। ओवरनाइट पोजीशन के जोखिम क्या हैं। ऑक्शन ऑर्डर कैसे लगाए जाते हैं। कंटीन्यूअस ट्रेडिंग और ऑक्शन ट्रेडिंग में क्या अंतर है।

मजबूत सर्विलांस

SEBI को विशेष निगरानी रखनी चाहिए – असामान्य ऑक्शन ऑर्डर्स, प्रतिभागियों का अत्यधिक संकेंद्रण, बार–बार होने वाला प्राइस डिस्टॉर्शन, क्लोजिंग प्राइस को प्रभावित करने वाली क्रॉस–मार्केट गतिविधियाँ, कंटीन्यूअस मार्केट और ऑक्शन प्राइस के बीच लगातार बड़ा अंतर

समय–समय पर अनाम (Anonymised) सर्विलांस रिपोर्ट सार्वजनिक करना भी उपयोगी होगा।

नियमित सार्वजनिक रिपोर्ट

प्रत्येक तिमाही रिपोर्ट में शामिल होना चाहिए – ऑक्शन एफिशिएंसी, लिक्विडिटी ग्रोथ, प्राइस क्वालिटी, रिटेल पार्टिसिपेशन, – कन्वर्जेंस, सर्विलांस निष्कर्ष, अंतरराष्ट्रीय तुलना, आवश्यक नियामकीय सुधार

सुधार तथ्यों के आधार पर होना चाहिए

किसी भी मार्केट सुधार का मूल्यांकन भावनाओं से नहीं, बल्कि आंकड़ों से होना चाहिए। यदि समय के साथ यह व्यवस्था बेहतर प्राइस डिस्कवरी, मजबूत मार्केट इंटीग्रिटी और निवेशक सुरक्षा साबित करती है, तो इसका स्वागत होना चाहिए। लेकिन यदि लगातार वोलैटिलिटी, प्राइस डिस्टॉर्शन, घटता रिटेल विश्वास या अन्य अनपेक्षित प्रभाव सामने आते हैं, तो को आवश्यक संशोधन करने में संकोच नहीं करना चाहिए। मजबूत नियामक वही होता है जो अनुभव और तथ्यों के आधार पर अपनी नीतियों को लगातार बेहतर बनाता रहे।

निष्कर्ष---भारतीय पूंजी बाजार ने तकनीक, ट्रांसपेरेंसी और मजबूत रेगुलेशन के कारण वैश्विक पहचान बनाई है। क्लोजिंग ऑक्शन सेशन भी भविष्य में एक महत्वपूर्ण सुधार साबित हो सकता है। लेकिन इसकी सफलता केवल लागू होने से नहीं, बल्कि सभी मार्केट पार्टिसिपेंट्स के विश्वास से तय होगी। रिटेल इन्वेस्टर्स आधुनिकीकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं। वे केवल यह चाहते हैं कि भारत की ऑफिशियल क्लोजिंग प्राइस तकनीकी रूप से सही होने के साथ–साथ निष्पक्ष, पारदर्शी, वास्तविक मार्केट कंसेंसस पर आधारित और सभी निवेशकों के लिए भरोसेमंद भी हो।

SEBI के पास यह विश्वास और मजबूत करने का अवसर है। अधिक ट्रांसपेरेंसी, विस्तृत डेटा, सभी हितधारकों से संवाद और स्वतंत्र पोस्ट–इम्प्लीमेंटेशन समीक्षा इस सुधार को अधिक विश्वसनीय और टिकाऊ बना सकती है। किसी भी मार्केट सुधार की असली सफलता उसके लागू होने में नहीं, बल्कि हर निवेशक का स्थायी विश्वास जीतने में होती है।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,**
**पूर्व उपाध्यक्ष, जयपुर स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 6 अगस्त, 2026**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2083, भरणी नक्षत्र रात्रि 8:19 तक, गंड योग दिन 3:01 तक, बालव करण प्रातः 7:48 तक, चन्द्रमा रात्रि 1:53 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–मेष, मंगल–मिथुन, बुध–कर्क, गुरू–कर्क, शुक्र–कन्या, शनि–मीन राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज यमघट योग रात्रि 8:19 से सूर्योदय तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:36 तक, चर 10:51 से 12:33 तक, लाभ–अमृत 12:33 से 3:50 तक, शुभ 5:29 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:57, सूर्यास्त 7:08

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

**वृष**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**कन्या**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आज विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर**
घर–परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य योजना बनेगी। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार होगा।

# महेश जोशी समेत आधा दर्जन आरोपियों की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

## जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े एसीबी केस में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं आरोपी

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट में जल जीवन मिशन घोटाले से जुडे एसीबी केस में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे तत्कालीन जलदाय मंत्री महेश जोशी और पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल सहित आधा दर्जन से अधिक आरोपियों संजय बडाया, महेंद्र प्रकाश सोनी, कृष्णदीप गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार और मुकेश पाठक की जमानत याचिकाओं पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है। इसके साथ ही अदालत में मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस चन्द्र प्रकाश श्रीमाली ने यह आदेश आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

जमानत याचिका में महेश जोशी की ओर से अधिवक्ता स्नेहदीप ने कहा कि मामले में एफआईआर दर्ज होने के करीब डेढ साल बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। वहीं अप्रैल, 20525 से दिसंबर, 2025 तक ईडी से जुड़े मामले में अभिरक्षा में रहने के दौरान एसीबी ने उसे अभिरक्षा में लेने का प्रयास नहीं किया गया। वह संबंधित टेंडर में बिड एवेल्यूशन कमेटी व वित्त समिति का सदस्य भी नहीं था। टेंडर से जुड़ा सारा काम प्रशासनिक अधिकारियों ने किया था। ऐसे में उसे जमानत दी जाए। वहीं विभाग के तत्कालीन एसई महेन्द्र प्रकाश सोनी की ओर से अधिवक्ता सुधीर जैन ने कहा कि मामले में समान तथ्यों के आधार पर एक से अधिक एफआईआर दर्ज हुई है। इसके अलावा ठेका फर्म के संचालकों को पूर्व में राहत दी गई है। एसीबी ने मामले में आरोप पत्र भी पेश कर दिया है। जिसकी सुनवाई पूरी होने में लंबा समय लगेगा। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि तत्कालीन मंत्री होने के नाते आरोपी विभाग का मुखिया था और अन्य आरोपियों से मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ऊंची दरों पर टेंडर जारी किए गए। ऐसे में आरोपियों को जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## राजस्थान में 1 करोड़ हेक्टेयर फसली क्षेत्र का बीमा हुआ

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में सबसे ज्यादा 1 करोड़ हेक्टेयर फसली क्षेत्र का बीमा "प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना" के तहत हुआ है। इसके माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसम के कारण फसल को हुए नुकसान की स्थिति में लाखों किसानों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी। राजस्थान में देश में सबसे अधिक लगभग 62 लाख 58 हजार किसानों को योजना में नामांकित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में राज्य के लगभग 2 करोड़ 82 लाख हेक्टेयर सकल फसली क्षेत्र में 1 करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को योजना के अंतर्गत बीमित किया गया है, जो देश में सर्वाधिक है। राज्य के कुल फसली क्षेत्र में बीमित क्षेत्र 36 प्रतिशत है, जो देश के औसत 32 प्रतिशत से बेहतर है। यह प्रतिशत झारखंड और छत्तीसगढ़ के बाद सबसे अधिक है।

# विधानसभा प्रश्नकाल के लिए सरकार की नई रणनीति

## मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सौंपी विभागवार जिम्मेदारी

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा के आगामी सत्रों को लेकर मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए अपने अधीन आने वाले विभिन्न विभागों के विधानसभा प्रश्नों एवं संसदीय कार्यों का दायित्व मंत्रियों के बीच विभाजित कर दिया है। इस फैसले का उद्देश्य प्रश्नकाल के दौरान विभागीय जवाबदेही को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाना है।

जारी आदेश के अनुसार उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को आयोजना विभाग, आयोजना (जनशक्ति) तथा सांख्यिकी विभाग से जुड़े विधानसभा प्रश्नों और संसदीय कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह को खान एवं पेट्रोलियम, मत्स्य, राजकीय उपक्रम, अप्रवासी भारतीय, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता, इंदिरा गांधी नहर, आबकारी तथा कारागार विभागों से संबंधित प्रश्नों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री के अधीन यदि कोई अन्य विभाग रहेगा तो उससे जुड़े प्रश्नों का उत्तरदायित्व भी गजेन्द्र सिंह के पास रहेगा।

संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल को कार्मिक, नीति निर्धारण प्रकोष्ठ, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, सामान्य प्रशासन, सम्पदा, निर्वाचन, मंत्रिमंडल सचिवालय, राजस्थान स्टेट मोटर गैराज, मुद्रण एवं लेखन सामग्री तथा भाषा एवं पुस्तकालय विभाग आवंटित किए गए हैं। इसी प्रकार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा को सूचना एवं जनसंपर्क, शांति एवं अहिंसा, कृषि विपणन, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ, श्रम तथा कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण विभागों का दायित्व सौंपा गया है। वहीं राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को गृह विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) तथा जेल विभाग से जुड़े विधानसभा प्रश्नों और संसदीय कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। सरकार का यह निर्णय विधानसभा के आगामी सत्र में प्रश्नकाल को अधिक प्रभावी, समयबद्ध और जवाबदेह बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# पतंजलि योगपीठ में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस

**हरिद्वार** । पतंजलि योगपीठ में आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने आयुर्वेद को साक्ष्य आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जन्मदिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि श्रेष्ठ कार्यों का संकल्प लेने का दिन है। कार्यक्रम में साक्ष्य आधारित 12 नई आयुर्वेदिक औषधियों और आचार्य बालकृष्ण द्वारा रचित 40 पुस्तकों का विमोचन किया गया।




स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण सहित करीब 710 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं, पतंजलि इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर अस्पताल की ओर से करीब 1,500 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई और औषधियां वितरित की गईं। कार्यक्रम में जड़ी-बूटियों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नीम, तुलसी, एलोवेरा और आंवला सहित औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

## 4 दिन में 100 ई-रिक्शा का पंजीयन नहीं हो सका

**जयपुर**। राजधानी में परकोटे, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करने के लिए शुरू की गई ई-रिक्शा की जोनवार पंजीयन व्यवस्था को अपेक्षित गति नहीं मिल रही है।

एक अगस्त से शुरू हुई पंजीयन प्रक्रिया के चार दिन बाद भी 100 का आंकड़ा नहीं छू सकी है। अब तक करीब 300 से अधिक लोगों ने जानकारी ली है, लेकिन केवल करीब 50 ई-रिक्शा का ही पंजीयन हो पाया है।

इस स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस ने डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय (यादगार) में ई-मित्र सुविधा केंद्र शुरू किया है, जहां ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन माध्यम से भी पंजीयन कराया जा रहा है।

# विधानसभा के षष्ठम सत्र से पहले देवनानी ने 18 अगस्त को बुलाई सर्वदलीय बैठक

## 20 अगस्त से शुरू होगा विधानसभा का मानसूत्र सत्र, इससे पूर्व सभी पक्षों से होगी चर्चा

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर** । राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के षष्ठम सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक 18 अगस्त को प्रातः 11 बजे विधानसभा में बुलाई है। उल्लेखनीय है कि सोलहवीं विधान सभा का षष्ठम सत्र 20 अगस्त से आरम्भ हो रहा है। सोलहवीं राजस्थान के स्पीकर वासुदेव देवनानी की यह पहल राजस्थान विधान सभा में ऐतिहासिक है। देवनानी राजस्थान के पहले स्पीकर है, जिन्होंने सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई है। देवनानी ने कहा कि सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा को बनाए रखना सभी दलों के विधायकों की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। सदन को शांतिपूर्ण चलाने में सर्वदलीय बैठक अहम कदम है।

देवनानी ने बताया है कि बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, मुख्य सचेतक प्रतिपक्ष रफीक खान, विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, मनोज कुमार, थावर चन्द को आमन्त्रित किया गया है। इसके लिए विधान सभा सचिवालय से सभी को पत्र भेजे गये हैं।

देवनानी ने कहा कि सर्वदलीय बैठक लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम है। इससे सदन की कार्यवाही में सभी दों की सहभागिता सुनिश्चित होती है और जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा का मार्ग प्रशस्त होता है। देवनानी ने कहा कि सर्वदलीय बैठक, विधान सभा सत्र शांतिपूर्ण चलने पर सभी दलों की सहमति का सार्थक एवं महत्वपूर्ण कदम है।

देवनानी की अध्यक्षता में सोलहवीं राजस्थान विधान सभा में यह सातवीं सर्वदलीय बैठक होगी। इससे पहले छः बैठके हो चुकी है। देवनानी ने कहा कि सर्वदलीय बैठकों की परंपरा लोकतांत्रिक संवाद और संसदीय समन्वय को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम रही है। पूर्व में आयोजित बैठकों से सदन की कार्यवाही के संबंध में विभिन्न दलों के बीच बेहतर सामंजस्य विकसित हुआ। सर्वदलीय बैठक से सदन के प्रभावी संचालन, जनमहत्व के विषयों पर सार्थक चर्चा तथा संसदीय परंपराओं एवं सदन की गरिमा के अनुरूप कार्यवाही संचालित करने में सकारात्मक वातावरण बना। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठकों से आपसी संवाद, विश्वास और सहयोग की भावना को बल मिलता है, जिससे विधानसभा जनअपेक्षाओं के अनुरूप अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और परिणामोन्मुख भूमिका निभाने में सक्षम होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी सर्वदलीय बैठक भी षष्ठम सत्र को अधिक सुव्यवस्थित, गरिमापूर्ण और जनहित के प्रति समर्पित बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के जीवन पर पुस्तक का विमोचन

**जयपुर**। पांच राज्यों के राज्यपाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे सत्यपाल मलिक की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार 5 अगस्त को कॉस्टीट्यूशनल क्लब राजस्थान विधानसभा में प्रोफेसर डॉक्टर इकबाल कौर मलिक के द्वारा लिखित पुस्तक डियर सतपाल का विमोचन, हरिराम किंवाड़ा द्वारा बनाई गई सत्यपाल मलिक के जीवन दर्शन की डॉक्यूमेंट्री फिल्म "द ग्रेट मैन ऑफ इंडिया" का प्रसारण के साथ राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। पुस्तक की समीक्षा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग की सदस्य अंकलेश जाखड़ ने की।

प्रधानमंत्री राष्ट्रपति शील्ड अवार्डी शिक्षाविद् डॉ. गणेश नारायण गुरुजी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, गंगापुर से विधायक रामकेश मीणा, आदर्श नगर विधायक रफीक खान, लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला, राजस्थान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह, मुंडावर से विधायक ललित यादव, नोहर विधायक अमित चाचान, राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे जस्साराम चौधरी मौजूद थे।

# जनजातीय अंचलों में 37 लाख लोगों की स्क्रीनिंग

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय अंचलों में सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारी के नियंत्रण और रोकथाम के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। सरकार का फोकस केवल बीमारी की पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि स्क्रीनिंग से लेकर समयबद्ध उपचार, नियमित फॉलोअप, टीकाकरण, काउंसलिंग और जागरूकता तक एक समग्र स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र विकसित करने पर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कहना है कि राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 के अनुरूप राजस्थान सरकार का लक्ष्य सिकल सेल एनीमिया से लडने के लिए जनजातीय क्षेत्रों में मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र तैयार कर आने वाली पीढ़ियों को इस बीमारी के दुष्प्रभाव से बचाना है। प्रदेश में जनजातीय अंचलों की करीब 37.50 लाख आबादी की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस लक्ष्य के मुकाबले प्रदेश में 37.02 लाख लोगों की स्क्रीनिंग पूरी कर 98.72 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। जनजातीय बहुल क्षेत्रों में स्क्रीनिंग के इस व्यापक अभियान के तहत उदयपुर में 11.12 लाख, बांसवाड़ा में 10.39 लाख, डूंगरपुर में 8 लाख, प्रतापगढ़ में 4.26 लाख, सिरोही में 1.64 लाख, बारां में 90 हजार, पाली में 41 हजार, चित्तौडगढ़ व राजसमंद में 13-13 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई है।

उदयपुर के सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस की प्रभावशीलता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अब तक यहां 6160 ओपीडी और 306 आईपीडी सेवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं तथा 589 सिकल सेल रोगियों और 3000 सिकल सेल वाहकों की पहचान हुई है।

इस केंद्र द्वारा 32 हजार नवजात की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें 621 नवजात पॉजिटिव पाए गए। इसी प्रकार 8500 गर्भवती महिलाओं की एएनसी स्क्रीनिंग में 500 पॉजिटिव मामलों की पहचान की गई।

# पेड़ लगाने के बाद उनका संरक्षण भी करें : बागड़े

**जयपुर** । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को लोकभवन में ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गाँवों के प्रभावी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी और वीबी-जीरामजीके तहत राजस्थान में हुए कार्यों के प्रस्तुतीकरण को देखकर इनके तहत रही उपलब्धियों की विशेष रूप से सराहना की राज्यपाल ने गांवों में हस्तकलाओं, कौशल विकास से जुड़े कार्यों के प्रशिक्षण के लिए समुचित व्यवस्था किए जाने का भी आव्हान किया।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

राज्यपाल ने लखपति दीदी योजना, हर घर नल, सभी गांवों में शतप्रतिशत शौचालय के अंतर्गत हुए कार्यों की भी बैठक में विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने जीरामजी के अंतर्गत लोगों को काम देने और इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग किए जाने पर भी जोर दिया।

बागडे ने मानसून में अधिक से अधिक पौधारोपण किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाएं ही नहीं, यह भी सुनिश्चित करें कि वे लगने के बाद जिंदा रहे।

उन्होंने राजसमंद के पिपलांत्री गांव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह से वहां पौधे लगाए गए हैं और उनका संरक्षण किया गया है, उसी तरह दूसरे गांवों में भी वृक्षारोपण के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने गांवों में पीने के पानी की प्रभावी व्यवस्था करने पर भी जोर दिया।

## स्कूलों में नामांकन वृद्धि पर चर्चा

**जयपुर ( कासं )**। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में शैक्षिणक गुणवत्ता सुधार एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग एक्शन प्लान तैयार करने में जुटा है। स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने बुधवार को सभी जिला शिक्षा अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली। बैठक में मिशन पढ़ो राजस्थान, नामांकन वृद्धि, ड्रॉपआउट नियंत्रण, विद्यालय सुधार, सुरक्षा एवं मासिक रैंकिंग सहित विभिन्न विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रीड-ए-थॉन में लगभग 68 लाख लोगों की भागीदारी पर बधाई दी।

# अंगदान करने वाले 12 परिवारों और 10 ट्रांसप्लांट एथलीट्स का हुआ सम्मान

## देश के 5 लाख लोगों में से राजस्थान के 1.41 लाख से अधिक लोगों ने लिया अंगदान का संकल्प

**जयपुर ( कासं )**। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि अंगदान जीवनदान है, यह करूणा और सेवा का सच्चा उदाहरण है क्योंकि अंगदान का निर्णय अनेक परिवारों को नया जीवन व नई आशा देते हैं। एक व्यक्ति अंगदान से 8-9 लोगों को नया जीवन दे सकता है। खींवसर बुधवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज सभागार में राष्ट्रीय अंगदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

■ **समारोह में भीलवाड़ा और झुंझुनूं कलेक्टर को किया सम्मानित**

समारोह में उन्होंने अंगदान करने वाले 12 परिवारों, 10 ट्रांसप्लांट एथलीट्स को सम्मानित किया। साथ ही अंगदान संकल्प में राजस्थान में प्रथम स्थान पर रहे भीलवाड़ा कलेक्टर जसमीत सिंह, दूसरे स्थान पर रहे झुंझुनूं कलेक्टर अरूण गर्ग तथा तीसरे स्थान पर जयपुर को सम्मानित किया गया। समारोह में बीएसडी कमेटी में एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर, बेस्ट कैडेवरी ट्रांसप्लांट एम्स जोधपुर, बेस्ट एनटीओआरसी में जवाहर नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर, सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसियेशन डॉ मनीषा मलिक, बेस्ट ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर रामरतन खंगवाल, बेस्ट एनजीओ में एमएफजेसीएफ, बेस्ट इमरजिंग एनजीओ में द अर्थ तथा पोस्टर पुरस्कार में काजल शर्मा तथा स्लोगन में तन्मय को पुरस्कृत किया गया।चिकित्सा मंत्री ने कहा कि, आज देश में आधार सत्यापित अंगदान प्रतिज्ञाओं का आंकड़ा 5 लाख से अधिक हो चुका है। इनमें से राजस्थानवासियों का योगदान 1.41 लाख से अधिक है। आज अंग प्रत्यारोपण की कुल संख्या में भारत, अमेरिका और चीन के बाद विश्व में तीसरे स्थान पर है।




चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बुधवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज सभागार में अंगदान करने वाले 12 परिवारों और 10 ट्रांसप्लांट एथलीट्स को सम्मानित किया।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि अंगदान आसान नहीं है, यह बड़ा निर्णय होता है। यह जीवन बचाता है, नई जिंदगी देने से बड़ा कोई दान नहीं है। भारत सरकार ने 16वें भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर 3 अगस्त से वर्षभर चलने वाले 'जुग-जुग जियो अभियान' का शुभारम्भ किया है। इस अभियान का संदेश अत्यंत प्रेरणादायक है 'अंगदाता का जीवन उसके द्वारा दान किए गए अंगों एवं ऊतकों के माध्यम से सदैव जीवित रहता है।'

राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय डिजिटल ऑर्गन डोनेशन प्रतिज्ञा अभियान के दौरान राजस्थान ने पूरे देश में सर्वाधिक डिजिटल अंगदान प्रतिज्ञाएँ दर्ज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। केवल एक ही दिन में 9336 डिजिटल प्रतिज्ञाएँ तथा 69 हजार से अधिक डिजिटल प्रतिज्ञाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि राजस्थान का समाज जीवन बचाने के इस अभियान के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ आगे आया है।


MAHARAJ VINAYAK GLOBAL UNIVERSITY

JAIPUR DENTAL COLLEGE
Best Dental College in Northern India
Awarded by

Estd. under the Act No. 6 / 2012 of the Government of Rajasthan, Notification No. F.2(5) Vidhi/2/2012 dated 21/3/2012

Approved by UGC under Section 2(f) of UGC Act 1956

For Your Successful Career and Grooming We Offer

Give Wings to Your Dreams!

- A lush green beautiful Wi-Fi campus with Modern State of Art Infrastructure
- Transport facility from all corners of Jaipur City • 100 Beds Hospital
- English Communication • Separate Hostels for Boys & Girls
- Attractive Scholarship Scheme • Virtual Class Rooms • Digital Library
- Soft Skills Development Capsules for Students • Skilled Labs
- Personality Development • Basic Computer Knowledge • Expert Faculty

Since 25 years in Education Field

JAIPUR DENTAL COLLEGE HAS BEEN RATED 3 STAR in India's Top Private Dental Colleges
Published by: the pioneer - New Delhi, Thursday June 5th, 2014

ADMISSION OPEN FOR ACADEMIC SESSION: 2026-27

MVGUCET ENTRANCE TEST SESSION-2026 (EXCEPT FOR NEET, UG/PG)
All Programmes of UG & PG will be held on 22.08.2026, Last Date of Submission of admission form is 20.08.2026

ALL THE PROGRAMMES ARE APPROVED BY CONCERNED COUNCIL/ASSOCIATION

JAIPUR DENTAL COLLEGE - 9414058792, 9785100727
• Ph.D • MDS • BDS • Dip. in Dental Hygienist
• Dip. in Dental Mechanic • Dip. in Facial Aesthetics • Dip. in Hair Transplant
• Diploma in Immediate Loading Cortico Basal Implantology
★ Recognized by Dental Council of India/NDC, New Delhi

JAIPUR NURSING COLLEGE - 9785400333
• Ph.D • M.Sc Nursing • B.Sc Nursing • Post Basic B.Sc. Nursing
★ Recognized by Indian Nursing Council, New Delhi and Government of Rajasthan

JAIPUR PHYSIOTHERAPY COLLEGE - 9785400333
• Ph.D • MPT • BPT • Fellowship Programs
• Recognized by Department of Medical & Health, Government of Rajasthan

JAIPUR OCCUPATIONAL THERAPY COLLEGE - 9785400333
• Ph.D • MOT • BOT
• Recognized by Department of Medical & Health, Government of Rajasthan

JAIPUR INSTITUTE OF BIOTECHNOLOGY - 9785400231, 9785100727
• Ph.D • B.Sc • M.Sc

DEPARTMENT OF LIBRARY SCIENCE - 9785400231, 9785100727
• Ph.D • C.LIS • D.LIS • B.LIS • M.LIS

JAIPUR SCHOOL OF LAW - 9785400333
• Ph.D • BA LLB • LLB • LLM • Diploma in Labour & Criminal Law
★ Recognized by Bar Council of India

DEPARTMENT OF EDUCATION - 9785400231
• Ph.D • M.Ed. • B.Ed. • ITEP/B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed. • D.El. Ed.
• M.Ed. Admission 2026-27 batch ★Recognized by National Council for Teacher Education

OFFERED SPECIAL EDUCATION PROGRAMMES: - 9785400231
★ Recognized by Rehabilitation Council of India
• B.Ed. Spl. Edu. (VI) • M.Ed. Spl. Edu. (VI) • P.G.D.R.P.
• D.Ed. Spl. Edu. (IDD) • M.Ed. Spl. Ed. (ID) • D.Ed. Spl. Edu. (VI)
• Integrated B.Ed.-M.Ed. Spl. Ed. (ID)

JAIPUR SCHOOL OF MANAGEMENT - 9785400333
• Ph.D • BBA • MBA

JAIPUR SCHOOL OF PHARMACY (Recognized by PCI) - 9785400143, 9785400231
• Ph.D • D.Pharm. • B.Pharm. • M.Pharm. (Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacology) Subject to approval of PCI Six seats in each speciality
★ Recoganized by Pharmacy Council of India

JAIPUR COLLEGE OF ARTS, COMMERCE & SCIENCE - 9785400333
• Ph.D • BA • B.Sc. (Bio & Maths) • B.Com. • BSW • MA
• M.Sc. • M.Com. • MSW

MVGU HIGHLIGHTS :
- Awarded Best Dental College in North India by Prime Time Research Media Pvt. Ltd., India
- MoU's for Students Exchange & Collaboration with National & International Universities
- Alumni Students working in Central/Various State Govt., Corporate Hospitals in India & Abroad
- Well Equipped Smart/Virtual Classroom Facilities
- Tie-up for Internship with Multispecialty Hospitals, Law Firms, Corporate Sector in Jaipur & Outside State
- Well-equipped Labs for Practical Trainings
- Placement at National & International Level by Placement Assistance
- Highly Qualified and Dedicated Staff
- Research Grants/Funds for Research Project/Innovation
- Air conditioned Digital Library with National/International Books & Journals
- Air conditioned Moot Court Hall for National Level Moot Competition
- Extension Lectures by eminent Professor, Academicians & Professionals
- Organized Regular Seminar, Workshop, Symposium, Awareness/Value Added/Legal Literacy Camps
- Regular Visit at Industry/Court/Hospital/renowned Institute/Corporate
- Offered approved Education & Special Education Programme
- Internship Facilities for Students School Training.

Ph.D. Entrance Test Session-2026 (Contact : 9785400834)

Ph.D. in the Department of Dentistry, Economics, English, Education, Law, Commerce & Management, Nursing, Physiotherapy, Political Science, Public-Administration, Social Work & Sociology. Last date of Submission of application form is 06.08.2026. Entrance Examination will be held on 08.08.2026 (Saturday) & 22.08.2026 (Saturday) from 11.00 a.m. to 02.00 p.m. in the University Campus.
Note: Application form for admission can be downloaded from our website: www.mvgu.ac.in

REGISTERED OFFICE
M-80, Mahesh Colony, Near J. P. Underpass, Lal Kothi, Jaipur
0141-2590103/ 2590104

UNIVERSITY CAMPUS
Dhand, Amer, Jaipur-Delhi N. H. 11-C, Jaipur-302028 (Rajasthan)
Contact : 01426-284175, 284176, 284407
Email :registrar@mvgu.ac.in, info@mvgu.ac.in, website : www.mvgu.ac.in

ADMINISTRATIVE OFFICE
'DAKSH APARTMENT'
P. No. 36-37, Flat No. S1&2, Tagore Nagar
Ajmer Road, Opp. Regal Restaurant, Jaipur
0141-2352188, 2353964

REGISTRAR

# बीकानेर : डंपर में घुसी कार, पति-पत्नी और मां सहित चार की मौत

## सड़क हादसे में एयरबैग खुलने के बावजूद कार में बैठे लोगों की जान नहीं बच सकी

■ बर्थडे की पार्टी में शामिल होने जा रहा था परिवार, नेशनल हाईवे-62 पर हुआ हादसा

**बीकानेर,** (निसं)। यहां नेशनल हाईवे-62 (अबोहर-पिंडवाड़ा) पर डंपर के पिछले हिस्से में एक कार में घुस गई। हादसे में कार में बैठे पति-पत्नी, मां सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बीकानेर के लूणकरणसर कस्बे के विश्वकर्मा मार्केट के पास बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। आगे की सीट पर बैठे लोगों के शव फंस गए, जिन्हें लोगों ने मुश्किल से बाहर निकाला। एयरबैग खुलने के बावजूद कार में बैठे लोगों की जान नहीं बच सकी। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। फरार डंपर ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों गाड़ियों के बीच टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। पुलिस के अनुसार श्रीकरणपुर श्रीगंगानगर निवासी संदीप शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा, उनकी पत्नी कृतिका, मां आशा जीवन और एक अन्य महिला सुषमा की मौत हो गई। कार सवार परिवार श्रीकरणपुर से बीकानेर में संदीप के मामा की पोती के बर्थडे की पार्टी में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान डंपर के पिछले हिस्से से उनकी कार भिड़ गई। सूचना पर लूणकरणसर पुलिस मौके पर पहुंची। टाइगर फोर्स के महिपाल सिंह सहित स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मौके पर लोग इकट्ठा हो गए। हाईवे पर जाम लग गया। एक घंटे की मशक्कत के बाद ट्रैफिक को सुचारू करवाया जा सका। तहसीलदार अजय कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। कार में एयरबैग खुलने के बाद भी उसमें बैठे लोगों की जान नहीं बच सकी।

# कोटा में ट्रेन की चपेट में आये दो भाई, एक की मौत, एक घायल

**कोटा,** (निसं)। रेलवे स्टेशन पर गलत साईड रेलवे ट्रेक पार करते समय दो भाई ट्रेन की चपेट में आ गये, हादसे में एक भाई की मौत हो गई एवं दूसरा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सुवासरा से कोटा पहुंचे दो युवक दिल्ली जाने के लिये कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 3 के आस-पास खड़े थे, तभी चार नम्बर पर निजामुद्दीन से कोटा जनशताब्दी पहुंची गलत साईड से रेलवे ट्रैक पार करने के प्रयास में दोनों भाई ट्रेन की चपेट में आ गये। हादसे में एक भाई की मौत हो गई एवं हादसे में घायल दूसरे को उपचार के लिये अस्पताल मे भर्ती कराया गया।

जीआरपी थाने के एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि सुवासरा निवासी कबीर (18) एवं उसका छोटा भाई जसवीर (16) दोनों सुवासरा से कोटा पहुंचे और कोटा से दिल्ली जाने के लिये ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। एएसआई ने बताया कि शुरूआती जांच में सामने आया कि दोनों भाई प्लेटफार्म नम्बर तीन पर खड़े थे, तभी निजामुद्दीन से कोटा जनशताब्दी एक्सप्रेस चार नम्बर पर आने की सूचना मिली। संभावना है कि रेलवे ट्रैक पार करने के प्रयास में दोनों युवक ट्रेन की चपेट में आ गये, हादसे में कबीर की मौत हो गई एवं जसवीर घायल हो गया। एएसआई ने बताया कि मामले में सामने आया कि परिवार फुटपाथ पर खिलौने बेचने का काम करता है। दोनों भाई खिलौने लेने के लिये दिल्ली जा रहे थे। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भीलवाड़ा सदर थाना अधिकारी लोकपाल सिंह का उदयपुर में निधन



लोकपाल सिंह

■ मंगलवार शाम नेहरू विहार स्थित सरकारी आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में सिर में गोली लगने से लोकपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे

■ उदयपुर स्थित गीतांजलि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां लोकपाल सिंह की मौत हो गई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला मुख्यालय के सदर थाना अधिकारी लोकपाल सिंह का बुधवार को उदयपुर स्थित गीतांजलि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उपचार के दौरान असामयिक निधन हो गया। मंगलवार शाम नेहरू विहार स्थित उनके सरकारी आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में सिर में गोली लगने से वे अत्यंत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। थानाधिकारी के निधन की खबर मिलते ही भीलवाड़ा जिला प्रशासन सहित पूरे राज्य के पुलिस महकमे में गहरा शोक छा गया। वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने इस दुखद क्षति पर शोक व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम जब लोकपाल सिंह अपने नेहरू विहार स्थित आवास पर मौजूद थे, तभी अचानक यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उन्हें तुरंत जिला महात्मा गांधी अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में लाया गया। महात्मा गांधी अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डॉ. अरुण गौड़ ने बताया कि जब लोकपाल सिंह को अस्पताल लाया गया, तब उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई थी। प्रारंभिक चिकित्सा जांच में उनके सिर के एक हिस्से में गोली लगने और आर-पार होने की पुष्टि हुई। गोली के कारण मस्तिष्क के मुख्य हिस्से में गंभीर चोट पहुंची थी। डॉक्टरों की टीम ने तत्काल उनका प्राथमिक उपचार कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन अति गंभीर न्यूरोसर्जिकल स्थिति को देखते हुए उन्हें उसी रात बेहतर इलाज के लिए उदयपुर के गीतांजलि अस्पताल रेफर कर दिया गया। गीतांजलि अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बचाने के लिए कई घंटों तक अथक प्रयास किए, लेकिन आखिरकार बुधवार को वे जिंदगी की जंग हार गए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तुरंत घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे। एसपी सागर राणा ने बताया कि पुलिस महकमे के लिए यह अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने बताया कि गोली किन परिस्थितियों में और किस वजह से चली, इसकी हर तकनीकी व व्यावहारिक पहलू से गहनता से जांच की जा रही है। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य, बैलिस्टिक डेटा और अन्य महत्वपूर्ण नमूने एकत्र कर लिए हैं।

# भरतपुर में तीन दिन से बारिश का दौर जारी, किसानों के चेहरे खिले



भरतपुर में बरसात का दौर जारी रहने से सड़कों पर पानी भर गया।

■ बारिश के कारण शहर की कई निचली कॉलोनियों और क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई

■ मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी जिले में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है

**भरतपुर,** (निसं)। सावन माह की शुरुआत के साथ ही इंद्रदेव मेहरबान हैं। श्रावण मास के प्रथम सोमवार से शुरू हुआ बारिश का दौर बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ले ली। घने काले बादलों ने पूरे आसमान को ढक लिया, जिससे दिन में ही अंधेरा छा गया। इसके बाद तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई।

मूसलाधार बारिश से लोगों को उमस और भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। अचानक शुरू हुई बारिश के कारण बाजारों और सड़कों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और छज्जों के नीचे शरण लेते नजर आए। मुख्य बाजार की सड़कों पर पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

लगातार हो रही बारिश के कारण शहर की कई निचली कॉलोनियों और क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतें हुईं। मौसम विभाग के अनुसार बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। अच्छी बारिश से खरीफ फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी जिले में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है।

# दो युवकों की पानी के पोखर में डूबने से मौत

**रूपवास/भरतपुर,** (निसं)। क्षेत्र के गांव औडेलगद्दी से खानुआं पुल के नीचे बकरियां चराने गए दो युवकों की पानी के पोखर में डूबने से मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि औडेलगद्दी निवासी सोहिल व मोहब्बत अली बकरियां चराने के लिए पुल के नीचे गए हुए थे। इसी दौरान बकरियां निकट ही भरे पानी की ओर चली गई। जिस पर एक युवक बकरियों को पानी की ओर से वापस लाने के लिए चला गया। इसी दौरान उसका पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। युवक को पानी में डूबता देख दूसरा उसे बचाने पानी में चला गया। जिससे दोनों युवक पानी में डूब गए।। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली तो उन्होंने युवकों को पानी में ढूंढना शुरू कर दिया। इसी दौरान गहनौली थानाधिकारी कृष्णवीर सिंह मय जाप्ते के मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने भारी मशक्कत से दौनों को पानी से बाहर निकाल रूपवास उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक अमरसिंह जाटव उप जिला अस्पताल पहुंच गए। जहां पूर्व विधायक ने परिजनों को ढांढस बंधा सांत्वना दी। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# जुआ खेलते 12 गिरफ्तार

■ पुलिस ने मौके से 1.87 लाख रूपए भी जब्त किए

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट की जिला पश्चिम पुलिस ने चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित शेरगढ़ रावला रिसोर्ट में देर रात दबिश देकर जुआ सट्टा पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौका स्थल से 1.87 लाख रूपए जब्त किए।

पुलिस आयुक्त अंशुमन भोमिया के निर्देशन पर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना इलाके के शेरगढ़ रावला रिसॉर्ट में अवैध जुआ सट्टा चलने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने मौके पर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 1 लाख 87 हजार 900 रुपए बरामद किये गए। पुलिस ने मौके से श्रीराम कॉलोनी निवासी ललित गोविंदानी, सूरसागर निवासी गंगाराम, चांदणा भाखर निवासी लतिफ, मालियों का राजबाग सूरसागर निवासी लवजीत माली, कमला नेहरू निवासी आरिफ, वैशाली टाउनशिप निवासी प्रशांत सिंधी, सुखराम नगर सूरसागर निवासी यशवीर गहलोत, राजबाग निवासी सुनील माली, घोड़ों का चौक निवासी कपिल सुथार, बासनी निकूबा निवासी पप्पाराम विश्नोई, सिवांची गेट खांडाफलसा निवासी मो. अकरम एवं पाल गांव बोरानाडा निवासी दिलीप को गिरफ्तार किया गया।

# जैसलमेर फील्ड फायरिंग रेंज में सैन्य स्क्रैप में धमाका, युवक की मौत

## धमाका इतना तेज था कि युवक का चेहरा बुरी तरह फट गया तथा चेहरे और सीने में चोटें आईं

■ बताया जा रहा है कि युवक सेना की फील्ड फायरिंग रेंज क्षेत्र में मशरूम तोड़ने गया था, इसी दौरान वहां पड़े सैन्य स्क्रैप में विस्फोट हो गया

■ फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि विस्फोट किस प्रकार के सैन्य स्क्रैप या अवशेष में हुआ और युवक वहां किस परिस्थिति में पहुंचा था

**जैसलमेर,** (निसं)। जिले के पोकरण क्षेत्र में सेना की फील्ड फायरिंग रेंज में सैन्य स्क्रैप में हुए भीषण विस्फोट में एक 40 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि युवक का चेहरा बुरी तरह फट गया तथा चेहरे और सीने में गंभीर चोटें आईं। वह खून से लथपथ हालत में घटनास्थल पर पड़ा मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सत्यनारायण सिंह (40) पुत्र जगत सिंह, निवासी बिलिया, थाना पोकरण, जिला जैसलमेर था। बताया जा रहा है कि वह सेना की फील्ड फायरिंग रेंज क्षेत्र में मशरूम तोड़ने गया था, इसी दौरान वहां पड़े सैन्य स्क्रैप में विस्फोट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रामदेवरा थाना के एएसआई खीमा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में घटनास्थल लाठी थाना क्षेत्र में होना पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने संबंधित थाना अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद पोकरण सीओ और स्थानीय थानाधिकारी ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया।

डीएसपी पोकरण बुद्धाराम विश्नोई ने बताया कि रामदेवरा थाना को बुधवार सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली कि चाचा गांव से लगभग 6 किलोमीटर दूर सेना की फायरिंग रेंज में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना बुधवार सुबह की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि विस्फोट किस प्रकार के सैन्य स्क्रैप या अवशेष में हुआ और युवक वहां किस परिस्थिति में पहुंचा था। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने लोगों से फायरिंग रेंज और सैन्य अभ्यास क्षेत्रों में अनधिकृत रूप से प्रवेश नहीं करने की अपील की है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बच्चे की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के सालोड़ी गांव राजीव गांधी नगर में 14 साल के बच्चे की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह सड़क पर साइड में चल रहा था। उसे किसी ट्रैक्टर के चालक ने चपेट में ले लिया। राजीव गांधी नगर थाने में घटना को लेकर केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि सालोड़ी निवासी अहमद खां ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका छोटा भाई 14 वर्षीय रोशन खां गांव में ही सड़क पर पैदल चल रहा था। तब एक ट्रैक्टर के चालक ने उसे साइड में चलते के टक्कर मार दी। इससे उसका भाई बुरी तरह घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक इसुब खां को नामजद कर जांच आरंभ की है। ट्रैक्टर को जब्त किया।

# पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, एक गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। भाबरू थाना पुलिस ने अवैध खनन और वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। भाबरु थाना पुलिस ने अवैध खनन में इस्तेमाल हो रहे बिना नंबर के महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली को पत्थरों सहित जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं ईसी एक्ट के एक प्रकरण में लंबे समय से वांछित आरोपी को भी गिरफ्तार कर जांच अधिकारी के सुपुर्द किया। एसपी सतवीर सिंह ने बताया कि भाबरु थाना अधिकारी प्रदीप सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिना नंबर के महिंद्रा ट्रैक्टर व पत्थरों से भरी ट्रॉली को जब्त किया। मौके से मुखराम गुर्जर निवासी जादू का बास, थाना विराटनगर को गिरफ्तार किया गया।

# जोधपुर में सरकारी पानी के टांके में गिरने से महिला की मौत

■ पीहर पक्ष ने मौत पर संदेह जताते हुए रिपोर्ट दी

**जोधपुर,** (कासं)। निकटवर्ती झंवर स्थित फलासिया रोहिला गांव में एक महिला ने सरकारी पानी के टांके में कूदकर अपनी जान दे दी। पीहर पक्ष ने मौत पर संदेह जताते हुए रिपोर्ट दी है। शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। शादी को सात साल से कम समय हुआ था। जांच एसीपी बोरानाडा की तरफ से की जा रही है।

झंवर थानाधिकारी प्रहलादसिंह ने बताया कि बालेसर के लूणावपुरा बावरली निवासी 30 साल की पूजा की शादी झंवर स्थित फलासिया रोहिला गांव में हो रखी थी। उसकी शादी को सात साल से कम समय हुआ था। शादी के बाद उसके एक बेटी हुई, जोकि अब साढ़े तीन साल की है। पूजा की कल संदिग्ध हालात में मौत पर पीहर पक्ष ने संदेह जताया है। थानाधिकारी प्रहलाद सिंह के अनुसार पूजा ने गांव में ही एक सरकारी पानी के टांके में कूद कर आत्महत्या की। प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का लगा है। शरीर पर जाहिरा कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। उसके भाई रमेश ने मौत पर संदेह जताते हुए ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दी है।

# साइबर ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। साइबर पुलिस टीम ने साइबर ठगी के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान म्यूल हंटर व साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई करते हुए रूपये लेकर बैंक खाता बेचने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि म्यूल हंटर व साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई करने के लिये साइबर थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए एनसीआरपी पोर्टल व बैंक से रिकॉर्ड प्राप्त किया। शहर एसपी ने बताया कि मामले में अनुसंधान के दौरान म्यूल खाताधारक श्याम सुंदर लेवा के बैंक खाते के विरूद्ध एनसीआरपी पोर्टल पर अलग-अलग राज्यो में साइबर ठगी की 5 शिकायतें होना पाया गया। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने मामले में कार्रवाई व अनुसंधान करते हुए प्राप्त बैंक रिकॉर्ड व तकनीकी डेटा से म्यूल खाताधारक अजय आहुजा नगर निवासी श्यामसुन्दर लेवा (23) एवं उसके सहयोगी घरौंदा योजना निवासी ओमप्रकाश (48) को गिरफ्तार किया गया।

# कोटा कांग्रेस शहर कार्यकारिणी में गहराया असंतोष, तीन पदाधिकारियों ने इस्तीफे दिये

■ सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा व चहेतों को बड़ी जिम्मेदारी देने से नाराजगी

■ महासचिव बलविंदर सिंह बिल्लू सहित दो सचिव धर्मा गौचर व राजू पहाड़िया ने इस्तीफा दिया

**कोटा,** (निसं)। कांग्रेस शहर जिला कार्यकारणी के घोषित होने के पहले ही दिन इस्तीफा दे चुकी सचिन मन्नू मेघवाल के बाद अगले दिन महासचिव बलविंदर सिंह बिल्लू सहित दो सचिव धर्मा गौचर व राजू पहाड़िया ने भी अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया है।

महासचिव बनाए गए बलविंदर सिंह बिल्लू ने कहा कि मैं पूर्व कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर था, जिसमें शहरभर के सक्रिय कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया था, परंतु वर्तमान कार्यकारिणी में जिन्हें मौका दिया गया है, उन्होंने कभी भी जमीनी स्तर पर काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि संगठन पार्टी की मजबूती के लिए होता है पार्टी को कमजोर करने के लिए नहीं। वर्तमान कार्यकारिणी में जिस तरह निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को प्रमुख पदों पर जगह दी गई व सक्रिय कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया गया। चंद नेताओं की गणेश परिक्रमा करने वालों को नवाजा गया, यह मेरे आत्मसम्मान के विपरीत है। हम आत्मसम्मान से समझौता करने वाले लोग नहीं हैं, संघर्ष मंजूर है समझौता नहीं। मैं वर्तमान कार्यकारिणी के साथ कार्य करने में असमर्थ हूं, मैं एक साधारण कार्यकर्ता बनकर कांग्रेस का काम करता रहूंगा।

सचिव बनाए गए धर्मा गौचर ने कहा कि मैंने निवर्तमान कार्यकारिणी में महासचिव के पद पर कार्य किया है, पूरी निष्ठा से संगठन के काम को अंजाम दिया है, परंतु वर्तमान कार्यकारिणी में मुझे सचिव की जिम्मेदारी दी गई है, यह मेरा डिमोशन है, जबकि कई निष्क्रिय लोगों को कार्यकारिणी में बड़ी जिम्मेदारियां दी गई है मेरा उनके साथ काम करना संभव नहीं होगा। मैं एक साधारण कार्यकर्ता बनकर कांग्रेस का काम करता रहूंगा।

सचिव बनाए गए राजू पहाड़िया ने कहा कि शहर कांग्रेस की वर्तमान कार्यकारिणी को देखकर कांग्रेस का जमीनी कार्यकर्ता हताश व निराशा है, जिस तरह चंद नेताओं की चापलूसी करने वाले कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है, उससे कांग्रेस की मजबूती के लिए लड़ाई लड़ने वाला कार्यकर्ता हताश व निराशा है। ऐसे में मैं कांग्रेस के उस कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के साथ में बिना पद के भी कांग्रेस का कार्य करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि में कांग्रेस में लंबे समय से काम कर रहा हूं और मैंने यह देखा है कि जिन लोगों की मीटिंगों व प्रदर्शनों में लोग नहीं आते, उन्होंने अपने चापलूसों को कार्यकारणी में प्रमुख स्थान दिया है। पिछले दो सालों को छोड़ दें तो कोटा में कांग्रेस कभी भी विपक्ष की भूमिका में नजर ही नहीं आई, अब जब कुछ समय से लोग कांग्रेस से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं तो यहां के कुछ नेता सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर कांग्रेस को तो कमजोर कर ही रहे हैं, हमारे नेता राहुल गांधी को भी कमजोर कर रहे हैं। प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व को इसे गंभीरता से लेना होगा।

त्यागपत्र के संबंध में शहर जिलाध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी कोटा के तीन पदाधिकारियों द्वारा जो एक ही भाषा में केवल पद एवं नाम बदलकर इस्तीफे भेजे हैं, शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित किया है। गौतम ने कहा कि इन पदाधिकारियों ने संगठन के हित में बिना पद के कार्य करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए यह साधुवाद के पात्र हैं।

गौतम ने कहा कि यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि इनको शहर जिला कांग्रेस कमेटी में पदासीन करने का निर्णय प्रदेश कांग्रेस कमेटी का था। इनको पदस्थापित करने की अनुशंसा किसके द्वारा की गई, इसकी मुझे जानकारी नहीं है। इनके द्वारा दिए गए त्यागपत्र की जानकारी प्रदेशाध्यक्ष को भेज दी गई है। अग्रिम कार्यवाही उनके निर्देशानुसार निर्धारित होगी। कांग्रेस पार्टी अनुशासन और संगठन की मर्यादा में विश्वास रखती है। हम सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


**कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सादुलशहर**
जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक / लेखा / नीलामी / 2026 / 2185-92 -:नीलामी सूचना:- दिनांक- 30/07/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सादुलशहर के अधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र-हाथीयांवाली के पुराने जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण कार्य (DEMOLISHING WORK) एवं तत्पश्चात प्राप्त सामग्री मलबे की नीलामी दिनांक 10.08.2026 को प्रातः 10.00 बजे गठित कमेटी द्वारा की जानी है। इच्छुक बोलीदाता बयाना राशि 5000/-रूपये जमा करवाकर बोली मे भाग ले सकता है।

नोटः-बोली की विस्तृत शर्ते एवं जानकारी इस चिकित्सा संस्थान मे कार्यालय दिवस मे कार्यालय समय मे आकर देख/अवलोकन कर सकते है व हाथीयांवाली स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन भी कार्यालय समय में कर सकते है व नीलामी कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सादुलशहर के प्रांगण में की जावेगी।

(डॉ. लक्ष्य सिंह)
खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सादुलशहर।
DIPR/C/13670/2026

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN NAGAUR. DISTT NAGAUR (RAJ).**

No:- Date:-

**NOTICE INVITING BID NO.07/2026-27**
**NIB Code: PWD2627A1847**

Bids for various construction/repairworks are invited from interested bidders upto 10.08.2026, 18:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://www.eproc.rajasthan.gov.in and http://www.sppp.rajasthan.gov.in) of the state, The approximate value of procurement is Rs. 97.28 Lacs.

**UBN No: 1. PWD2627WSOB07830, 2. PWD2627WSOB07832, 3. PWD2627WSOB07834 4. PWD2627WSOB07835, 5. PWD2627WSOB07837, 6. PWD2627WSOB07838, 7. PWD2627WSOB07840, 8. PWD2627WSOB078401, 9. PWD2627WSOB078403, 10. PWD2627WSOB07844, 11. PWD2627WSOB07846, 12. PWD2627WSOB07847 13. PWD2627WSOB07848, 14. PWD2627WSOB07849, 15. PWD2627WSOB07850 16. PWD2627WSOB07851, 17. PWD2627WSOB07852, 18. PWD2627WSOB07853 19. PWD2627WSOB07854, 20. PWD2627WSOB07855, 21. PWD2627WSOB07856 22. PWD2627WSOB07857, 23. PWD2627WSOB07858, 24. PWD2627WSOB07859**

DIPR/C/13495/2026 (शिवराम मीना) अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि.खण्ड नागौर

**कार्यालय वरिष्ठ अधीक्षक उद्यान सार्वजनिक निर्माण विभाग उदयपुर (राज.)**

क्रमांक-72 दिनांक-29.07.2026

**निविदा सूचना संख्या 04/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए संवेदको फर्मों से निर्धारित प्रपत्र मे इंटेरिंग प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाए दो लिफाफा पद्धित में आंमत्रित की जाती है।

| क्र. स | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाखो मे) | धरोहर राशि दो प्रतिशत | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रोसेसिंग शुल्क (MDRISL) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहेलियो की बाडी उद्यान का सम्पूर्ण संधारण कार्य | 21.07 लाख | 42140/- | 500/- | 500/- |
| 2 | सहेलियों की बाडी में सुरक्षाकर्मी लगाने का कार्य | 8.45 लाख | 16900/- | 500/- | 500/- |
| 3 | सहेलियों की बाडी उद्यान मे फव्वारो की साफ-सफाई का कार्य | 7.25 लाख | 14500/- | 500/ | 500/- |
| 4 | सहेलियों की बाडी उद्यान मे जन-सुविधाओं की साफ-सफाई का कार्य | 3.00 लाख | 6000/- | 500/- | 500/- |
| 5 | सजावटी पौधे आपूर्ति कार्य | 2.00 लाख | 4000/- | 500/- | 500/- |
| 6 | सदर्दी की फूलवारी आपूर्ति कार्य | 2.50 लाख | 5000/- | 500/- | 500/- |
| ऑन लाईन निविदा Download एंव Upload करने की तारीख एवं समय | | 30.07.2026 सायः 4.00 बजे से 09.08.2026 सांय 6.00 बजे तक | | | |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की दिंनाक | | 10.08.2026 को 11.00 | | | |

ई-ग्रास पर ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया हेतु चालान द्वारा निम्न बजट मद में राशि जमा करानी होगी। 105 Treasury and accounts Department में 1128 Treasury office Udaipur (city)
1. निविदा प्रपत्र शुल्क 0075-00-800-52-01
2. M.D.RISL शुल्क 8658-00-102-16-01
3. धरोहर राशि (बोली प्रतिभूति) 8443-00-103-00-00

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण www.dipronline.org एंव निविदा दस्तावेज का विवरण बेबसाईड https://eproc.rajasthan.gov.in एंव http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रकिया https://eproc.rajasthan.gov.in पर सम्पादित की जावेगी।

UBN-PWD2627SLOB07867, UBN-PWD2627SSOB07868
UBN-PWD2627SSOB07869, UBN-PWD2627SSOB07870
UBN-PWD2627SSOB07871, UBN-PWD2627SSOB07872

(संतराम मीणा)
वरिष्ठ अधीक्षक उद्यान सार्वजनिक निर्माण विभाग उदयपुर
DIPR/C/13532/2026

# हिस्ट्रीशीटर दंपत्ति के अवैध तीन मंजिला मकान पर चला बुलडोजर

## जयपुर पुलिस और जेडीए प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर हार्डकोर अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जयपुर दक्षिण जिले की मानसरोवर थाना पुलिस और जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर दंपत्ति के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया। पुलिस के अनुसार ध्वस्त की गई तीन मंजिला अवैध इमारत की बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना क्षेत्र के गुर्जर की थड़ी स्थित शिव शंकर विहार में हिस्ट्रीशीटर मुकेश सांसी (49) और उसकी पत्नी तीजा देवी (45) ने कथित रूप से अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन से जेडीए की अनुमति लिए बिना तथा भवन बायलॉज का उल्लंघन करते हुए मकान संख्या 36ए और 37 पर तीन मंजिला निर्माण करा रखा था। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के लोगों द्वारा अवैध निर्माण का विरोध किए जाने पर आरोपी उन्हें डराकर-धमकाकर क्षेत्र में खौफ का माहौल बनाते थे।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त (मानसरोवर) हेमेंद्र शर्मा के पर्यवेक्षण में मानसरोवर थानाधिकारी सतीश चंद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस और जेडीए की संयुक्त टीम ने समन्वित कार्रवाई करते हुए मकान संख्या 36ए पर किए गए अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। वहीं मकान संख्या 37 के संबंध में जेडीए ने धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया है।



जयपुर पुलिस और जेडीए टीम ने बुधवार को मानसरोवर क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर दंपत्ति के अवैध मकान को ध्वस्त किया।

■ अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी से संपत्ति अर्जित का आरोप

पुलिस के अनुसार हिस्ट्रीशीटर तीजा देवी के खिलाफ मानसरोवर थाने में कुल 12 मामले दर्ज हैं। इनमें 9 मामले अवैध शराब तथा 3 मामले एनडीपीएस एक्ट से जुड़े हैं। इनमें से 11 मामलों में न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है, जबकि एक मामला विचाराधीन है। वहीं मुकेश सांसी के खिलाफ 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 6 मामले अवैध शराब तथा 2 मामले एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित हैं। सभी मामलों में न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है।

## '50 फीसदी पदों से ज्यादा की चयन सूची नहीं बनाएं'

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 से जुडे मामले में आरपीएससी को कहा है कि वह भर्ती के विज्ञापित पदों के अतिरिक्त 50 फीसदी पदों से ज्यादा की चयन सूची नहीं बनाए।

वहीं मामले में संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी करते हुए याचिका की कॉपी आरपीएससी के अधिवक्ता एमएफ बेग को देने के लिए कहा है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह अंतरिम आदेश धर्मवीर मीणा व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में अदालत को बताया कि आरपीएससी ने 18 सितम्बर 2025 को असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। जिसमें 24 विषयों में 552 पदों पर भर्ती की संख्या जारी की गई।

वहीं बाद में इस विज्ञापन में 13 मई 2026 को संशोधन कर पदों की संख्या बढाकर 890 कर दी। इसके लिए आवेदन मांगने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की। इनमें से कई विषयों में पदों की संख्या दोगुनी कर दी गई, जबकि नियमानुसार 50 प्रतिशत से अधिक पदों में वृद्धि नहीं की सकती। ऐसे में भर्ती के 50 फीसदी से ज्यादा बढाए गए पदों की चयन सूची नहीं बनाई जानी चाहिए।

सुनवाई के दौरान आरपीएससी ने यह स्वीकार किया कि अतिरिक्त 50 फीसदी से ज्यादा बढाए गए पदों को वापस ले लिया जाएगा।

# चिकित्सा विभाग में 7903 पदों पर होगा शीघ्र पदस्थापन

## राजस्थान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती-2024 को लेकर फैसला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि राजस्थान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती-2024 में चयनित अभ्यर्थियों के पदस्थापन के लिए ऑनलाइन प्रेफरेंस (विकल्प) भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। प्रशासनिक सुधार विभाग से 7903 चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभाग के प्राप्त हो गई है। चयनित अभ्यर्थी राजहैल्थ पोर्टल पर लॉगिन कर 7 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक अपने पदस्थापन के लिए विकल्प प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके बाद पोर्टल स्वतः लॉक हो जाएगा।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन करना होगा। लॉगिन के बाद वर्तमान निवास संबंधी जानकारी भरना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी का पति अथवा पत्नी राजस्थान सरकार की नियमित सेवा में कार्यरत है, तो उसका विवरण भी पोर्टल पर दर्ज किया जा सकेगा। शहीद परिवार के आश्रितों को निर्धारित प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा। राठौड़ ने बताया कि पदस्थापन का आवंटन रोस्टर, मेरिट तथा अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए विकल्पों के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अधिकतम संख्या में विकल्प भरने की सलाह दी गई है, जिससे उनकी पसंद के अनुसार पदस्थापन की संभावना बढ़ सके।

■ चयनित अभ्यर्थी 7 अगस्त की मध्यरात्रि तक राज हैल्थ पोर्टल पर पदस्थापन के लिए ऑनलाइन प्रेफरेंस भर सकेंगे

निदेशक अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में विकल्प प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसका पदस्थापन प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार रैंडम आधार पर किया जा सकता है। साथ ही, भरे गए विकल्पों के आधार पर किसी विशेष संस्थान में नियुक्ति का दावा नहीं किया जा सकेगा तथा प्रशासनिक कारणों से रिक्तियों में परिवर्तन भी संभव होगा।

## महिला की गोली मारकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** मानसरोवर थाना पुलिस ने महिला की गोली मारकर हत्या के मामले में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर रिहा होने के बाद अदालत में पेश नहीं हुआ था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचता रहा। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रतापनगर क्षेत्र से उसे धर दबोचा।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रामवीर जाटव (30) निवासी खेड़ली जिला अलवर का रहने वाला है। आरोपी मानसरोवर थाने में दर्ज मुकदमे में वांछित था। डीसीपी ने बताया कि आरोपी सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद संबंधित अदालत में पेश नहीं हुआ। लगातार अनुपस्थित रहने पर अदालत ने उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसके बाद डीसीपी दक्षिण कार्यालय की ओर से आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसके चलते एसीपी मानसरोवर हेमेंद्र (आरपीएस) के सुपरविजन में मानसरोवर थानाधिकारी सतीश चंद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी अपने परिजनों से भी संपर्क में नहीं था। साइबर सेल की तकनीकी सहायता से उसकी लोकेशन गुजरात के सूरत में एक कपड़े की दुकान पर मिली।

## मुस्लिम संगठनों ने आंदोलन का ऐलान किया

**जयपुर।** प्रदेश में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता के विरोध में मुस्लिम संगठनों ने आंदोलन का ऐलान किया है। जमात-ए-इस्लामी हिंद और जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने बुधवार को संयुक्त रूप से कहा कि यूसीसी संविधान, पर्सनल लॉ और मौलिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। यदि सरकार इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ती है तो प्रदेशभर में जनजागरण अभियान, धरना-प्रदर्शन, राज्यपाल को ज्ञापन और आवश्यकता पड़ने पर हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में कानूनी चुनौती दी जाएगी। जमात-ए-इस्लामी हिंद के प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद नाजिम ने कहा कि यूसीसी जैसे महत्वपूर्ण कानून पर सभी समुदायों से व्यापक संवाद होना चाहिए। संगठन हस्ताक्षर अभियान चलाएगा, जिलों में बैठकें करेगा और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायकों से भी इस मुद्दे पर अंतरात्मा की आवाज के अनुसार विधानसभा में चर्चा करने की अपील की जाएगी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रदेश उपाध्यक्ष हाफिज मंजूर अली खान ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 29 सहित अन्य प्रावधान अल्पसंख्यकों की भाषा, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने यूसीसी अध्ययन समिति में राज्य के न्यायिक और सामाजिक विशेषज्ञों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर भी सवाल उठाया।

दोनों संगठनों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध पूरी तरह लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहेगा तथा सभी वैधानिक माध्यमों से यूसीसी के खिलाफ अपनी बात रखी जाएगी।

# राजस्थान में इमर्सिव टूरिज्म एक्सपीरिएंस विकसित करने की जरूरत : शुचि त्यागी

**जयपुर।** पर्यटन सचिव शुचि त्यागी ने कहा कि, "आज के पर्यटक केवल पर्यटन स्थलों का भ्रमण नहीं, बल्कि यादगार और गहन अनुभवों की तलाश करते हैं। ऐसे में राजस्थान को निजी क्षेत्र के हितधारकों के साथ मजबूत सहयोग के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले और इमर्सिव पर्यटन अनुभव विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मजबूत कनेक्टिविटी और वन्यजीव, वेलनेस और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने वाले प्रचार अभियानों के साथ राज्य पर्यटन को आर्थिक विकास के प्रमुख माध्यम के रूप में स्थापित करने पर जोर है। त्यागी बुधवार को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में आयोजित राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) के छठे संस्करण और प्रथम मारवाड़ ट्रैवल मार्ट, जोधपुर के कर्टेन रेज़र कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि पर्यटन राजस्थान की सबसे बड़े ताकत है, क्योंकि इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार, आजीविका और नए व्यवसाय के अवसर पैदा होते हैं। इस अवसर पर राजस्थान टूरिज्म विभाग और एफएचटीआर के बीच मार्ट्स को लेकर एमओयू हस्ताक्षर भी हुए। जिसके पश्चात, आरडीटीएम और एमटीएम के औपचारिक पोस्टर लॉन्च किए गए।




जयपुर स्थित आईटीसी राजपूताना में बुधवार को राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट के छठे संस्करण और प्रथम मारवाड़ ट्रैवल मार्ट जोधपुर का कर्टेन रेज़र कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियार ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में कुछ कमी आ सकती है। ऐसे में यह ट्रैवल मार्ट्स घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने बताया कि जोधपुर के बाद अगला ट्रैवल मार्ट उदयपुर में आयोजित किया जाएगा। आरडीटीएम में पिछले वर्ष 20 हजार से अधिक बी-टू-बी बैठकें आयोजित हुई थीं, जबकि इस वर्ष 25 हजार से अधिक बैठकों की उम्मीद है। फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने कहा कि राजस्थान के पर्यटन को जीवंत मेलों और त्योहारों को भी ट्रैवल एजेंट्स की यात्रा योजनाओं में शामिल किया जाना चाहिए। इससे पर्यटकों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को करीब से जानने और अनुभव करने का अवसर मिलेगा। महासचिव तरुण कुमार बंसल ने बताया कि छठा राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 17 से 19 सितंबर तक जयपुर में आयोजित किया जाएगा। इसमें देशभर के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र से जुडे 300 से अधिक हितधारक शामिल होंगे।

## जलदाय विभाग में समर्पित अवकाश भुगतान प्रक्रिया शुरू

**जयपुर।** प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन पिछले 3 माह से जलदाय विभाग के कर्मचारियों के समर्पित अवकाश के भुगतान की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत था। कर्मचारियों के हित में संगठन द्वारा निरंतर ज्ञापन, अधिकारियों से वार्ता तथा विभिन्न स्तरों पर प्रभावी प्रयास किए गए। इस संबंध में सकारात्मक निर्णय लिया जाना काबिले तारीफ है। संघ के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा एवं जयपुर जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी ने बताया कि प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन इंटक द्वारा लगातार किए गए प्रयासों, ज्ञापनों एवं धरना-प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप राज्य सरकार ने समर्पित अवकाश भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। इससे प्रदेशभर के जलदाय कर्मचारियों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। यूनियन भविष्य में भी कर्मचारी हित की मांगों को उठाएगी।

# कच्छा-बनियान गिरोह की जयपुर में फिर दस्तक

**जयपुर।** जयपुर के टोंक रोड स्थित सूर्य नगर इलाके में मंगलवार देर रात करीब 2 बजे एक बार फिर कच्छा-बनियान गिरोह के बेखौफ बदमाशों की आवाजाही से हड़कंप मच गया। बदमाश वारदात की नीयत से एक मकान परिसर में दाखिल हुए थे, लेकिन मकान मालिकों की सतर्कता और सजगता के चलते वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके और मौके से भाग खडे हुए। घटना की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि गिरोह के सदस्य उन्हीं मकानों के आसपास दोबारा सक्रिय दिखे, जहां लगभग दो महीने पहले भी चोरी का प्रयास किया गया था। इससे स्थानीय निवासियों में आशंका गहरा गई है कि यह गिरोह इलाके की लगातार रेकी कर रहा है और सुनसान या चिह्नित मकानों को निशाना बनाने की फिराक में है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की पूरी गतिविधि रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में गिरोह का एक सदस्य पहले सुनसान गली में आकर स्थिति का जायजा लेता दिखता है। कोई हलचल न पाकर वह अपने बाकी साथियों को इशारा कर बुलाता है। इसके बाद गिरोह के सदस्य दीवार फांदकर मकान के भीतर दाखिल होता हैं, लेकिन परिजनों की सतर्कता के कारण बिना किसी बड़ी वारदात को अंजाम दिए फरार हो जाते हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचित कर सीसीटीवी फुटेज सौंप दिए हैं। लगभग दो महीने बीत जाने के बाद भी गिरोह के पकड में न आने और उसी इलाके में दोबारा दस्तक देने से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश और दहशत है। सूर्य नगर के निवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त और नाकाबंदी बढ़ाने तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की गिरफ्तारी की पुरजोर मांग की है।

## चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** कालवाड़ पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है। आरोपी पूर्व में भी चोरी और नकबजनी के कई मामलों में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि कालवाड़ पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर पारस मीणा (26) पुत्र जमना शंकर मीणा को गिरफ्तार किया है।


## सार-समाचार

### छात्र नेता शुभम रेवाड़ का अनशन तुड़वाया



**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की बहाली और राजस्थानी भाषा विभाग की स्थापना की मांग को लेकर 15 दिन से एसएमएस अस्पताल में अनशनरत छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने आखिरकार अपना अनशन समाप्त कर दिया है। बुधवार शाम पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक मुकेश भाकर व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर शुभम रेवाड़ से मुलाकात की और समझाइश कर जूस पिलाकर उनका अनशन तुड़वाया। मुलाकात के दौरान नेताओं ने शुभम के गिरते स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र हितों की लडाई के लिए उनका स्वस्थ रहना बेहद आवश्यक है और इस मुद्दे को उठाने के कई अन्य लोकतांत्रिक तरीके मौजूद हैं। वरिष्ठ नेताओं के आग्रह को स्वीकार करते हुए शुभम रेवाड़ ने अनशन समाप्त किया, लेकिन साथ ही स्पष्ट कर दिया कि छात्रसंघ चुनाव कराने और अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस 15 दिवसीय भूख हड़ताल और आंदोलन का सरकार पर भारी दबाव देखने को मिला। सरकार, जिसने शुरुआत में राजस्थानी भाषा विभाग खोलने को लेकर अडियल रुख अपनाया हुआ था, उसे छात्र शक्ति के आगे झुकना पड़ा और विश्वविद्यालय में राजस्थानी भाषा विभाग स्थापित करने की मंजूरी देनी पड़ी। इसके साथ ही छात्रसंघ चुनावों की बहाली को लेकर भी प्रशासन द्वारा जल्द ही एक कमेटी का गठन कर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है।

### छात्रसंघ चुनाव के लिए दंडवत प्रदर्शन




**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर बुधवार को छात्र नेता नीरज खीचड़ के नेतृत्व में छात्रों ने संविधान पार्क के सामने दंडवत प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर छात्रों ने लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देते हुए सरकार से तत्काल छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने संविधान पार्क व विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार छात्रों को हिरासत में ले लिया और अन्य प्रदर्शनकारियों को परिसर से हटा दिया। छात्र नेता नीरज खीचड़ ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से छात्रसंघ चुनाव नहीं होने से छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज दब गई है और विश्वविद्यालयों में छात्र प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ केवल चुनाव नहीं, बल्कि छात्रों की समस्याओं और अधिकारों की आवाज उठाने का मंच है। खीचड़ ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि 20 अगस्त तक छात्रसंघ चुनाव कराने की घोषणा नहीं की गई तो विधानसभा सत्र के दौरान सरकार का घेराव किया जाएगा। उन्होंने प्रदेशभर के युवाओं को आंदोलन से जोड़ने का भी आव्हान किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित किया गया तथा 4 छात्रों को हिरासत में लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखी।

### अजय शर्मा बने मुख्य लेखाधिकारी



**जयपुर।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में वरिष्ठ लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत अजय कुमार शर्मा को पदोन्नति देकर मुख्य लेखाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों एवं अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के अनुमोदन के पश्चात वर्ष 2026-27 की रिक्ति के विरुद्ध यह पदोन्नति प्रदान की गई है। पदोन्नति के साथ ही निगम प्रबंधन द्वारा अजय कुमार शर्मा को मुख्य लेखाधिकारी (डब्ल्यू एंड एम एवं कंट्रोल) आरवीयूएन, जयपुर के महत्वपूर्ण पद पर पदस्थापित किया गया है। अजय शर्मा को लेखा विभाग में 32 वर्ष से अधिक अवधि का कार्य करने का अनुभव है। शर्मा ने अपने सेवा काल में वित्तीय प्रबंधन, लेखा नियंत्रण आदि कार्यों में उल्लेखनीय दक्षता का परिचय दिया है।

# मूक-बधिर विद्यालय के छात्र धरने पर बैठे

## हॉस्टल और शिक्षण की बदहाल व्यवस्था तथा भोजन व सफाई पर सवाल उठाए

**जयपुर।** जयपुर के राजकीय सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक-बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। छात्रों ने हॉस्टल की बदहाल व्यवस्था, सुरक्षा में लापरवाही, भोजन और साफ-सफाई की खराब स्थिति, प्रशिक्षित सांकेतिक भाषा (आईएसएल) शिक्षकों की कमी तथा एक कर्मचारी पर अनुचित व्यवहार के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

छात्रों का कहना है कि हॉस्टल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, भवन जर्जर है और शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। वहीं विद्यालय प्रशासन ने कहा कि छत की वॉटरप्रूफिंग कराई जा चुकी है, सफाई और मरम्मत का कार्य जारी है तथा सीवरेज समस्या के समाधान के लिए नगर निगम को पत्र भेजा गया है।

■ धरने की सूचना पर जयपुर प्रथम एसडीएम खुशबू शर्मा तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौके पर पहुंचे

■ उधर शिक्षा विभाग ने विद्यालय के प्राचार्य भरत जोशी को कार्यमुक्त कर बीकानेर निदेशालय में विभागीय परीक्षाओं के पंजीयक पद पर पदस्थापित कर दिया

धरने की सूचना पर जयपुर प्रथम एसडीएम खुशबू शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच कराई और रिपोर्ट जिला कलक्टर को सौंपने की बात कही। इसी बीच शिक्षा विभाग ने विद्यालय के प्राचार्य भरत जोशी को कार्यमुक्त कर बीकानेर निदेशालय में विभागीय परीक्षाओं के पंजीयक पद पर पदस्थापित कर दिया। हालांकि आदेश में कार्यमुक्ति का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है। उधर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी विद्यालय पहुंचकर छात्रों की समस्याओं की स्वतंत्र जांच और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।



राजकीय सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक-बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया।

उन्होंने कहा कि राजकीय सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक-बधिर उच्च माध्यमिक स्कूल में शौचालयों की बदहाल स्थिति, पीने के पानी का गहरा संकट और जर्जर भवन की खस्ताहाल व्यवस्था से मासूम दिव्यांग परेशान है। इस स्कूल के सघन निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि यहाँ बच्चों को पढ़ाने के लिए बिना साइन लैंग्वेज वाले शिक्षक तैनात थे, जिससे संवाद का भारी संकट खड़ा था। उन्होंने कहा कि यह विशेष जरूरतों वाले बच्चे होते हैं जिनकी शिक्षा-दीक्षा की लिए साइन लैंग्वेज वाले शिक्षकों की आवश्यकता होती है, परंतु यहां इन शिक्षकों की कमी है। जूली ने बताया कि बच्चों के लिए व्यवस्थाएँ बेहद ख़राब पाई गईं, हॉस्टल की स्थिति दयनीय थी और खाने-पीने का भी कोई उचित प्रबंध नहीं था। इन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में मासूम बच्चे लगातार परेशान और प्रताड़ित हो रहे थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को इनकी मूल जरूरतों की बारे में तो संवेदनशील होना ही चाहिए। जूली ने बच्चों के बीच पहुँचकर न केवल उनका दुख-दर्द बाँटा, बल्कि मीडिया को भी मौके पर मौजूद बदहाली का कडवा सच दिखाया। उन्होंने सांकेतिक भाषा के माध्यम से मासूम बच्चों से संवाद किया और अपना संपर्क नंबर साझा करते हुए आश्वस्त किया कि यदि समस्या का हल न हो या कोई उन्हें परेशान करे, तो वे सीधे उन्हें फोन करें; साथ ही उनकी इस लडाई को राजस्थान विधानसभा के पटल पर पूरी प्रखरता से उठाने का भरोसा दिया।

# विदेशी नौकरी के नाम पर साइबर गुलामी कराने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के स्टेट साइबर क्राइम थाना ने अंतरराष्ट्रीय साइबर स्लेवरी एवं मानव तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे साइबर अपराध विरोधी अभियान के तहत की गई।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) विजय कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (4) से प्राप्त सूचना, तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर नेटवर्क का खुलासा हुआ।

जांच में सामने आया कि गिरोह राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के युवाओं को 800 से 1000 अमेरिकी डॉलर मासिक वेतन का लालच देकर कंबोडिया, म्यांमार, वियतनाम, लाओस और थाईलैंड भेजता था। वहां उनके पासपोर्ट जब्त कर उन्हें साइबर स्कैम सेंटरों में बंधक बनाकर डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, क्रिप्टो फ्रॉड और जॉब स्कैम जैसी साइबर ठगी करने के लिए मजबूर किया जाता था। पुलिस ने आरिफ काठात उर्फ दीपू, कानू सिंह उर्फ पायथन और फिरोज काठात उर्फ माफिया को गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया कि फिरोज सोशल मीडिया पर महिला बनकर फर्जी क्रिप्टो योजनाओं में लोगों को फंसाने और म्यूल अकाउंट संचालित करने का काम करता था। कानू सिंह ने होटल की नौकरी के बहाने कंबोडिया पहुंचकर महिला प्रोफाइल के जरिए ठगी करने के साथ चार अन्य भारतीय युवकों को भी साइबर स्कैम सेंटरों में भेजा। वहीं आरिफ फर्जी फेसबुक और व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर लोगों को नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निवेश का झांसा देकर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर ठगी करता था।

पूर्व में कोलकाता से गिरफ्तार तीन आरोपियों से पूछताछ और उनके मोबाइल फोन, पासपोर्ट, व्हाट्सएप चैट, वीपीएन, विदेशी संपर्कों तथा क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण में नेटवर्क के कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस अब मानव तस्करी, साइबर स्लेवरी और करोड़ों रुपये की साइबर ठगी से जुडे वित्तीय नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

ARBiT it happens here...

राष्ट्रदूत
THURSDAY
06 August 2026
A-B




## Celebrating the World Beneath the Waves


International Scuba Day honors the adventurous spirit of scuba diving and the beauty of the underwater world. It brings together divers, ocean lovers, and conservationists to raise awareness about marine ecosystems and promote ocean protection. From exploring coral reefs to discovering historic shipwrecks, scuba diving opens a gateway to a fascinating underwater realm. This day also pays tribute to the pioneers of scuba diving and encourages responsible diving practices. Whether you're a seasoned diver or a curious beginner, International Scuba Day is the perfect time to dive in and celebrate our oceans' wonders.

# Hiroshima and Nagasaki


BEFORE THE BOMBING OF HIROSHIMA




AFTER THE BOMBING OF HIROSHIMA





URANIUM BOMB: LITTLE BOY






PLUTONIUM BOMB: FAT MAN



BEFORE THE BOMBING OF NAGASAKI



AFTER THE BOMBING OF NAGASAKI




One minute after the bomb was dropped, the crew in the American plane Bock's Car and the accompanying reconnaissance plane saw a huge fireball. The pilots had to tilt the plane sharply backwards to avoid being hit. Five closely following shock waves shook the plane and a radioactive cloud flowed towards them. The plane was unable to continue to the island of Tinian and was forced to make an emergency landing on the island of Okinawa. After a dramatic landing, with barely 25 litres of fuel left in the tank, the weary crew was met with emptiness. No one was there to welcome them and no ceremony awaited them.

● Verna Mohon

On August 1945, US President Truman ordered two atomic bombs to be dropped on the Japanese cities of Hiroshima and Nagasaki. More than 230,000 people died as a result of the immediate and long-term damage caused by the bombs.

The US wanted Japan, which was an enemy in the ongoing Second World War, to surrender. But it is also said that the United States wanted to test its new weapon and see its effects. The two atomic bombs were also a demonstration of the United States' nuclear weapons capability to the Soviet Union, which was an ally at the time but soon became an enemy in the ensuing Cold War.

### Hiroshima

By the end of World War II, American air raids had destroyed most Japanese cities. Hiroshima was one of the cities that remained undamaged. The city was an important port with many Japanese soldiers, military areas and military factories that had not yet been subjected to American attacks. Most adult men were at the front, so, the population consisted mainly of women, the elderly, refugees and children aged 12 and above, who had been mobilised to work for the armed forces. There were also slave labourers from Korea.

### August 6, 1945

Early in the morning on 6 August 1945, the Enola Gay aircraft left the American-occupied Japanese island of Tinian. The Enola Gay was one of seven American aircraft flying to Hiroshima, but it was the only one carrying an atomic bomb. The bomb was over three metres long, 75 centimetres in diameter and weighed nearly 4 tonnes. It contained 60 kg of uranium-235 and was named Little Boy.

At 7 a.m., Japanese radar showed that an American aircraft was heading for Hiroshima, and warnings were broadcast on the radio. Shortly afterwards, a civilian aircraft was spotted, but there were no signs of a bomber, so, the residents of Hiroshima returned to their normal morning routines. When radio stations issued another warning at 8 o'clock about incoming bombers, many ignored it as yet another false alarm.

At 8:15 a.m., Little Boy was dropped from the aircraft. It took 45 seconds for the bomb to detonate about 580 metres above Hiroshima. It created an explosion with a blast force of approximately 15 kilotons of TNT. The temperature at the moment of explosion was so high that the surrounding air formed a huge fireball measuring over 250 metres. Survivors describe the intense light that flashed and blinded them several times more intensely than the sun, closely followed by intense heat.



### Catastrophic Consequences

The shock wave shattered windows more than 15 kilometres from the site of the explosion and was felt up to 60 kilometres away. Within a radius of 1.6 kilometres, the destruction was total. The heat from the explosion ignited hundreds of fires, which together formed a massive firestorm. Within a radius of about ten kilometres, the fire destroyed everything it came into contact with. A small part of the settlement survived, mainly because Hiroshima is an earthquake-prone area and many important buildings had therefore been built extra strong to withstand severe earthquakes.


About half an hour after the explosion, it began to rain heavily. The 'black rain' was full of dirt, dust, soot and radioactive particles that had been sucked into the air by the explosion and fires. Due to the fallout, areas far from the site of the explosion were also contaminated. The soldiers on the Enola Gay looked down over Hiroshima after dropping the bomb from the aircraft. The city had disappeared from view and all that could be seen was a huge black cloud of soot and intense flames. The co-pilot, Captain Richard Lewis, commented: 'Oh my God, what have we done?' But the crew returned to their camp and was welcomed as heroes.



### Confusion in the military

The confusion at Japan's military headquarters was total. Chaotic reports came in about 'strange clouds,' 'huge explosions' and 'terrible flashes of light,' and when attempts were made to contact the military station in Hiroshima, there was total silence. Military headquarters knew that no major enemy attack had taken place, as this would have been visible on the radar screens. Nor were there any large stocks of explosives in Hiroshima. A pilot was sent out to investigate what had happened and finally concluded that something terrible had occurred. The Japanese military leadership was shocked: no one had believed that the United States had come so far in the development of nuclear weapons. In total, up to 140,000 people in Hiroshima had died by the end of World War II as a result of the immediate and long-term damage of the bomb.

#THE BOMB







### Nagasaki

The bombing of Nagasaki has always been overshadowed by Hiroshima. The bombing of Hiroshima on 6 August 1945 went exactly according to the plans of the American military leadership. However, the United States had decided to drop two atomic bombs on Japan, a uranium bomb and a plutonium bomb, a few days apart. The second bomb was to be dropped on 11 August on the Japanese city of Kokura, with Nagasaki as the alternative target. But the American military leadership saw that bad weather was on its way and decided to drop the second atomic bomb, called Fat Man, on 9 August.

### Low Fuel Supply

While the crew of the Enola Gay was still being celebrated for their success after Hiroshima, the crew on the second mission ran into problem after problem. A typhoon threatened the island of Iwo Jima, which was to be the starting point, so, they had to move the starting point to the island of Yakushima. When the atomic bomb was to be loaded onto the plane Bock's Car, the crew discovered that only one of the fuel pumps on board was working.

This limited the aircraft's fuel supply, and the crew realised that they might not be able to land safely after completing the mission before running out of fuel. But there was no time to lose; if the Japanese were to be convinced that America's second atomic bomb was not just an empty threat, they had to act quickly.





Fat Man was built with a core of plutonium surrounded by high-explosive material which, when ignited, created a powerful nuclear reaction. Fat Man weighed over 4.5 tonnes, was 3.25 metres high and had a diameter of over one and a half metres.

When the bomber reached Kokura, where the bomb was to be dropped, the city was covered in thick fog. The crew had no choice but to head for alternative target number two, Nagasaki. Nagasaki was chosen as the target mainly because of Mitsubishi's two large steel and weapons factories located there.

Here too, the cloud cover was thick, but the plane was running out of fuel and the decision was made to drop the bomb. At the last second, a gap opened up in the cloud cover. At 11:02 a.m., Fat Man fell on Nagasaki.

Fat Man exploded 43 seconds later, 469 metres above the ground. The bomb detonated with a force equivalent to 21 kilotons of TNT and missed its target by almost 3 kilometres. The explosion in Nagasaki did not create as massive a firestorm as in Hiroshima, but due to the bomb's explosive power and the fact that it was dropped over a valley, the explosion itself was still more destructive to the immediate surroundings.

### An Obliterated City

The destruction in the rest of Nagasaki was somewhat limited by the city's many mountains and valleys. However, this did not mean that the city was spared in any way. Three days after the atomic bomb was dropped on the city, an aerial photograph shows Nagasaki as a flat, desolate landscape, a city wiped out.

The area within a kilometre radius of the epicentre was completely destroyed by the heat and shock wave created by the explosion. Buildings, plants and living creatures were pulverised. Within a further kilometre radius, nearly 80 per cent of all buildings collapsed.

Unlike the more modern Hiroshima, Nagasaki consisted largely of older wooden houses and generally weaker structures. Windows and doors were shattered as far as 15 kilometres from the bomb site.

In total, over 90,000 people were killed in Nagasaki, and many of those who survived the bombing suffered from cancer and other genetic diseases for years after the bombing.

### No Tributes

One minute after the bomb was dropped, the crew in the American plane Bock's Car and the accompanying reconnaissance plane saw a huge fireball. The pilots had to tilt the plane sharply backwards to avoid being hit. Five closely following shock waves shook the plane and a radioactive cloud flowed towards them. The plane was unable to continue to the island of Tinian and was forced to make an emergency landing on the island of Okinawa. After a dramatic landing, with barely 25 litres of fuel left in the tank, the weary crew was met with emptiness. No one was there to welcome them and no ceremony awaited them.


### Unexpected Criticism

Before the bombs were dropped on Hiroshima and Nagasaki, protests came from an unexpected source. Physicist Leo Szilard, who had previously initiated the creation of the atomic bomb, started a petition among scientists against the use of the atomic bomb against Japan. 88 signatures were collected. However, Szilard's nomination was classified as secret and was not made public until the 1960s.

rajeshsharma1049@gmail.com




Photo of Atomic Bomb Dome, Peace Memorial Park. Hiroshima, Japan.







Urakami Cathedral (Roman Catholic), Nagasaki.



MORGUE

Sept. 3.

From: Bernard Hoffman-War Correspondent,
c/o PRO, USASTAF,
APO 234,
c/o Postmaster, San Francisco.

18602

1945


To: Wilson Hicks-Life Magazine,
9 Rockefeller Plaza,
New York City, (20)
New York.

Captions and Research on Hiroshima

We saw Hiroshima today - or what little is left of it. We were so shocked with what we saw that most of us felt like weepin not out of sympathy for the Japs, but because we were shocked and revolted by this new and terrible form of destruction. Compared to Hiroshima, Berlin, Hamburg, Cologne, are practically untouched. What was formerly Japan's most modern, most westerniz city, is now nothing more than a two foot layer of twisted tin and rubble. as you stand in the middle of this four and one-tenths square miles of flattened ruin, gaunt, blackened, twisted trees give the picture of Hiroshima its only source of elevation.

From notes by LIFE's Bernard Hoffman to the magazine's long-time picture editor, Wilson Hicks, in New York, September 1945.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बुहाना अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं पर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

## दवाइयों की कमी, जांच सुविधाओं के अभाव और बिना उपचार रेफर करने के आरोप


बुहाना के सीएचसी में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

**बुहाना, (निसं)।** बुहाना के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में बुधवार को क्षेत्र के ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन कर स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होने से मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है और उन्हें निजी अस्पतालों व लैबों का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। धरने के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की नियमित उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। वहीं कई महत्वपूर्ण जांच सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को निजी लैब में अधिक खर्च कर जांच करवानी पड़ती है। अस्पताल में सोनोग्राफी जैसी आवश्यक सुविधा नहीं होने से गर्भवती महिलाओं सहित गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जाता है, जिससे उपचार में देरी के साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने चिकित्सकीय सेवाओं पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कई मरीजों को प्राथमिक उपचार दिए बिना ही उच्च केंद्रों पर रेफर कर दिया जाता है। इससे क्षेत्रवासियों में अस्पताल प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

उनका कहना था कि बुहाना सहित आसपास के गांवों की बड़ी आबादी इस अस्पताल पर निर्भर है, लेकिन लगातार बनी अव्यवस्थाओं के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, आधुनिक जांच सुविधाओं का विस्तार किया जाए, सोनोग्राफी सहित अन्य जरूरी सेवाएं शुरू की जाएं तथा चिकित्सकीय व्यवस्था को सुदृढ़ कर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर अस्पताल की व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं किया गया तो जनसहभागिता के साथ व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान एसडीएम मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ। इस दौरान राजपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, अजीत, सतीश, विजेंद्र, सुरेश, कृष्ण कुमार, नवीन, अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

- **ग्रामीणों ने बदहाल व्यवस्थाओं में सात दिन में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

# करोड़ों की हेरोइन और हथियार के साथ पकड़े आरोपी वीरेन्द्र ने कई खुलासे किये

- **बताया गया कि जिस इनामी तस्कर राकेश प्रजापत को बीकानेर और पाली पुलिस ढूंढ रही थी, वह पंजाब की जलालाबाद जेल में बंद है**
- **जोधपुर में रह रहे वीरेन्द्र से पूछताछ में सामने आया कि करोड़ों की हेरोइन और हथियारों की खेप लेने के लिए पाली जिले के चौपड़ा निवासी राकेश प्रजापत ने भेजा था**
- **वीरेन्द्र से पूछताछ में सामने आया है कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आने वाली ड्रग्स और हथियारों की तस्करी का पूरा सिंडिकेट पंजाब की जलालाबाद जेल से संचालित हो रहा था**

**बीकानेर, (निसं)।** जिस इनामी तस्कर राकेश प्रजापत को बीकानेर और पाली पुलिस लंबे समय ढूंढ रही थी, वह पंजाब की जलालाबाद जेल में बंद है। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आने वाली हेरोइन और हथियारों की तस्करी का सिंडिकेट चला रहा है। 50 करोड़ रुपए की हेरोइन, 11 पिस्टल और 100 कारतूस के साथ पकड़े गए आरोपी वीरेन्द्र राजपुरोहित से पूछताछ में यह पूरा नेटवर्क सामने आया।

जांच में खुलासा हुआ कि राकेश और वीरेन्द्र की पहचान 2018 में बेंगलुरु में हुई थी। वीरेन्द्र ने राकेश से एक लाख रुपए उधार लिए थे, जिन्हें वह लौटा नहीं पाया। इसके बाद राकेश ने कर्ज माफ करने के साथ 50 हजार रुपए अलग से देने का लालच दिया और जेल से वर्चुअल नंबर के जरिए फोन कर ड्रोन से गिराई गई खेप उठाने का काम सौंप दिया। वीरेन्द्र एक दिन पहले रेकी करने के बाद खेप उठाई, लेकिन सप्लाई से पहले पुलिस ने रास्ते में उसे दबोच लिया।

दो अगस्त को खाजूवाला के चक 6 बीडी में पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजी गई करीब 50 करोड़ रुपए की हेरोइन, 11 पिस्टल और 100 कारतूस के साथ ब्यावर के जैतारण निवासी वीरेन्द्र राजपुरोहित को गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान में जोधपुर में रह रहे वीरेन्द्र से पूछताछ में सामने आया कि उसे यह खेप लेने के लिए पाली जिले के चौपड़ा निवासी राकेश प्रजापत ने भेजा था। राकेश पहले भी पूगल में पकड़ी गई 70 करोड़ रुपए की हेरोइन तस्करी का मुख्य आरोपी रह चुका है। उस पर बीकानेर आईजी ने 50 हजार और पाली पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। पुलिस को उसकी तलाश थी, लेकिन जांच में सामने आया कि वह पंजाब की जलालाबाद जेल में बंद है। अब बीकानेर पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है।

रिमांड पर चल रहे वीरेन्द्र ने पूछताछ में बताया कि उसकी और राकेश की पहचान वर्ष 2018 में बेंगलुरु में हुई थी। 15 जुलाई की शाम राकेश ने जलालाबाद से वर्चुअल नंबर के जरिए उसे फोन किया और बताया कि पाकिस्तान से खाजूवाला बॉर्डर पर ड्रोन के जरिए हेरोइन और अवैध हथियार आने वाले हैं, जिन्हें उठाकर पंजाब पहुंचाना है। इसके बाद वीरेन्द्र अपने भुआ के लड़के की बाइक लेकर 18 जुलाई को खाजूवाला पहुंचा और बॉर्डर इलाके की रेकी की। फिर 1 अगस्त को दोबारा वहां पहुंचा और चक 6 बीडी से 10 किलो हेरोइन, 11 पिस्टल, 33 मैगजीन और 100 कारतूस लेकर रवाना हुआ, लेकिन पुलिस ने उसे 32 हेड के पास गिरफ्तार कर लिया।

वीरेन्द्र से पूछताछ में सामने आया है कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आने वाली ड्रग्स और हथियारों की तस्करी का पूरा सिंडिकेट पंजाब की जलालाबाद जेल से संचालित हो रहा था। वहीं से पाकिस्तानी तस्करों तक हवाला के जरिए रकम पहुंचाने की कोशिश भी की जा रही थी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में राजस्थान के और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पाली जिले के कई बदमाश भी पुलिस की निगरानी में हैं।

# भरतपुर के ग्राम सैदपुरा स्थित संस्कृत विद्यालय में शिक्षकों की कमी


शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों व छात्र छात्राओं ने स्कूल के तालाबंदी कर प्रदर्शन किया।

**रूपवास/भरतपुर, (निसं)।** क्षेत्र की उच्चौन ग्राम पंचायत सैदपुरा स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय सैदपुरा में शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों व छात्र छात्राओं ने तालाबंदी कर कर प्रदर्शन किया है।

सैदपुरा के ग्रामीणों व छात्र छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित शिक्षकों के 12 पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों को लेकर छात्र-छात्राओं ने कई बार विधालय में मौजूद शिक्षकों को भी अवगत कराया है कि विद्यालय में शिक्षक नहीं होने के कारण पढ़ाई नहीं हो पा रही है। उसके बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। वहीं शिक्षक लगाए जाने को लेकर 13 जुलाई को भी तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन किया गया था। उस दौरान उच्चाधिकारियों ने पांच दिन में शिक्षक लगवाए जाने का आश्वासन दिया था। उसके बावजूद आज तक शिक्षक नहीं लगाए गए, जिस पर मजबूर होकर ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं ने पुन: अपने परिजनों को साथ में लाकर विद्यालय के गेट पर ताला लगा दिया। साथ ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना प्रदर्शन व तालाबंदी की जानकारी मौजूद शिक्षकों ने उच्चाधिकारियों को दी। जिस पर करीब तीन घंटे पश्चात भी कोई विभागीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिस पर धरना प्रदर्शन देर शाम भी तक जारी रहा।

- **ग्रामीणों व छात्र छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित शिक्षकों के 12 पद रिक्त हैं**

# गोदाम से 5.75 लाख की चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के बनाड़ स्थित श्रीयादे गांव में आए एक गोदाम से पौने छह लाख का इलेक्ट्रीक सामान चोरी हो गया। गोदाम मालिक ने केबल आदि सामान चोरी करने की रिपोर्ट दी है। इसमें एक शख्स पर संदेह जताया गया है। फिलहाल इस बारे में पुलिस तफ्तीश में जुटी है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि तिरूपति नगर, श्रीयादे गांव निवासी राजेश पंवार पुत्र मदनसिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि क्षेत्र में उसका एक इलेक्ट्रानिक सामान का गोदाम आया है। जहां पर विद्युत के बल के साथ कई अन्य सामग्री पड़ी है। अज्ञात शख्स द्वारा उसके गोदाम से 5 लाख 75 हजार का सामान चोरी कर लिया गया। इसमें ज्यादातर विद्युत केबल है।

# चोरों ने फ्लैटों के ताले तोड़े

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की 200 फीट रोड स्थित कालोनी 'सन राइज ड्रीम्स' में बुधवार तड़के चोरी का मामला सामने आया। सुबह करीब 3:30 बजे अज्ञात चोरों ने कॉलोनी के बी ब्लॉक में स्थित एक दर्जन से अधिक फ्लैटों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने विशेष रूप से बी ब्लॉक को ही निशाना बनाया, जहां अधिकतर फ्लैट किरायेदारों के आवास हैं, इसलिए वहां आसान टार्गेट मिले। पड़ोसी सुबह उठकर निकले तो कई दरवाजों के ताले टूटे मिले।

# देश में सर्वाधिक दुग्ध खरीद मूल्य देकर जयपुर डेयरी ने नया कीर्तिमान बनाया



जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड ( जयपुर डेयरी ) में घेवर तैयार किये जा रहे हैं।

**जयपुर।** तीज एवं रक्षाबंधन के पर्व पर जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (जयपुर डेयरी) ने प्रदेश के लाखों दुग्ध उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं को दोहरी सौगात दी है।

- **तीज-रक्षाबंधन पर दुग्ध उत्पादकों को बड़ी सौगात, खरीद मूल्य बढ़ाकर 925 प्रति किलो फैट किया**
- **इस बार तीज एवं रक्षाबंधन के त्यौहार पर सरस देसी घी से बने घेवर भी उपलब्ध होंगे**

डेयरी प्रबंधन ने दुग्ध उत्पादकों के हित में दूध खरीद मूल्य में 50 प्रति किलोग्राम फैट की वृद्धि करते हुए इसे 875 से बढ़ाकर 925 प्रति किलोग्राम फैट करने का निर्णय लिया है। नई दरें 11 अगस्त 2026 से प्रभावी होंगी।

जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया ने बताया कि वर्तमान समय में पशु आहार, हरे चारे, बिजली, दवाइयों एवं पशुपालन की अन्य लागतों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में दुग्ध उत्पादकों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य उपलब्ध कराना जयपुर डेयरी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से डेयरी ने दूध खरीद मूल्य में वृद्धि का निर्णय लिया है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक संबल मिलेगा, दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा तथा प्रदेश में दूध की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी सहायता मिलेगी।

जयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक मनीष फ़ौज़दार ने बताया कि संशोधित दरों के अनुसार दुग्ध उत्पादकों को अब 925 प्रति किलोग्राम फैट की दर से भुगतान किया जाएगा, जो वर्तमान में देश में सर्वाधिक दुग्ध खरीद मूल्य है। इस वृद्धि से दुग्ध उत्पादकों को औसतन लगभग 3 प्रति लीटर अतिरिक्त मूल्य प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त 2 प्रति किलोग्राम फैट की फिक्स राशि तथा मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के अंतर्गत 5 प्रति लीटर का अनुदान पूर्ववत मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि जयपुर डेयरी सदैव किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने तथा सहकारिता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। फ़ौज़दार ने बताया कि तीज एवं रक्षाबंधन के अवसर पर उपभोक्ताओं के लिए पहली बार सरस देसी घी से निर्मित घेवर बाजार में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रारंभिक चरण में इनकी बिक्री जेएलएन मार्ग स्थित सरस पार्लर, जयपुर डेयरी परिसर स्थित आउटलेट तथा सचिवालय स्थित सरस पार्लर पर की जाएगी। 200 ग्राम घेवर 140, 400 ग्राम घेवर 255 तथा 800 ग्राम घेवर 480 की कीमत पर उपलब्ध होगा।

# महिला से लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** किशोरपुरा थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश द्वारा छपट्टा मारकर 56 वर्षीय महिला से कुंडल छीनने के दर्ज मामले में किशोरपुरा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 4 अगस्त को फरियादी ने किशोरपुरा थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसकी मां 3 अगस्त को सिन्धी कॉलोनी से कृष्णा डेयरी चौराहा पर गई थी। वापस आते समय एक लड़का मोटरसाईकिल पर चेहरे पर कपड़ा बांध कर आया और झपट्टा मारकर उसकी मां के कान का कुण्डल छीन ले गया। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, मामले का खुलासा करने के लिये किशोरपुरा थानाधिकारी चेतन शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी सहायता, आसुचना संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए नयापुरा निवासी महेन्द्र उर्फ अनिल सरसिया को गिरफ्तार किया तथा घटना मे प्रयुक्त वाहन को बरामद किया गया, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# अवैध पत्थर से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, दो चालक गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ अभियान में दत्तवास थाना पुलिस टीम ने अवैध चैजा पत्थर से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर मौके से दो चालक गिरफ्तार किये।

दत्तवास थाना प्रभारी निरमा मीणा ने बताया कि पुलिस टीम ने अवैध रूप से चैजा पत्थर परिवहन कर रहे आरोपी कैलाश चंद मीणा निवासी अजबपुरा दत्तवास व रवि कुमार निवासी श्योसिंहपुरा, लालसोट (दौसा) को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में मौके से पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किये हैं। इसी प्रकार इस विशेष अभियान में कार्रवाई करते हुए डिग्गी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दौराने गश्त नुक्कड चौराहे के पास से एक डम्पर को अवैध चैजा पत्थर परिवहन करते हुये पाये जाने वाहन को जप्त कर चालक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

वहीं इस अभियान में पुलिस थाना टोडारायसिंह टीम ने कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में अवैध चैजा पत्थर भरकर परिवहन करते हुए एक ट्रेलर को जप्त कर वाहन चालक भैरूलाल पुत्र गोपाल गुर्जर निवासी भगवानपुरा राजमहल थाना दूनी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार थाना निवाई पुलिस टीम ने इस विशेष अभियान में कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में एक मिनी ट्रक को अवैध बजरी से भरे हुए को जप्त कर चालक जीतपाल पुत्र फैलीराम मीना निवासी सीपुरा थाना दत्तवास को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में चालक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

# परिवार सोता रहा, चोर गहने और नकदी लेकर फरार हुए

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोंक क्षेत्र के महाराणा प्रताप बाजार स्थित एक मकान में मंगलवार रात्रि को चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर अलमारी में रखे चांदी-सोने के जेवरात और नकदी चुरा ले गए। जब बुधवार सुबह इसकी जानकारी मकान मालिक को लगी तो उसने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एमआईयूम टीम को बुलाया, जहां टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

पीड़िता मधु तोषनीवाल ने बताया कि उसने गत दिनों में अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में दुकान लगाई थी, उसकी बिक्री से 40 हजार रुपए आए थे। उन्हें बुधवार को बैंक में जमा कराने के लिए अलमारी में रख दिए थे। वहीं अलमारी में गहने भी रखे हुए थे। घटना के समय सभी सो रहे थे। मंगलवार मध्यरात्रि को चोरों ने घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद वह सुबह पांच बजे उठी तो आलमारी का ताला टूटा मिला, आलमारी खुली हुई थी तथा समान बिखरे पड़े थे। बाद में जब उसने जेवर और नगदी को चेक किया तो चोरी होना सामने आया। पीड़िता ने बताया कि दो जोड़ी चांदी की पायजेब, एक अंगूठी और 40 हजार रुपयों की चोरी हुई है। इससे पहले भी चोरों ने इसी क्षेत्र में पुलिस थाने से करीब 100 मीटर की दूरी पर मंदिर से मूर्तियां चुराई थी।

- **पुलिस टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया**

# भीलवाड़ा शहर की निजी कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव


प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बीच सड़क पर मटकियां फोड़कर आक्रोश जताया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की निजी कॉलोनियों में बीते पांच वर्षों से व्याप्त मूलभूत सुविधाओं को लेकर बुधवार को कॉलोनीवासियों का सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। विश्वकर्मा कॉलोनी, यश विहार, पारस विहार और विश्वकर्मा द्वितीय कॉलोनी के आक्रोशित निवासियों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर जिला प्रशासन व नगर निगम के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बीच सड़क पर मटकियां फोड़कर अपना विरोध और आक्रोश दर्ज कराया।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे पिछले 5 सालों से टूटी सड़कों, बदहाल नालियों, पेयजल संकट और जलभराव जैसी विकट समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं, लेकिन बार-बार गुहार लगाने के बावजूद प्रशासन और संबंधित बिल्डरों ने आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने सड़क पर बैठकर आवाजाही पूरी तरह बाधित कर दी।

आक्रोशित महिलाओं का कहना था कि हर चुनाव में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही जनप्रतिनिधि और अधिकारी उनकी समस्याओं को भूल जाते हैं। यदि प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेकर सड़कों का निर्माण व बुनियादी सुविधाएं बहाल नहीं कीं, तो आने वाले दिनों में यह विरोध और अधिक उग्र रूप धारण करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची तथा समझाइश कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि, नागरिक अपनी मांगों पर तुरंत लिखित आश्वासन की जिद पर अड़े रहे।

- **क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे पांच सालों से टूटी सड़कों, बदहाल नालियों, पेयजल संकट और जलभराव जैसी समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं**

# न्यायिक, पुलिस और परिवहन विभाग ने नौ बसों पर कार्रवाई की

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** अलवर-बहरोड़ व खैरथल बानसूर सड़क मार्ग पर गांव ततारपुर चौराहे पर स्लीपर, लोक परिवहन व बाल वाहिनी बसों की सघन जांच के लिए पुलिस, परिवहन टीम के साथ पहुंचे विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी के सामने जांच के दौरान बसों में कई गम्भीर अनियमितताएं सामने आने पर 9 बसों के चालान, 1 लाख 400 का जुर्माना लगाया गया।

उल्लेखनीय रहें कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार, अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र व्यास के निर्देशन में जिले में स्लीपर/लग्जरी, राजस्थान लोक परिवहन तथा बाल वाहिनी बसों के विरुद्ध विशेष निरीक्षण अभियान चलाया हुआ है। जिला प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी के नेतृत्व में सयुक्त टीम ने गांव ततारपुर चौराहे पर विभिन्न बसों का सघन निरीक्षण किया। जांच के दौरान राजस्थान लोक परिवहन की बसों सहित एक बाल वाहिनी बस में कई गम्भीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण में कुछ बसों में बिना टिकट यात्रियों का परिवहन किया जाना पाया गया। इसके अलावा कई बसों में पैनिक बटन खराब मिले, इमरजेंसी विंडो खराब अथवा अनुपस्थित पाई गईं। साथ ही बसों में अग्निशमन यंत्र एवं प्राथमिक उपचार पेटिका (फर्स्ट एड बॉक्स) उपलब्ध नहीं होने जैसी सुरक्षा संबंधी कमियां भी सामने आईं तथा राजस्थान लोक परिवहन की बसों में क्षमता से अधिक सवारियां परिवहन करते हुए एवं बाल वाहिनी में क्षमता से अधिक बच्चे भरना व ड्राइवर केबिन में खचाखच बच्चे भरे होना को न्यायाधीश ने गम्भीर लापरवाही माना और नाराजगी जताई।

नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संयुक्त टीम ने मौके पर ही बसों के चालान किए तथा जुर्माना लगाया। इसके साथ ही अधिकारियों ने बस संचालकों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण तत्काल उपलब्ध कराने तथा परिवहन एवं यात्री सुरक्षा सम्बंधी सभी नियमों का कड़ाई से पालन करने के भी सख्त निर्देश दिए। न्यायाधीश ने कहा यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा परिवहन वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए ऐसे संयुक्त निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे। इस दौरान आरटीओ कृष्ण किशोर सैनी, सब इंस्पेक्टर शिवलाल तथा थाना ततारपुर पुलिस जाप्ता सहित प्राधिकरण के पीएलवी सूरजभान कछवाहा भी मौजूद रहे।

- **बसों में गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर चालान काटे, एक लाख का जुर्माना भी लगाया**

# प्रागपुरा में तीसरे दिन भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

## प्रागपुरा में ठप हुई सफाई व्यवस्था, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

**पावटा।** राजस्थान में सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर सरकार और वाल्मीकि समाज के बीच चल रहे विरोध के बीच बुधवार को हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। इसका असर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में साफ दिखाई दिया, जहां नियमित सफाई नहीं होने से मुख्य मार्गों, बाजारों और कई मोहल्लों में कूड़े के ढेर लग गए। लोगों को गंदगी और दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों

■ भर्ती नियमों में संशोधन की मांग पर अड़े वाल्मीकि समाज के कर्मचारी

ने सोमवार से झाड़ू डाउन आंदोलन शुरू कर कार्य का बहिष्कार किया हुआ है।

हड़ताल के पहले दिन कर्मचारियों ने रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार लोकेन्द्र मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भर्ती प्रक्रिया में संशोधन, पांच वर्ष की संविदा व्यवस्था समाप्त कर सीधी स्थायी भर्ती करने तथा वर्षों से कार्यरत अस्थायी, ठेका एवं संविदा सफाई कर्मचारियों को अनुभव के आधार पर प्राथमिकता देने की मांग की गई।



राजस्थान में सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर सरकार और वाल्मीकि समाज के बीच चल रहे विरोध के बीच हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही।

समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि 27 जुलाई 2026 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के वर्तमान नियम लंबे समय से सफाई कार्य कर रहे कर्मचारियों के हितों के अनुकूल नहीं हैं। उनका आरोप है कि संविदा आधारित भर्ती से नौकरी की सुरक्षा और उचित वेतन दोनों प्रभावित होंगे, जिससे अनुभवी सफाई कर्मियों का भविष्य संकट में पड़ सकता है। इधर, भर्ती को लेकर सरकार और सफाई कर्मचारी संगठनों के बीच गतिरोध बना हुआ है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं सरकार की ओर से भर्ती प्रक्रिया को लेकर विभिन्न स्तरों पर संवाद और समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं, हालांकि समाचार लिखे जाने तक कोई अंतिम सहमति नहीं बन सकी थी। वाल्मीकि समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को पूरे राजस्थान में और व्यापक रूप दिया जाएगा। पावटा में आयोजित प्रदर्शन में इंद्रपाल, सुल्तान, मनीष कुमार, नवरंग, तुलसी, प्रकाश, नरसी, अशोक, संतरा, उगंता, अंजली सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस की बैठक में निकाय चुनाव पर चर्चा की

**चाकसू।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और राजस्थान सह-प्रभारी चिरंजीव राव ने आगामी नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों की तैयारियों को लेकर बुधवार को जगन्नाथ यूनिवर्सिटी में चाकसू विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक ली। इस दौरान से प्रभारी चिरंजीलाल राव एवं अन्य कांग्रेस पदाधिकारी ने संगठन की मजबूती और आगामी नगर निकाय एवं पंचायत राज चुनाव की रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।स्थानीय मुद्दों और जनहित के कार्यों को लेकर एकजुटता के साथ जनता के बीच जाने का आव्हान किया। बैठक में राजस्थान सह-प्रभारी चिरंजीव राव ने कहा कि कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य नगर पालिका और पंचायत समिति में अपने चेयरमैन बनाना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत मतभेद भुलाकर पार्टी हित में एकजुट होकर काम करने का आव्हान किया। राजस्थान से प्रभारी चिरंजीलाल राव ने स्पष्ट किया कि टिकट वितरण में भाई-भतीजावाद को कोई स्थान नहीं दिया जाएगा, बल्कि पार्टी ऐसे उम्मीदवारों को प्राथमिकता देगी, जिन्होंने लगातार पार्टी के लिए कार्य किया हो और जिनकी जीत की संभावना अधिक हो।इस दौरान चिरंजीलाल राव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता धर्म और जाति के नाम पर लोगों को गुमराह करते हैं। उन्होंने पेपर लीक एवं चंदा चोरी के मामले पर केंद्र सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने केंद्र सरकार पर युवाओं को गुमराह करने का आरोप भी लगाया।जयपुर जिला देहात के प्रभारी आर सी चौधरी ने स्पष्ट संदेश दिया कि संगठन में कोई भी व्यक्ति विशेष बड़ा नहीं होता, बल्कि संगठन और उसका कार्य ही सर्वोपरि होता है। जयपुर देहात गोपाल लाल मीणा, पीसीसी सचिव प्रद्युमन सिंह ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वह आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ मैदान में उतरें और जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच उजागर करें।

# मेले की तैयारी बैठक आयोजित

**अलवर** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय बीना महावर की अध्यक्षता में आज कलक्ट्रेट सभागार में पाण्डुपोल हनुमान जी महाराज मेले एवं बाबा भर्तृहरि महाराज मेले के आयोजन के संबंध में तैयारी बैठक आयोजित हुई।

एडीएम द्वितीय ने बताया कि कि 14 से 16 सितम्बर तक पाण्डुपोल हनुमानजी महाराज का मेला एवं 17 से 19 सितम्बर तक बाबा भर्तृहरि महाराज के मेले का आयोजन होगा। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेले के सफल आयोजन के लिए आपसी समन्वय से सौंपे गए दायित्वों की व्यवस्था समयबद्ध रूप में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में समन्वय रखते हुए मेले हेतु आवागमन के रास्तों व सडकों को दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि मेला स्थलों पर चिन्हित स्थानों पर मजबूत बैरिकेटिंग करावे। साथ ही भर्तृहरि महाराज धाम में स्थित पुराने भवनों की जांच करे। असुरक्षित भवन पाए जाने पर उनमें आमजन का प्रवेश निषेध कराए जाए व उनकी बेरिकेटिंग की जाए।

# 'जीत हमेशा निरंतर मेहनत और अनुशासन से मिलती है'

**खैरथल।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खैरथल में स्थापना दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने विद्यार्थियों को एकाग्रता, मेहनत और धैर्य का मंत्र दिया। उन्होंने अटल टिंकरिंग लैब में बच्चों के बनाए स्मार्ट हेलमेट और दृष्टिबाधितों के उपकरण की सराहना करते हुए कहा कि नवोदय के बच्चे अब सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं, नवाचार में भी देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश और प्रभारी प्राचार्य के.आर. मीना ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्बोधन में कलेक्टर ने खरगोश और कछुए की कहानी सुनाते हुए बताया कि जीवन में जीत हमेशा तेज दौड़ने से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत और अनुशासन से मिलती है। उन्होंने परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाली कक्षा 9 की छात्रा कु. चहक को सम्मानित कर अन्य विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब का निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं ने अपने नवाचार दिखाए। कु. निशा ने गणित का प्रोजेक्ट, छात्र अनुज ने दुपहिया वाहन के लिए स्मार्ट हेलमेट और छात्र संजीव ने दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए सहायक उपकरण को देखकर कलेक्टर ने सभी नवाचारों की सराहना की और बच्चों को भविष्य में और बड़ा सोचने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य के.आर. मीना ने बताया कि विद्यालय में पीएम श्री योजना, विज्ञान ज्योति, दक्षिणा फाउंडेशन, स्किल एजुकेशन, सेल्फ डिफेंस, योग, खेल और संगीत जैसी गतिविधियां चल रही हैं। बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट परिणाम भी विद्यालय की पहचान हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कक्षा 6-7 के बच्चों ने लिलीपुट नृत्य, योग, आत्मरक्षा और कालबेलिया नृत्य किया। कक्षा 8 के छात्रों ने पंजाबी और गुजराती लोकनृत्य प्रस्तुत किए। महाराष्ट्र से आए माइग्रेशन छात्रों ने मराठी लोकनृत्य से सबको मोह लिया। छात्रा रवीना ने स्वरचित कविता सुनाई और मास्टर उत्कर्ष के नेतृत्व में वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का संचालन सुषमा यादव के निर्देशन में लावण्या, मोनिका, निशा और साक्षी ने किया।


## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम पांचाल गीता कुमारी सीताराम से बदलकर गीता पांचाल धर्मपत्नी श्री विजय कुमार शर्मा निवासी 13, आनन्द कॉलोनी-3, पुराना रामगढ रोड, जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे गीता पांचाल (GEETA PANCHAL) के नाम से जाना पहचाना जावे।

मैं, 15425920H Hav नवदीप चौधरी पुत्र श्री किशन सिंह चौधरी, निवासी-रिक्शा, पोस्ट ऑफिस घाटवा, तहसील नावां, जिला नागौर, राजस्थान-341509 सूचित करता हु की मेरे पुत्र का नाम मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में गलती से गुरुमीत दर्ज हो गया है सही नाम गुरुमीत चौधरी है।

मैं इकबाल खान, निवासी प्लॉट नं.808, विष्णु कॉलोनी, हटवाड़ा रोड, सोडाला, जयपुर, ने गजट अधिसूचना के अनुसार अपना नाम इकबाल खान से बदलकर अभी सोलंकी कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे अभी सोलंकी के नाम से जाने एवं संबोधित किया जाए।

I Rajesh Kumar Bhakhar S/o Hanuman Das Bhakhar residing at 217, Shri Kushal Nagar, New Sanganer Road, Sanganer, Jaipur Rajasthan-302029. I have changed my name from Rajesh Bhakhar to Rajesh Kumar Bhakhar. In future I will be known by my changed name.

## खोया पाया

दिनेश कुमार पुत्र श्री पृथ्वी सिंह के नाम से प्रॉपर्टी घर 41 AWHO Colony, अंबाबाड़ी, जयपुर एवं राज शेखावत पत्नी श्री दिनेश कुमार के नाम से ऑफिस F-114, विनायक कॉम्प्लेक्स, स्टेशन रोड, जयपुर के मूल रजिस्ट्री के पेपर कहीं गुम हो गए मिलने पर सूचित करें 9929464022

मेरे मकान नम्बर-70/21, प्रताप नगर, श्योपुर रोड, सांगानेर, जयपुर का ओरिजनल डिक्लेरेशन+पजेशन लेटर और नो ड्यूज सर्टिफिकेट कही खो गया मिलने पर सूचित करें क्षीतिज चौधरी- 9982289961

मेरे प्लॉट 241 नारायण विहार ब्लॉक जयपुर के JDA पट्टा./ एलॉटमेंट लेटर व सोसाइटी पेपर कही गुम हो गए थे जिनकी रिपोर्ट दर्ज करा दी थी मिलने पर सूचित करे नम्रता गोस्वामी मोबाइल 9836010235

भूखंड सं. A-19 हथरोईगढ़ी गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना ऑफिसर्स कॉलोनी मीणावाला जयपुर का पंजीकृत जे.डी.ए. पट्टा, साईट प्लान, स्टाम्प पेपर और पेमेंट रसीद कही गुम हो गयी है सूचित करे- किरण मो. 8561899249

मेरे प्लाट नं.5 भगवती नगर-।। महेश नगर करतारपुरा जयपुर का जे.डी.ए. द्वारा जारी मूल पट्टा,साईट प्लान एवं पट्टे के साथ लगे स्टाम्प पेपर कही गुम हो गए है मिलने पर सूचित करे- पुरन चन्द बलोठिया मो.7014318828

मेरे प्लाट नं. 27 आनन्द विहार योजना जयपुर का मूल पट्टा, साईट प्लान एवं पट्टे के साथ लगे स्टाम्प पेपर और अन्य मूल दस्तावेज़ कही गुम हो गए है मिलने पर सूचित करे- पुरन चन्द बलोठिया मो.7014318828

...22.02.2012 को कर दिया गया। श्रीमती कमला बखितयानी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 25.04.2025 को श्री अभय कुमार गोयल पुत्र श्री मदन मोहन गोयल को विक्रय कर उनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक (एकादश) जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री अभय कुमार गोयल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 13.05.2026 को श्रीमती अनु गर्ग पत्नी श्री राजीव गर्ग को विक्रय कर उनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक (एकादश) जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेती श्रीमती अनु गर्ग पत्नी श्री राजीव गर्ग द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती अनु गर्ग पत्नी श्री राजीव गर्ग का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

### उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
### न्यायालय जिला एवम् सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 18260/2026
**राकेश कुमार अरोडा V/s अनिल कुमार अरोडा वगै.**
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम राकेश कुमार अरोडा पुत्र स्व.श्री राजकुमार जाति... निवास स्थान फ्लैट नं.-143, जीएच-23 सैक्टर-21 सी पार्ट-3, फरीदाबाद, हरियाणा-121001, आधार नं.-461798739495
मृतक श्री राजकुमार पुत्र श्री रामचन्द की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 07.09.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम राजकुमार पुत्र श्री रामचन्द जाति... निवासी 1-ख-36, जवाहर नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 07 माह 09 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 27 माह 07 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतक राजकुमार के नाम प्रा.पत्र में वर्णित शेयर्स बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

### हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहित पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय MACT (Comm. Riots Court)
स्थान Jaipur First
विशन सिंह नाथावत विरूद्ध पवन मीणा वगै.
वाद/प्रार्थना पत्र 1201
प्रार्थना-पत्र संख्या 1201 सन् 2025

नाम पवन मीणा पुत्र बोदूराम मीणा जाति मीणा पता प्लाट नं. 1, शिव कॉलोनी, राजावास, जयपुर 302013
उक्त.... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि...
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 05 माह 09 सन् 2026 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 23 माह 7 सन् 26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
विशिष्ठ न्यायालय साम्प्रदायिक दंगे
मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण
जयपुर महानगर-प्रथम

### कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर
सार्वजनिक सूचना
[illegible]
उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर

### उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
### न्यायालय जिला एवम् सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 18259/2026
**राकेश कुमार अरोडा V/s अनिल कुमार अरोडा वगै.**
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम राकेश कुमार अरोडा पुत्र स्व.श्री राजकुमार जाति... निवास स्थान फ्लैट नं.-143, जीएच-23 सैक्टर-21 सी पार्ट-3, फरीदाबाद, हरियाणा-121001, आधार नं.-461798739495
मृतक श्रीमती संतोष के.अरोडा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 07.09.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती संतोष के.अरोडा पत्नी स्व.श्री राजकुमार जाति... निवासी 1-ख-36, जवाहर नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 07 माह 09 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 27 माह 07 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतक संतोष के.अरोडा के नाम प्रा.पत्र में वर्णित शेयर्स बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

नम्बर मिलाइए 8890333139
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:2602 जाहिर आम-सूचना दिनांक:29.07.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 195/80 (LIG) का आवंटन श्रीमती कृष्णा अग्रवाल पत्नी श्री जे.पी. अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1172 दिनांक 10-03-2005 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1883/565 दिनांक 16-04-2010 के द्वारा श्रीमती मंजु देवी दुग्गा पत्नी श्री हंसराज दुग्गा के पक्ष में किया गया। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 29.04.2010 को कर दिया गया। श्रीमती मंजु देवी दुग्गा द्वारा उक्त आवास को श्रीमती रेखा जैन पत्नी श्री मनोज जैन को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 21.01.2013 को उप पंजीयक [illegible]
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

### कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर नगर जोन) नगर निगम जयपुर
[illegible]
उपायुक्त विद्याधर नगर जोन, नगर निगम जयपुर

### कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर
सार्वजनिक सूचना
[illegible]

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:1873 जाहिर आम सूचना दिनांक: 03.07.2026
[illegible]
वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 2601 जाहिर आम-सूचना दिनांक 29/07/2026
[illegible]

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 2844 जाहिर आम-सूचना दिनांक :- 04/08/26
[illegible]

### कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर
सार्वजनिक सूचना
[illegible]
उपायुक्त मालवीय नगर जोन नगर निगम जयपुर

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:2846 जाहिर आम-सूचना दिनांक:04.08.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 250/80 (HIG), (एरिया 264.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती गरिमा पत्नी श्री ललित सूद को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 55 दिनांक 06.04.2011 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 1374 दिनांक 28.05.2011 को जारी किया गया। श्रीमती गरिमा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 30.11.2011 को उप पंजीयक - षष्ठम, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती गरिमा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 12.07.2013 के द्वारा श्रीमती बीना मिश्रा पत्नी स्व. श्री आर. के. मिश्रा को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-प्रथम, के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती बीना मिश्रा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 13.09.2023 के द्वारा श्री सुशान्त कुमार मिश्रा पुत्र श्री ऋषी कुमार मिश्रा को उपहार कर उप पंजीयक - जयपुर-प्रथम, के यहां उपहार पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता / केती श्री सुशान्त कुमार मिश्रा पुत्र श्री ऋषी कुमार मिश्रा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री सुशान्त कुमार मिश्रा पुत्र श्री ऋषी कुमार मिश्रा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

### राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः- 2687 जाहिर आम-सूचना दिनांकः- 31.07.26
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में फ्लैट संख्या 18/B/403 (4-F) (MIG-A) (एरिया 43.840 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मुकेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मुक्ति लाल शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 8404 दिनांक 26.12.2016 को जारी किया गया। श्री मुकेश कुमार शर्मा के पक्ष में उक्त फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 04.10.2017 को उप पंजीयक अष्ठम, मानसरोवर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री मुकेश कुमार शर्मा द्वारा उक्त फ्लैट को दिनांक 29.07.2024 के द्वारा श्रीमती नीतू वर्मा पत्नी श्री अजय चन्द बैरवा को विक्रय कर उप पंजीयक-सप्तम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती नीतू वर्मा द्वारा उक्त फ्लैट को दिनांक 15.05.2026 के द्वारा 1. श्रीमती मोनिका जैन पत्नी श्री विष्णु कुमार (पुत्री श्री सतीश चन्द) एवं 2. श्री विष्णु कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-चतुर्थ, के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता / क्रेती 1. श्रीमती मोनिका जैन पत्नी श्री विष्णु कुमार (पुत्री श्री सतीश चन्द) एवं 2. श्री विष्णु कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, 1. श्रीमती मोनिका जैन [illegible]

### आम-सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य हनुमान सहाय कुमावत पुत्र रामसहाय कुमावत पता- 110 श्रीराम नगर-बी, खिरणी फाटक रोड, जयपुर का पुत्र रामबाबू कुमावत एवं उसकी पत्नी जो मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं हैं एवं मारपीट, गाली गलौच व आपराधिक आचरण करते हैं। मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र रामबाबू, उसकी पत्नी, पुत्र-पुत्री को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया जो कोई इनसे सम्पर्क रखेगा वह स्वंय जिम्मेदार होगा।
जयपुर दिनांक 05.08.2026 ब्रह्म कुमार कुमावत, एडवोकेट मो.- 9376356655

### आम-सूचना
आम सूचना हर आम व खास को सूचित किया जाता है मेरे अभिभाष्य रामवतार खाती पुत्र श्री बिरदीचंद खाती को ग्राम पंचायत मांगलवाडा द्वारा पट्टा संख्या 4802 दिनांक 20/01/2002 को जारी किया गया था। उक्त सम्पत्ति का मूल पट्टा संख्या 4802 दिनांक मेरे अभिभाष्य रामवतार खाती पुत्र श्री बिरदीचंद खाती दूदू से जाते समय रास्ते में कहीं खो गया। जो काफी ढूंढने के बाद भी नहीं मिला। जिसकी गुमशुदगी सूचना रिपोर्ट मेरे अभिभाष्य रामवतार खाती पुत्र श्री बिरदीचंद खाती दर्ज करवा दी गई। इसके पश्चात मूल पट्टा संख्या 4802 दिनांक 20/01/2002 काफी तलाशने के बाद भी नही मिल रहे है एवं गुम हो गए है। हर आम व खास को सूचित किया जाता है उक्त मूल पट्टा संख्या 4802 दिनांक 20/01/2002 किसी को मिले तो मुझ अधोहस्ताक्षरकर्ता को जमा करावे। साथ ही यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर भीतर मुझ अधोहस्ताक्षरकर्ता को आपत्ति करवा दें। बाद गुजरने मियाद किसी भी तरह की आपत्ति मान्य नही होगी।
सुरेन्द्र शर्मा एडवोकेट, दूदू
Mobile No. 9414297482

### उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
### न्यायालय जिला एवम् सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 26/2026
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम कृष्ण कुमार सोनी पुत्र श्री रवीन्द्र कुमार सोनी, सोम्या सोनी, श्रेया सोनी पुत्री कृष्ण कुमार सोनी जाति सोनी
विवाद स्थान 90, श्रीपूरम कॉलोनी गुर्जर की थडी न्यू सांगानेर रोड जयपुर
मृतक श्रीमती नीतू सोनी व विराज सोनी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 17.8.26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती नीतू सोनी पत्नी कृष्ण कुमार सोनी, विराज सोनी पुत्र कृष्ण कुमार सोनी जाति सोनी निवासी 90, श्रीपूरम कॉलोनी गुर्जर की थडी न्यू सांगानेर रोड जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 17 माह 08 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 7 माह 7 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

### विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
आदेश 5 के नियम 1 और 5
**न्याालयः- वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एंव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, किशनगढ़ रेनवाल, जिला जयपुर राजस्थान**
**नन्दू कंवर बनाम बजरंग सिंह वगैरह**
वाद संख्या 34/2026
वाद बाबत घोषणा अन्तर्गत धारा 111 भारतीय साक्ष्य अधिनियम बाबत श्री बजरंग सिंह पुत्र उमराव सिंह जाति राजपुत, निवासी नान्दरी, थाना/तहसील किशनगढ़ रेनवाल, जिला जयपुर राजस्थान को मृतक घोषित करने वास्ते।
**बनाम-** 1. बजरंग सिंह पुत्र उमराव सिंह राजपूत, निवासी-नान्दरी तहसील किशनगढ़ रेनवाल जिला जयपुर, राजस्थान के विरूद वादिया ने दावा बाबत किए जाने उक्त घोषणा अन्तर्गत धारा 111 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लिए वाद पत्र पंजीयक किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 07.09.2026 को दिन में 10.00 एम बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा की लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और आप किसी अन्य दरतावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज तारीख 04.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
मोहर अदालत
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एव अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किशनगढ़ रेनवाल, जिला जयपुर

**SWAMI VIVEKANAND HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BHAVNAGAR - GUJARAT**
Dr. Hahnemann Marg, Sidsar, Bhavnagar-364060 (Gujarat)
**REQUIRES**
Applications are invited from the qualified & eligible candidates for the post of
**Professors, Readers & Lecturers for the following subjects :**
Subjects: Anatomy, Physiology, Materia Medica, Homoeopathic Pharmacy, Organon, Pathology, Community Medicine, F.M.T., Practice of Medicine, Surgery, Obst. & Gynecology, Repertory
Eligibility & Qualification: As per the norms of National Commission for Homoeopathy & M.K. Bhav Uni.
Apply with all necessary documents to : principal@svhmc.org

### कार्यालय तहसीलदार (भू0अ0) आमेर, जिला जयपुर
क्रमांकः-भू0अ0/2026/3520 **आम सूचना का नोटिस** दिनांकः-31-07-26
हर आम खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी आसिफ इकबाल व मौहम्मद वसीम पुत्रान अलीशेर निवासी 602/2 मीरजी का बाग एम.एल.ए. क्वॉटर्स के पास गोपीनाथ मार्ग जयपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कस्बा आमेर स्थित आराजी ख0 न0 5075, 5076, 5078, 5079, 5181 कुल किता 05 कुल रकबा 0.73 हैं0 तथा ख0 न0 5076/9973 कुल किता 1 कुल रकबा 0.12 हैं0 भूमि का नामान्तरकरण अपने पक्ष में खुलवाने का निवेदन किया है। प्रकरण में ग्राम कस्बा आमेर स्थित 5076/9973 रकबा 0.12 हैं0 भूमि में खातेदार भूपेन्द्र कुमार अरोड़ा पुत्र शिवनारायण हिस्सा 37/200 निवासी जे. के. व्हाईट सीमेन्ट गोटन नागौर एवं मैना पत्नी ग्यानचन्द सैनी हिस्सा 163/200 जाति जैन निवासी 44 वसुन्धरा कालोनी टोंक रोड जयपुर दर्ज रिकार्ड है। उक्त ख0 न0 मैना पत्नी ग्यानचन्द सैनी ने जरिये रजि0 विक्रय पत्र दिनांक 05.07.2012 से क्रेता नेहा जैन पत्नी कमल कुमार जैन को हिस्सा 443/1200 भाग का बेचान कर दिया गया था जिसका नामान्तरकरण संख्या 2533 दिनांक 26.09.2023 को दर्ज किया गया था जिसमें 135 (2) में दर्ज कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है प्रकरण में विक्रय पत्र दिनांक 05.07.2012 के अनुसार नेहा जैन पत्नी कमल कुमार जैन ने केता बेपोर सहायक प्राईवेट लि0 को दिनांक 11.02.2013 को बेचान कर दिया गया था। तथा इसके पश्चात बेपोर सहायक प्रा0 लि0 ने दिनांक 11.05. 2022 को किरण सोनी गुप्ता को बेचान कर दिया गया था। उक्त विक्रय पत्रो का राजस्व रिकार्ड में आजतक अमल नही हुआ। प्रकरण में ख0 न0 5075 वगै0 कुल किता 05 रकबा 0. 73 है0 भूमि में कोई भी नामान्तरकरण दर्ज नही हुआ चुकी प्रकरण में नामान्तरकरण सं0 2533 दिनांक 26.09.2023 पर निर्णय के पश्चात ही विक्रय पत्रो में अमल की कार्यवाही हेतु धारा 135 (2) एलआर एक्ट 1956 के तहत दर्ज किया जाकर यह पत्रावली खोली गई। प्रकरण में यदि किसी को कोई उज्ज-एतराज, अथवा आपत्ति हो तो, प्रकरण में नियत आगामी तारीख पेशी 10/8/26 को न्यायालय हाजा में अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का एकतरफा निस्तारण कर दिया जावेगा। सूचित रहे। यह नोटिस आज दिनांक 31/7/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार (भू.अ.) तहसील आमेर

## जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : F-JDA/PRO/2026/D-V-113 दिनांक: 04.08.2026

**शहरी सेवा शिविर । आम सूचना**

आवेदकों द्वारा अपनी सम्पत्ति के पट्टे/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये गये है। जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट **jda.rajasthan.gov.in** पर जाकर देख सकते है। अत : इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर **jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module** के माध्यम से **online** अथवा जोन कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. सं | जोन / आवेदन क्रमांक | भू.सं. | गृ.नि.स.स.लि./योजना का नाम | आवेदक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 / 316570 | 14/OD/392 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |
| 2 | 14 / 316553 | 14/OD/430 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |
| 3 | 14 / 316560 | 14/OD/S/174 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |
| 4 | 14 / 316558 | 14/OD/S/175 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |
| 5 | 14 / 316562 | 14/OD/S/176 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |
| 6 | 14 / 316297 | 14/IE/230 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |
| 7 | 14 / 316545 | 14/IE/96 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |
| 8 | 14 / 316549 | 14/IE/97 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |
| 9 | 14 / 316575 | 14/OD/454 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |
| 10 | 14 / 316551 | 14/OD/S/359 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OD Issue Free Hold E-Patta | Mukesh Kumar Sharma S/o Late Rampal Sharma (POA Chandrakala Sharma W/o Manoj Kumar Sharma) एवं Ratan Ram Sharma S/o Late Rampal Sharma एवं Meera Devi Sharma W/o Ram Pal Sharma एवं D/o Manoj Kumar Sharma एवं Shailly Sharma D/o Manoj Kumar Sharma |

राज.संवाद/सी/26/8704

## विराटनगर में कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

**पावटा।** विराटनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक बुधवार को प्रेम गार्डन, विराटनगर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, चुनावी रणनीति, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा कार्यकर्ताओं के समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि कोटपूतली-बहरोड़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विराटनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र रातावाल ने की, जबकि विराटनगर प्रभारा ेसागर महावर एवं पूर्व बोर्ड चेयरमैन राजस्थान सरकार उर्मिला योगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं। आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस को मजबूत स्थिति में लाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर जनता के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आव्हान किया गया।

# डीग बाईपास व रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**भरतपुर।** डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने बुधवार को 100 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले लगभग 9 किलोमीटर लंबे डीग बाईपास मय रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने अपने संकल्प पत्र में डीग की जनता से यह वादा किया था कि डीग बाईपास का शिलान्यास और उद्घाटन दोनों उनके हाथों से ही संपन्न होंगे। आज उस संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक सड़क निर्माण कार्य नहीं, बल्कि डीग के सुनियोजित विकास, बेहतर यातायात व्यवस्था और क्षेत्र की




विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने बुधवार को डीग बाईपास व रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

आर्थिक प्रगति का आधार बनेगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व तथा उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी के मार्गदर्शन में राजस्थान सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की घोषणा की थी। राज्य सरकार की विकासोन्मुखी सोच के कारण आज वर्षों से लंबित यह बहुप्रतीक्षित परियोजना धरातल पर उतर रही है।

डॉ. सिंह ने कहा कि श्री गिर्राज जी महाराज की असीम कृपा तथा डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता के आशीर्वाद से इस महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी ताकि परियोजना निर्धारित समय में पूर्ण होकर आमजन को शीघ्र लाभ पहुंचा सके।

> ■ 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 9 किलोमीटर लंबे डीग बाईपास के निर्माण से डीग शहर के यातायात में मिलेगी सुविधा

उन्होंने कहा कि लंबे समय तक पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार एवं उसके जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की जनभावनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों को केवल लंबित रखने का कार्य किया, जबकि वर्तमान सरकार जनता की आवश्यकताओं को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए एक-एक संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि डीग बाईपास के निर्माण से शहर में यातायात का दबाव कम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी, व्यापार एवं पर्यटन को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी और जनता से किए गए प्रत्येक वादे को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

## सार-समाचार

### किशनगढ़ बास में कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर शुरू




**किशनगढ़ बास।** सावन के महीने में हरिद्वार से कावड़ लेकर आ रहे कावड़ियों की सेवा के लिए किशनगढ़ बास के पुलिस चेक पोस्ट चौराहे पर तथा किशनगढ़बास कोटकासिम मार्ग पर ग्राम जाटका में बुधवार को शिव कावड़ शिविर का शुभारंभ हुआ।जाटका में पिछले 21 वर्षों से लगातार लगाए जा रहे शिविर का विधायक दीपचंद खेरिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। किशनगढ़ बास में बलबीर खैरिया के निर्देशन में करीब 30 साल से लग रहें अलवर भिवाड़ी हाईवे मार्ग पर शिविर के शुभारंभ पर पूर्व विधायक रामहेत यादव,चरण सिंह खैरिया, विश्वास यादव, दीपू यादव, विक्की गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर करण सिंह, किशोर खेरिया, नंदलाल खेरिया, जसवंत खेरिया, योगेश कुमार, कमल सिंह, अनिल कुमार, हवा सिंह खेरिया, सुधीर खेरिया, महावीर खेरिया, राजू खेरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर शिविर को सफल बनाने और कावड़ियों की सेवा का संकल्प लिया।

### लीगल अवेयरनेस कार्यशाला आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के आमुखीकरण (ओरिएंटेशन) शिविर के द्वितीय दिवस छात्राओं में विधिक जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से लीगल अवेयरनेस (कानूनी जागरूकता) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एड. राजेंद्र रहिसा एवं जिला कलेक्टर न्यायालय के राजकीय अधिवक्ता एड. चेतराम रावत उपस्थित रहे। एड. चेतराम रावत ने छात्राओं को पीसीपीएनडीटी अधिनियम, 1994, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, तथा निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रमुख प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर महिलाओं और छात्राओं को अपने कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे किसी भी प्रकार के अन्याय या शोषण की स्थिति में उचित कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें। एड. राजेंद्र रहिसा ने जीरो एफआईआर की अवधारणा को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया तथा बताया कि किसी भी संज्ञेय अपराध की सूचना देश के किसी भी पुलिस थाने में दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के प्रमुख प्रावधानों, महिलाओं के अधिकारों तथा दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध कानूनी उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। छात्राओं ने कानूनी विषयों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने संतोषजनक समाधान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आर. पी. गुर्जर ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब उसके साथ जागरूकता, आत्मविष्वास और नैतिक मूल्यों का समावेश हो।

### नौ दिवसीय महायज्ञ का आयोजन

**पवटा।** कस्बा पावटा स्थित प्राचीन राठी वाला मंदिर में पूज्य श्री निम्बार्काचार्य श्री श्रीजी महाराज की असीम अनुकम्पा व मंदिर महंत श्री राधा मोहनदास महाराज के सान्निध्य में सोमवार को धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच नौ दिवसीय 9 कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं का भव्य संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही यज्ञशाला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विद्वान आचार्य गोविंद शास्त्री के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें यजमानों ने आहुतियां अर्पित कर भगवान रुद्र से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम वर्षा की कामना की। महायज्ञ के दौरान पूरा परिसर "हर-हर महादेव" और "ॐ नमः शिवाय" के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली और जनकल्याण की प्रार्थना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के अंतर्गत प्रतिदिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान, रुद्राभिषेक, हवन एवं सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ में दूर-दराज़ के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है। महायज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से महायज्ञ में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### चौमूं में सड़कों के लिए 10.09 करोड़ की स्वीकृति मिली

**चौमूं / कालाडेरा।** विधानसभा क्षेत्र चौमूं के सर्वांगीण विकास एवं सुगम आवागमन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने बजट 2026-27 के अंतर्गत नॉन पेचेबल और मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए 10 करोड़ 9 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। स्वीकृति की जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि चौमूं क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा बजट वर्ष 2026-27 के अंतर्गत नॉन पेचेबल सड़कें कुल 20.700 किमी लंबाई की सड़कों के निर्माण के लिए 507 लाख मंजूर किए गए हैं और मिसिंग लिंक सड़कें कुल 13.800 किमी लंबाई की सड़कों के जोड़ के लिए 502 लाख मंजूर किए गए हैं।

## ब्रह्माकुमारी संस्था का 'नशा-मुक्ति प्रतिज्ञा' अभियान आज से

**टोंक।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के मिशन स्पंदन के सहयोग एवं समन्वय से 6 से 20 अगस्त तक देशव्यापी 10 करोड़ नशा-मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत ब्रह्माकुमारीज़ के स्थानीय सेवा केंद्र टोंक द्वारा जिलेभर के शिक्षण संस्थानों, सरकारी विभागों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा युवा संगठनों में नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने बताया कि महाअभियान का उद्देश्य 10 करोड़ नागरिकों को नशामुक्त जीवन की प्रतिज्ञा दिलाकर भारत को नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय प्रयासों को जनभागीदारी के माध्यम से सशक्त करना है।

उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का निर्माण केवल कानूनों से नहीं, बल्कि जनजागरण, जनसहभागिता, आत्मजागृति और सकारात्मक जीवनशैली से संभव है। उन्होंने सभी नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने और अपने परिवार व समाज को भी नशामुक्ति के इस जनआंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक से स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, अपने परिवार में नशामुक्त वातावरण विकसित करने, मित्रों एवं समाज को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने तथा कम से कम पाँच अन्य लोगों को इस अभियान से जोड़कर नशामुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाने का आह्वान किया जाएगा।

# कोटपूतली में सेवा पखवाड़ा के तहत रोजगार गाइडेंस कार्यशाला आयोजित

**कोटपूतली।** विधायक हंसराज पटेल के जन्मदिवस 01 अगस्त से लेकर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चलाये जा रहे "सेवा पखवाड़े" के तहत बुधवार को चतुर्थ दिवस यहां के राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविद्यालय में रोजगार गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने कहा कि आज का युग तेजी से बदलते सामाजिक, तकनीकी और सांस्कृतिक परिवेश का युग है। ऐसे समय में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की भूमिका केवल शिक्षा प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें जागरूक नागरिक बनकर समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझना और निभाना भी आवश्यक है।

इस संदर्भ में कानूनी जानकारी,




राधा देवी पटेल ने कार्यशाला में कानूनों की जानकारी दी।

सामाजिक सरोकार और नशा मुक्ति जैसे विषय अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। हर नागरिक के लिए अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। आज के डिजिटल युग में साईबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए ऑनलाईन धोखाधड़ी, फेक न्यूज और डेटा सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना आवश्यक है।

कानून की जानकारी ना केवल हमें सुरक्षित रखती है, बल्कि हमें सही निर्णय लेने में भी सक्षम बनाती है। समाज के प्रति संवेदनशीलता ही एक अच्छे नागरिक की पहचान है। छात्रों को सामाजिक मुद्दों जैसे

> ■ विधार्थियों को जागरूक नागरिक बनकर समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझना चाहिये : राधा पटेल

स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता, शिक्षा का अधिकार और जरूरतमंदों की सहायता में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम संयोजक व पूर्व चेयरमैन एड. महेंद्र कुमार सैनी ने युवाओं को रोजगार एवं उज्ज्वल कैरियर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने आज के डिजिटल युग में बढ़ते साईबर अपराध, ऑनलाईन धोखाधड़ी और फेक न्यूज से सुरक्षित रहने के लिए कानूनी जानकारी को बेहद जरूरी बताया।

## भरतपुर में आरयूआईडीपी संवाद आयोजित

**भरतपुर।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के पंचम चरण में भरतपुर शहर में प्रस्तावित 309.87 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर सिटी राहुल सैनी की अध्यक्षता में आरयूआईडीपी संवाद एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में परियोजना के तहत किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर सिटी ने बताया कि पंचम चरण के तहत एशियन डेवलपमेंट बैंक के वित्तपोषण से शहर में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए व्यापक कार्य किए जाएंगे। इनमें 182.55 करोड़ रुपये की लागत से अपशिष्ट जल प्रबंधन एवं शोधित जल के पुनः उपयोग की परियोजनाएं, 12.75 करोड़ रुपये से बाढ़ प्रबंधन एवं ड्रेनेज कार्य, 17.86 करोड़ रुपये से कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, विरासत संरक्षण एवं पर्यटन विकास कार्य, 25.26 करोड़ रुपये से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा 71.45 करोड़ रुपये से शहरी परिवहन नेटवर्क को सुदृढ़ करने एवं आधुनिक शहरी गतिशीलता समाधान लागू किए जाएंगे। इन सभी कार्यों पर कुल 309.87 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

# टोंक में आरयूआईडीपी के पांचवें चरण के कार्यों पर संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**टोंक।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) अपने पांचवें चरण में शहर में 41.26 करोड़ से होने वाले कार्यों पर शहर के जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों, विभिन्न विभाग के अधिकारियों, मीडिया एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के लिए कंसल्टेशन बैठक "आरयूआईडीपी संवाद" का आयोजन बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

> ■ शहर के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों व अन्य स्टेक होल्डर्स से हुई चर्चा

आरयूआईडीपी संवाद कार्यक्रम में पंचम चरण में होने वाले कार्यों की जानकारी दी गई तथा साथ ही प्रतिभागियों से सुझाव व फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर, अतिरिक्त जिला कलक्टर, नगर परिषद आयुक्त, जनप्रतिनिधि, पूर्व पार्षद, प्रबुद्धजन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित प्रेस के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में 50 से अधिक लोगों नें भाग लेकर संवाद



जिला कलेक्टर ने आरयूआईडीपी संवाद में कार्यों की जानकारी ली।

कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

कार्यक्रम में आरयूआईडीपी द्वारा एशियन विकास बैंक के वित्तपोषण से अपषिष्ट जल प्रबंधन एवं शोधित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग के लिए कार्यों पर लगभग 21.98 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बाढ़ प्रबंधन और ड्रेनेज के कार्य 8.03 करोड़ की लागत से किये जायेंगे, कमान्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर और विरासत संरक्षण एवं पर्यटन संबंधी कार्य 11.25 करोड से किए जायेंगे इन कार्यों की लागत लगभग 41.26 करोड़ रूपये होगी। कार्यशाला में जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कहा कि प्रोजेक्ट इस बात का ध्यान रखे कि क्रियान्वयन में आमजन को परेशानी कम से कम हो।

उन्होंने कहा कि सीवरेज परियोजना में कई प्रकार की दिक्कते आती है उन्होंने पूर्व के अनुभवों के आधार पर कहा की टोंक में आरयूआईडीपी संबंधित कार्यों को अच्छे ढ़ंग से क्रियान्वित करेगा। इस वर्कशॉप के माध्यम से प्रतिभागियों के रचनात्मक सुझाव सामने आये।

इस अवसर पर आरयूआईडीपी व स्थानीय निकायों के मध्य सामंजस्य पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सहभागियों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुये अतिक्ति जिला कलक्टर विनोद कुमार मीना नें षहर वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा की यह कार्यशाला डीपीआर बनाने से पूर्व कि गई है, ताकि उसमें आपके द्वारा बताये गये सूझावों को शामिल किया जा सके।

## 'दिव्यांगों को मिलेगी निःशुल्क कानूनी सहायता'

**किशनगढ़ बास।** दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बुधवार को किशनगढ़बास में "समुदाय आधारित पुनर्वास" अभियान की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी थे।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर और नालसा के निर्देशों पर आयोजित कार्यक्रम का आयोजन कौशल्याम् इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग एंड रिसर्च, खैरथल द्वारा किया गया। इसमें डी.एड. स्पेशल एजुकेशन आईडी द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने सहयोग किया।

राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में हुए इस कार्यक्रम में न्यायाधीश अजीत कुड़ी ने कहा दिव्यांगता केवल व्यक्ति की स्थिति नहीं, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। अब प्रशिक्षणार्थी 15 दिन तक गांव-गांव जाकर दिव्यांगजनों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं और निःशुल्क कानूनी सहायता से जोड़ेंगे। उन्होंने ने कहा कि समुदाय आधारित पुनर्वास के जरिए दिव्यांगजन अपने ही सामाजिक परिवेश में रहकर आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकते हैं।

न्यायाधीश अजीत कुड़ी ने

> ■ दिव्यांगों के लिए सीबीआर अभियान शुरू, 20 अगस्त तक घर-घर जाकर की जाएगी पहचान

दिव्यांगजनों को बड़ी राहत की जानकारी देते हुए बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12(घ) के तहत सभी दिव्यांगजन निःशुल्क विधिक सहायता पाने के पात्र हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनके अधिकारों की रक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में डॉ. प्रभाकर शर्मा, निदेशक कौशल्याम् इंस्टीट्यूट ने बताया कि प्रशिक्षणार्थी 5 अगस्त से 20 अगस्त तक जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाएंगे। दिव्यांगजनों की पहचान करेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजय गर्ग ने की। इस मौके पर मुकेश तिवारी प्रधानाचार्य बृसिंगपुर, रघुवीर सिंह वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, पीएलवी सूरजभान कछवाहा, राहुल कुमार, संस्था समन्वयक देवेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## 'स्वस्थ बच्चा ही एक सुरक्षित और सशक्त राष्ट्र की पहचान'

**कोटपूतली।** क्षेत्र के बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक बड़ा कदम उठाया गया है। जिले के सभी राजकीय, निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर 05 अगस्त से 10 अगस्त तक विशेष टीकाकरण अभियान का शंखनाद कर दिया गया है। इस अभियान का सीधा उद्देश्य 16 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर उन्हें डिप्थीरिया, टिटनेस, काली खांसी, खसरा और रुबेला जैसी घातक संक्रामक बीमारियों के खिलाफ प्रतिरक्षित करना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने अभियान की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कोई भी बच्चा टीके की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। स्वस्थ बच्चा ही एक सुरक्षित और सशक्त राष्ट्र की पहचान है। डॉ. शेखावत ने फील्ड स्टाफ, एएनएम और आशा सहयोगिनियों को निर्देशित किया है कि वे शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए हर एक स्कूल

> ■ स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष टीकाकरण अभियान 10 अगस्त तक

और आंगनबाड़ी केंद्र पर सघन मॉनिटरिंग करें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न देकर अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करवाएं।

अभियान के तकनीकी व व्यावहारिक क्रियान्वयन को लेकर प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद अग्रवाल ने बताया कि इस 06 दिवसीय विशेष अभियान के लिए एक बेहद मजबूत और माइक्रो-लेवल एक्शन प्लान तैयार किया गया है।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि जो बच्चे नियमित स्कूल नहीं जाते या किसी कारणवश ड्रॉपआउट हैं, उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से कवर किया जा रहा है।

# पावटा में विधायक धनखड़ ने 4 करोड़ रुपये के अटल पथ कार्यों का शिलान्यास किया

**पावटा।** विधानसभा क्षेत्र विराटनगर में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है। लगातार तीसरे दिन विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनखड़ ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए करीब 4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दो अटल पथ (सीसी सड़क) निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। पिछले तीन दिनों में विधानसभा क्षेत्र में कई करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी गई है।

बुधवार सुबह तैलागांव (पाछूडाला) में विधायक धनखड़ ने 2 करोड़ रुपये की लागत से प्रागपुरा-पाछूडाला रोड स्थित तैला गांव पुलिया से रावतों की ढाणी तक बनने वाली लगभग 2 किलोमीटर लंबी सीसी सड़क (अटल पथ) का शिलान्यास किया। इसके बाद मण्ढा में 2 करोड़ रुपये की लागत से मदन कुमावत के मकान से प्रागपुरा-पाछूडाला मुख्य सड़क, डाल्यावाली हिरामल की ढाणी



कुलदीप धनखड़ ने साधारण सभा की बैठक में भाग लेकर विकास योजनाओं की समीक्षा की।

होते हुए महरौली डुंगरी की ओर बनने वाली 2 किलोमीटर लंबी सीसी सड़क (अटल पथ) का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विधायक धनखड़ ने कहा कि राज्य सरकार गांव-गांव तक बेहतर सड़क, आधारभूत सुविधाएं और विकास कार्य पहुंचाने के लिए संकल्पित है। लगातार हो रहे लोकार्पण और शिलान्यास से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। इसके बाद उन्होंने पंचायत समिति पावटा में आयोजित साधारण सभा की बैठक में भाग लेकर विकास योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को जनहित के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रधान मुकेशी देवी, उप प्रधान टीटू सिंह, एसडीएम बृजेश कुमार, तहसीलदार लोकेंद्र मीणा,

> ■ कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता, नई शिक्षा नीति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की

प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम चौधरी, विद्युत विभाग सहायक अभियंता संजीव कुमार जाखड, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कृष्ण सिंह, सहित विभागीय अधिकारी एवं भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता, नई शिक्षा नीति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, प्रधानाचार्यों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। विधायक धनखड़ ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## न्यायिक अधिकारियों ने बच्चों को अधिकारों की जानकारी दी

**खैरथल।** न्यायिक अधिकारियों ने विधिक सेवा प्राधिकरण के बेनर तले ट्रांसफॉर्मेटिव ट्ययूजडे अभियान के तहत स्कूलों में जाकर बच्चों को बताया दुर्व्यवहार केवल शारीरिक हिंसा तक सीमित नहीं है। बल्कि शारीरिक, यौन तथा मानसिक एवं भावनात्मक दुर्व्यवहार भी गम्भीर अपराध हैं। इसलिए इसे सामान्य" समझकर नजर अंदाज नहीं करें और ना ही डरें और ना ही चुप रहें। किसी भी बच्चे के साथ कुछ गलत हो रहा हो तो उसे तुरंत शिक्षक, अभिभावक या भरोसेमंद व्यक्ति को बताएं कि अब बच्चे कमजोर नहीं हैं, उन्हें अपने अधिकार पता हैं और कानून उनके साथ खड़ा है।

विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी सहित न्यायिक अधिकारियों ने राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देश और जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र व्यास के निर्देशन में खैरथल, भिवाड़ी, किशनगढ़बास, कोटकासिम, मुण्डावर व तिजारा में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्ययूजडे अभियान के तहत स्कूलों में पहुंचकर

> ■ 'किसी भी बच्चे के साथ कुछ गलत हो तो तुरंत 1098 नंबर की हेल्प लेवे'

हजारों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ को बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

खैरथल एनडी गंगा उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी ने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट और भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रमुख प्रावधानों की सरल भाषा में जानकारी दी और बताया कि प्राधिकरण का उद्देश्य है कि हर बच्चे को अपने अधिकार पता हों और वो किसी भी दुर्व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाना सीखे। न्यायाधीश अजीत कुड़ी ने कहा दुर्व्यवहार के कई रूप होते हैं। दुर्व्यवहार केवल पिटाई तक सीमित नहीं है। शारीरिक, यौन, मानसिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार भी उतने ही गंभीर अपराध हैं।



भारतीय नजरिए से ड्रॉ अच्छा भारत के हेड कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि भारतीय टीम कई इवेंट्स में मजबूत स्थिति में है। टीम का लक्ष्य कम से कम कुछ इवेंट में पोडियम फिनिश करना है।

-भारतीय कोच गोपीचंद बोले

मेरा मानना है कि आयुष बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। अगर वह यह मैच जीतते हैं तो उनके लिए ड्रॉ खुल सकता है।




**आज का खिलाड़ी** वैभव सूर्यवंशी



**वैभव सूर्यवंशी** के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली सीरीज अच्छी नहीं रही थी। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में डेब्यू करने वाले वैभव तीन मैचों में सिर्फ 42 रन ही बना सके थे। हालांकि जिम्बाब्वे दौरे पर उन्होंने वापसी की। जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने पहले टी-20 में अर्धशतक लगाया। दूसरे मैच में 20 रन बनाए। वहीं आखिरी मैच में 81 रनों की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। पहली बार टॉप-50 रैंकिंग में पहुंचे जिम्बाब्वे के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद की ताजा टी-20 रैंकिंग में वैभव ने 230 स्थान की छलांग लगाई।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में लगातार चार साल तक 1000 रन बनाने का रिकॉर्ड मैथ्यू हेडन के नाम है। उन्होंने 2001 से 2004 तक लगातार चार बार 1000 या अधिक रन बनाए।

# खलिन जोशी ने जेएंडके ओपन में सात शॉट की मजबूत बढ़त बनाई




श्रीनगर, 5 अगस्त। खलिन जोशी ने पांच-अंडर 66 का स्कोर बनाकर श्रीनगर के खूबसूरत रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले जेएंडके ओपन 2026 के दूसरे दिन अपनी बढ़त सात शॉट तक पहुंचा दी। उनका कुल स्कोर 13-अंडर 129 है।

दो शॉट की बढ़त के साथ दूसरे दौर की शुरुआत करने वाले बेंगलुरु के 33 वर्षीय खलिन ने पहले दौर के 63 के बाद एक और सधा हुआ प्रदर्शन किया। उन्होंने बोगी-मुक्त दौर में तीन बर्डी और एक ईगल बनाया। दिल्ली के राशिद खान और चंडीगढ़ के अंगद चीमा छह-अंडर 136 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। 10वें टी से शुरुआत करने वाले खलिन ने 12वें होल पर पांच-आयरन से गेंद को होल से दो फुट की दूरी पर पहुंचाकर दिन की पहली बर्डी बनाई। इसके बाद उन्होंने 13वें होल पर छह फुट का बर्डी पट किया। तीसरे होल पर लोब वेज से गेंद को होल से तीन फुट की दूरी पर पहुंचाने के बाद उन्होंने एक और बर्डी लगाई। उनके दौर का निर्णायक पल पार-5 सातवें होल पर आया। खलिन ने अपनी ड्राइव फेयरवे के बीचोंबीच पहुंचाई और करीब 190 गज की दूरी से सात-आयरन लगाकर गेंद को होल से 20 फुट दूर पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने लंबा पट होल कर ईगल बनाया। खलिन ने कहा, यह दिन के मेरे सर्वश्रेष्ठ पट में से एक था। मैंने गेंद को काफी अच्छी तरह स्ट्राइक किया और कल की तुलना में आज ज्यादा मौके बनाए, लेकिन उतने मौकों को भुना नहीं सका।

जिस तरह में गेंद को हिट कर रहा था, उसे देखते हुए मेरा स्कोर कुछ और कम हो सकता था। इसके बावजूद मैं अपने प्रदर्शन और विशेष रूप से बोगी-मुक्त दौर से बेहद खुश हूं। पूर्व एशियन टूर विजेता खलिन ने अप्रैल में आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता था। उन्होंने शुरुआती 36 होल में सिर्फ एक शॉट गंवाया है। उनकी सप्ताह की एकमात्र बोगी पहले दौर के 17वें होल पर आई थी। सप्ताहांत के दोनों दौर से पहले मजबूत बढ़त हासिल करने के बावजूद खलिन उस रणनीति पर कायम रहना चाहते हैं, जिसने पहले दो दिनों में उन्हें सफलता दिलाई। उन्होंने कहा, ''रणनीति सरल रहेगी। रफ काफी घनी है, इसलिए फेयरवे ढूंढना महत्वपूर्ण होगा। मैं बर्डी के मौके बनाना जारी रखूंगा और उम्मीद है कि अगले दो दौर में कुछ और पट होल कर सकूंगा।

खलिन रॉयल स्प्रिंग्स के शांत वातावरण का भी आनंद ले रहे हैं, जहां खूबसूरत नजारों और कभी-कभार दिखाई देने वाले भालुओं ने उनके अनुभव को और यादगार बनाया है। उन्होंने कहा, भालुओं को देखना रोमांचक है, हालांकि उनसे सुरक्षित दूरी बनाए रखना जरूरी है। यहां के नजारे अविश्वसनीय हैं। में इस माहौल और अपनी अच्छी गोल्फ, दोनों का आनंद ले रहा हूं। दो बार के एशियन टूर विजेता राशिद खान (68-68) और अंगद चीमा (68-68) दूसरे दौर में समान 68 का स्कोर बनाकर खलिन के निकटतम प्रतिद्वंद्वी बने रहे। अप्रैल में बोल्डर्स क्लासिक में उपविजेता रहे चीमा और राशिद छह-अंडर 136 के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। चेक गणराज्य के स्टेपन डानेक (68-69), नोएडा के गौरव प्रताप सिंह (68-69), चंडीगढ़ के अजीतेश संधू (65-72) और युगांडा के जोशुआ सील (69-68) पांच-अंडर 137 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। गुरुग्राम के 18 वर्षीय नवोदित खिलाड़ी हरमन सचदेवा (65-73), जिन्होंने पहले दिन का एकमात्र बोगी-मुक्त दौर खेला था, छह स्थान खिसककर चार अंडर 138 के साथ संयुक्त आठवें स्थान पर पहुंच गए। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज सप्तक तलवार (69-71), जिन्होंने गर्मियों के दौरान होटलप्लानर टूर पर खेला था, दो-अंडर 140 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त नौवें स्थान से खिसककर संयुक्त 23वें स्थान पर पहुंच गए। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हुई भारी बारिश के कारण जलभराव के चलते पार-4 11 वें होल को छोटा करके पार-3 के रूप में खेला गया।

## शास्त्री क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर , 5 अगस्त। अंडर 12 पिंकसिटी कप में शास्त्री क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 205 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाएं! भावेश लालवानी ने सर्वाधिक 101 रनों का योगदान दिया! वर्धमान स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी की ओर से मनीष और मयंक ने 2-2 विकेट लिए । लक्ष्य का पीछा करने उतरी वर्धमान स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी 40 ओवर में 96 रन 8 विकेट के नुकसान पर बना सकी!

## सेक्रेटरी सैकिया की तबीयत खराब, आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे के प्रदर्शन की समीक्षा होना थी

नई दिल्ली । इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे पर भारतीय टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद होने वाली की रिव्यू मीटिंग फिलहाल टाल दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सेक्रेटरी देवजीत सैकिया की तबीयत खराब होने की वजह से यह मीटिंग टाल दी गई है। मीटिंग अगस्त के पहले सप्ताह में होने वाली थी। अब उम्मीद है कि यह अगले कुछ दिनों में की जाएगी, जिसमें हेड कोच गौतम गंभीर वर्चुअली शामिल हो सकते हैं।

आयरलैंड के खिलाफ 2-0 से सीरीज हारी टी-20 वर्ल्ड चैंपियन भारत का हालिया विदेशी दौरा उम्मीदों के बिल्कुल उलट रहा। टीम ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर कुल 10 मुकाबले खेले, लेकिन सिर्फ दो मैच ही जीत सकी। आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी-20 सीरीज में भारत को 2-0 से क्लीन स्वीप झेलना पड़ा। इस सीरीज में पहली बार श्रेयस अय्यर ने टी-20 टीम की कप्तानी संभाली थी। इंग्लैंड दौरे पर भी खराब रहा प्रदर्शन इसके बाद इंग्लैंड दौरे पर भी भारतीय टीम का प्रदर्शन खराब रहा। पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भारत को 4-0 से हार मिली, जबकि एक मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया। इसके बाद वनडे सीरीज में भी शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम 2-1 से सीरीज गंवा बैठी।

## आर प्रज्ञानानंदा सेंट लुईस टूर्नामेंट के रैपिड में टॉप पर

नई दिल्ली। भारतीय ठौंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका में खेले जा रहे सेंट लुईस रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस टूर्नामेंट के रैपिड में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने 18 संभावित पॉइंट्स में से 12 पॉइंट्स जुटाकर 1 पॉइंट की बढ़त बनाई। अब खिताब का फैसला 18 ब्लिट्ज मैचों से होगा। इस प्रदर्शन से साल के अंत में होने वाले ठौंड चेस टूर फाइनल में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें भी मजबूत हुई हैं। आखिरी राउंड में हार, फिर भी बढ़त बरकरार रैपिड सेक्शन के नौवें और अंतिम राउंड में प्रज्ञानानंदा को नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरीस्ट से हार मिली।

इसके बावजूद वह 12 पॉइंट्स के साथ टॉप पर बने रहे। रैपिड सेक्शन में उन्होंने 4 मैच जीते, 4 ड्रॉ खेले और सिर्फ एक मुकाबला गंवाया। सिंजारोव और वेस्ली सो संयुक्त दूसरे स्थान पर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंजारोव और अमेरिका के वेस्ली सो 11-11 पॉइंट्स के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। सिंजारोव इसी साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के डी गुकेश को चुनौती देंगे। अब 18 ब्लिट्ज मैचों में होगा फैसला टूर्नामेंट का रैपिड सेक्शन खत्म हो चुका है। अब सभी खिलाड़ियों को 18 ब्लिट्ज मुकाबले खेलने हैं, जिनके बाद चैंपियन का फैसला होगा।

**कार्यालय नगर पालिका इटावा जिला कोटा (राज.)**
E-mail id – npitawa01@gmail.com Phone No. – 07458-294015
क्रमांक : न.पा.इ./2026–27/3217 दिनांक : 30.07.2026
**अल्पकालीन निविदा सूचना– 08/2026–27/**
नगर पालिका इटावा द्वारा विभिन्न राजकीय विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको/संबंधित फर्मो/कम्पनीयों से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन ई–निविदा मे भाग लेने के इच्छुक निविदादाता E-Proc Portal की वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध ई–निविदा प्रस्ताव को डाउनलोड कर सकते है। ई–निविदा की विस्तृत जानकारी की सूचना राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। फर्म को अपने ई–निविदा प्रस्तावो के ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण हेतु "डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट" (DSC) प्राप्त करना भी अनिवार्य होगा। निविदा खोलने की तिथि के संशोधन के क्रम मे समिति को पूर्ण विवेकाधिकार प्राप्त होगा तथा संशोधन की सूचना e-Proc Portal की वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध करा दी जावेगी। जिनका NIB Code DLB2627A5419 है। एवं कार्य अनुसार UBN No. निम्न प्रकार है।
UBN No. :- (1) DLB2627SLOB13194 (2) DLB2627SLOB13197
प्रशासक नगर पालिका इटावा — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका इटावा
राज.संवाद/सी/26/8653

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**
केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों एवं उनके उपक्रमों में अ अथवा अअ श्रेणी एवं रा. रा. वि. प्र.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत/मान्य निविदाकारों से अधिशासी अभियंता (सिविल) अजमेर/सीकर/मेड़ता सिटी के अधीन निविदा सूचना संख्या 07/2026-27 में क्र. स. 01 से 25 पर वर्णित कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑन लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अधिशासी अभियंता (सिविल) अजमेर/सीकर/मेड़ता सिटी के अधीन ई निविदा सूचना संख्या 08/2026-27 में क्र. स. 01 से 07 पर वर्णित सिविल कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, https://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn एवं http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।
UBN No. :- For NIB No. 07/2026-27 - VPN2627WSOB01044 to VPN2627WSOB01047, VPN2627WSOB01055, VPN2627WSOB01057 to VPN2627WSOB01059, VPN2627WSOB01062, VPN2627WSOB01063, VPN2627WSOB01065, VPN2627WSOB01069, VPN2627WSOB01072, VPN2627WSOB01073, VPN2627WSOB01075 VPN2627WSOB01053, VPN2627WSOB01054, VPN2627WSOB01056, VPN2627WSOB01060, VPN2627WSOB01064, VPN2627WSOB01066, VPN2627WSOB01070, VPN2627WSOB01071, VPN2627WSOB01074, VPN2627WSOB01119 & UBN No. :- For NIB No.08/2026-27-VPN2627WSOB01048 to VPN2627WSOB01050, VPN2627WSOB01077, VPN2627WSOB01079, VPN2627WSOB01039 to VPN2627WSOB01040
अधीक्षण अभियंता (सिविल), अजमेर
राज.संवाद/सी/26/8685 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7720/2026

## दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान जीत के करीब

नई दिल्ली । त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन पाकिस्तान ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। वेस्टइंडीज को पहली पारी में 344 रन पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 387 रन बनाकर 43 रन की बढ़त हासिल की। इसके जवाब में मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 103 रन बनाए। उसकी बढ़त अब सिर्फ 60 रन की रह गई है। तीसरे दिन का आखिरी सत्र मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। शुरुआती समय में वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाजों ने पाकिस्तान की बढ़त खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बाद स्पिनर साजिद खान और अली उस्मान ने लगातार विकेट लेकर मैच का रुख पाकिस्तान की ओर मोड दिया। साजिद खान ने तेजनारायण चंद्रपॉल को आउट कर पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने शाई होप और नाइटवॉचमैन जेडन सील्स को भी पवेलियन भेजा।

वहीं अली उस्मान ने दिन की आखिरी गेंद पर रोस्टन चेज का अपनी ही गेंद पर कैच लपककर वेस्टइंडीज को छठा झटका दिया। अब वेस्टइंडीज के सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। ऐसे में उसके लिए पाकिस्तान के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखना आसान नहीं होगा। इससे पहले पाकिस्तान की पहली पारी 387 रन पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक ने शानदार 150 रन बनाए और टीम को पहली पारी में 43 रन की अहम बढ़त दिलाई। हालांकि, तीसरे दिन के पहले सत्र में पाकिस्तान ने जल्दी-जल्दी विकेट गंवा दिए। बाबर आजम 88 रन पर रन आउट हो गए।

## अल्काराज कलाई की चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से बाहर

नई दिल्ली । दुनिया के नंबर-2 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कलाई की पुरानी चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से बाहर हो गए हैं। इसके साथ ही साल के आखिरी ठौंड स्लैम यूएस ओपन में उनके खेलने पर भी सस्पेंस बढ़ गया है।

अल्काराज अप्रैल के बाद से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। वे सिनसिनाटी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने वाले थे, जिसे ओपन की सबसे अहम तैयारी माना जाता है। टूर्नामेंट डायरेक्टर बोले- जल्द कोर्ट पर लौटें, यही उम्मीद सिनसिनाटी ओपन के टूर्नामेंट डायरेक्टर बॉब मोरान ने आधिकारिक बयान जारी कर अल्काराज के हटने की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि कार्लोस जल्द से जल्द कोर्ट पर लौटने और फिर से मुकाबले खेलने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं और भविष्य में सिनसिनाटी में उनका फिर से स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।'

फ्रेंच ओपन और विंबलडन भी नहीं खेल सके 21 साल के स्पेनिश स्टार अल्काराज ने 14 अप्रैल को बार्सिलोना ओपन में अपना आखिरी मुकाबला खेला था। उसी मैच के बाद कलाई की चोट उभरने पर उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इसके बाद वह फ्रेंच ओपन और पूरा ठास-कोर्ट सीजन, जिसमें विंबलडन भी शामिल है, नहीं खेल सके।

## जयश्री पेरीवाल स्कूल व रमन इंटरनेशनल स्कूल जीते




जयपुर, 5 अगस्त। जयपुर के स्थानीय सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे फादर रेमंड कोएल्हो डायमंड जुबली कप 2026 में दिन का पहला मुकाबला जयश्री पेरीवाल स्कूल और सेंट एनस्लम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांभर रोड के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जयश्री पेरीवाल स्कूल ने निर्धारित 20 ओवर में 196/5 रन बना दिए। जिसमें अर्पित मेहता ने 79 रन व शांतनु सोनी ने 31 रन बनाए। सेंट एनस्लम की ओर से गेंदबाजी में रोजर, दीक्षांत व शिवराज ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में सेंट एनस्लम 20 ओवर में 63/6 रन ही बना पाई। जिसमें आरव तालुका ने 13 रन बनाए व विग्नेश चौधरी ने 12 रन बनाए। जयश्री पेरीवाल की ओर से गेंदबाजी में दीक्षांन राजोरिया ने 3 विकेट लिए। जयश्री पेरीवाल स्कूल ने 133 रनों से मुकाबला जीता। मैन ऑफ़ द मैच - अर्पित मेहता रहे। दिन का दूसरा मुकाबला जयपुरिया विद्यालय और रमन इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुरिया विद्यालय ने 108/8 रन बनाए। जिसमें लव गोयल ने 24 रन व कबीर ने 22 रन बनाए। रमन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से गेंदबाजी में अमन तुरपानी व भीष्म ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में रमन इंटरनेशनल स्कूल ने 11.4 ओवर में 109/4 रन बना कर जीत हासिल की। जिसमें तुषार चेलानी व प्रतुल शर्मा ने 40-40 रन बनाएं। जयपुरिया विद्यालय की ओर से गेंदबाजी में भविष्य ,अभिषेक, लव व दिशु ने 1-1 विकेट लिए। रमन इंटरनेशनल स्कूल ने जयपुरिया विद्यालय को 6 विकेट से हराया। मैन ऑफ़ द मैच - तुषार चेलानी रहे ।

## वैभव सूर्यवंशी के टेस्ट खेलने की चर्चा पर रहाणे बोले

### युवा खिलाड़ी पर दबाव न डालें, और इंटरनेशनल क्रिकेट में काफी अंतर

नई दिल्ली । भारत के पूर्व क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के टेस्ट करियर को लेकर अपनी राय रखी है। रहाणे का मानना है कि वैभव के टेस्ट करियर को लेकर अभी कोई भी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट और में काफी अंतर है।


रहाणे ने स्टिक टू क्रिकेट पॉडकास्ट पर डेविड लॉयड, फिल टफनेल, एलिस्टेयर कुक और माइकल वॉन के साथ बातचीत में यह बात कही। वैभव को अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए और मौके दिए जाने चाहिए। रहाणे ने 30 जुलाई को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था।

भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल चुके रहाणे ने इंस्टाठााम पर वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी थी। रहाणे बोले- वैभव पर काफी बातें हो रही रहाणे ने कहा कि वह वैभव पर दबाव नहीं डालना चाहते क्योंकि लोग पहले ही उनके बारे में काफी चर्चा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा- में 4-5 ओवर में 70 रन बनाना आसान हो सकता है, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट में वही लक्ष्य हासिल करना पूरी तरह अलग चुनौती है।

वैभव जिम्बाब्वे के खिलाफ प्लेयर ऑफ द सीरीज बने वैभव सूर्यवंशी के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली सीरीज अच्छी नहीं रही थी। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में डेब्यू करने वाले वैभव तीन मैचों में सिर्फ 42 रन ही बना सके थे।

## राजस्थान वुशू खिलाड़ी दिव्या चौधरी ने 3 स्वर्ण व तन्वी दाधीच ने जीता रजत पदक



जयपुर, 5 अगस्त । 30 जुलाई से 4 अगस्त 2026 तक बाटुमी, जॉर्जिया में आयोजित हुई बाटुमी ओपन इंटरनेशनल वुशु प्रतियोगिता में राजस्थान की वुशू खिलाड़ी दिव्या चौधरी ने 3 स्वर्ण व तन्वी दाधीच ने रजत पदक जीत देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। हीरानंद कटारिया, उपाध्यक्ष, भारतीय वुशू संघ व अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि प्रतियोगिता में दिव्या चौधरी ने बागुआझांग, वुडांग बागुआ व डबल वेपन में 3 स्वर्ण पदक व तन्वी दाधीच ने 48 किलोठााम भारवर्ग में रजत पदक जीत देश का नाम रोशन किया।

## श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट की तैयारी, 15 अगस्त से सीरीज

नई दिल्ली । श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट की तैयारियों को मजबूत करने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया के कैंप में चार नेट बॉलर्स को शामिल किया है। बोर्ड ने बुधवार को बताया कि हर्ष दुबे, शिवांग कुमार, तनुष कोटियान और विपराज निगम अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय बल्लेबाजों को गेंदबाजी करेंगे।

**कार्यालय नगर परिषद्, ब्यावर**
Tel No. 01462-258665, 257509 Email Add: npbeawar@gmail.com
क्रमांक/निर्माण/2026–27/5939 दिनांकः– 31.07.2026
**ई–निविदा सूचना संख्या 13/2026–27**
नगर परिषद, ब्यावर द्वारा परिषद क्षैत्र में निजी आय मद से 03 निर्माण कार्य परिषद के सम्बन्धित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के सक्षम पंजीकृत ठेकेदारों से E-Procurement प्रकिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑनलाईन निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 10/08/2026 सांय 06:00 बजे तक निविदा भरी जा सकती है एवं ई–निविदा फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस की राशि नगर परिषद के IDFC First Bank के खाता संख्या 10123576694 आई.एफ.सी. कोड IDFB0042185 में जमा कराकर बोली धरोहर का डी.डी./बैंकर चैक नगर परिषद, ब्यावर के निर्माण शाखा में दिनांक 11/08/2026 को प्रातः 11 बजे से पूर्व जमा कराना अनिवार्य कराना अनिवार्य है। कुल 03 निर्माण कार्य कुल राशि रू. 40.59 लाख के कराये जाने है। ई–निविदा सूचना की समस्त शर्तें SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।
जिसका NIB Code DLB2627A5417 है एवं UBN No. निम्नानुसार है:–
1. DLB2627WSOB13192 3. DLB2627WSOB13198
2. DLB2627WSOB13195
आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर
राज.संवाद/सी/26/8740

**कार्यालय नगर परिषद्, ब्यावर**
Tel No. 01462-258665, 257509 Email Add: npbeawar@gmail.com
क्रमांक/निर्माण/2026–27/5953 दिनांकः– 31.07.2026
**ई–निविदा सूचना संख्या 12/2026–27**
नगर परिषद, ब्यावर द्वारा परिषद क्षैत्र में निजी आय मद से 03 निर्माण कार्य परिषद के सम्बन्धित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के सक्षम पंजीकृत ठेकेदारों से E-Procurement प्रकिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑनलाईन निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 10/08/2026 सांय 06:00 बजे तक निविदा भरी जा सकती है एवं ई–निविदा फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस की राशि नगर परिषद के IDFC First Bank के खाता संख्या 10123576694 आई.एफ.सी. कोड IDFB0042185 में जमा कराकर बोली धरोहर का डी.डी./बैंकर चैक नगर परिषद, ब्यावर के निर्माण शाखा में दिनांक 11/08/2026 को प्रातः 11 बजे से पूर्व जमा कराना अनिवार्य कराना अनिवार्य है। कुल 03 निर्माण कार्य कुल राशि रू. 149.96 लाख के कराये जाने है। ई–निविदा सूचना की समस्त शर्तें SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।
जिसका NIB Code DLB2627A5431 है एवं UBN No. निम्नानुसार है:–
1. DLB2627WSOB13225 3. DLB2627WSOB13231
2. DLB2627WSOB13227
आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर
राज.संवाद/सी/26/8742

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल बसेडी, धौलपुर (राज.)**
Email id :- baseri.jaipur21@gmail.com
क्रमांकः– न.पा.ब./निर्माण/2026/2925 दिनांकः– 31.07.2026
**ई- निविदा सूचना संख्या 14/2026–27 आमंत्रण सूचना**
नगरपालिका द्वारा निम्न कार्य हेतु केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के अन्तर्गत ऑनलाइन आमन्त्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि 01.08.2026 समय प्रातः 10.00 बजे से प्रारम्भ की जाकर निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 12.08.2026 समय सांय 06.00 बजे तक होगी। एवं निविदा दिनांक 13.08.2026 को खोली जावेंगी। तकनीकी निविदा में सफल संवेदकों की ही वित्तीय विड खोली जावेंगी।
निविदा फॉर्म ऑनलाईन बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड व डाउनलोड की जायेंगी। तथा ऑनलाईन बेवसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी निविदा शर्ते देखी जा सकती है।

| S.No. | UBN no. | Tender Id | Estimated Cost |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2627WSRC13134 | 2026_DLB_580218_1 | 896353/- |
| 2 | DLB2627WSRC13140 | 2026_DLB_580218_2 | 1032020/- |
| 3 | DLB2627WSRC13143 | 2026_DLB_580218_3 | 825100/- |
| 4 | DLB2627WSRC13146 | 2026_DLB_580218_4 | 2123573/- |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बसेडी
राज.संवाद/सी/26/8662

# वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप का ड्रॉ जारी, सिंधु का मैच सोफिया से

### आयुष वर्ल्ड चैंपियन से भिड़ेंगे, 17 अगस्त से नई दिल्ली में टूर्नामेंट




नई दिल्ली। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने बुधवार को नई दिल्ली में वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप का ड्रॉ जारी किया। चैंपियनशिप 17 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली में होगी। पहले दौर में भारत के आयुष शेट्टी का मुकाबला वर्ल्ड चैंपियन और टॉप सीड चीन के शी यू क्वी से होगा। पीवी सिंधु पहले मैच में आयरलैंड की सोफिया नोबल से खेलेंगी। सात्विक-चिराग की जोड़ी को बाई मिला है।

पुरुष और महिला एकल में 64-64 खिलाड़ियों का ड्रॉ है। तीनों युगल स्पर्धाओं में 48-48 जोड़ियां हिस्सा लेंगी। ड्रॉ जारी करते के पदाधिकारी और भारतीय कोच पुलेला गोपीचंद। विमेंस सिंगल्स में भी शुरुआती मैच कठिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु अपने अभियान की शुरुआत आयरलैंड की सोफिया नोबल के खिलाफ करेंगी। हालांकि, आगे का सफर उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सिंधु को राउंड ऑफ 16 में चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी और क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी का सामना करना पड़ सकता है। सिंधु का ड्रॉ ओलंपिक चैंपियन एन से यंग वाले हाफ में है। उन्नित हुड्डा अपने वर्ल्ड चैंपियनशिप डेब्यू में म्यांमार की थेट हतार थुजार से भिड़ेंगी। अगर उन्नित तीसरे राउंड से आगे बढ़ती हैं, तो क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जापान की अकाने यामागुची से हो सकता है। मेंस सिंगल्स में कई रोमांचक मुकाबले होंगे मेंस सिंगल्स में 14वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले राउंड में ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स फिलिमोन से खेलेंगे। अगर लक्ष्य क्वार्टर फाइनल तक पहुंचते हैं, तो तीसरे राउंड में उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न से हो सकता है।

क्वार्टर फाइनल में उनकी टक्कर फ्रांस के एलेक्स लानियर या क्रिस्टो पोपोव से हो सकती है। वहीं, आयुष शेट्टी को पहले राउंड में सबसे कठिन ड्रॉ मिला है। आयुष का मुकाबला राउंड ऑफ 64 में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यूकी से होगा। इस सीजन में यह दोनों के बीच तीसरी भिड़ंत होगी, जिसमें शी यूकी का पलड़ा 3-0 से भारी है।

**कार्यालय नगर पालिका, बालेसर सत्ता (जोधापुर) राज.**
Municipal Board, Balesar Satta (Jodhpur) Rajasthan e-mail:- eombbalesar2022@gmail.com
क्रमांकः–नपाबास./विकास/निविदा/2026–27/511 दिनांकः–31.07.2026
**–: ई–निविदा सूचना :–**
(एनआईबी नं. – DLB2627A5483)
नगरपालिका बालेसर सत्ता की ओर से नगरपालिका बालेसर सत्ता एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई– प्रोक्युरमेंन्ट प्रक्रिया ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नगरपालिका बालेसर सत्ता क्षेत्र में विभिन्न 11 विकास कार्यों हेतु अनुमानित लागत (रू 328.07 लाख) की निविदा ऑनलाईन जारी की दिनांक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.nic.in व www.eproc.rajashtan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बालेसर सत्ता
राज.संवाद/सी/26/8680

**कार्यालय नगर पालिका,जैतारण (ब्यावर)**
क्रमांक/नपाजै/विकास/ईनिविदा/2026/641 दिनांक :– 14.05.2026
**:: ई–निविदा सूचना ::**
(NIB NO. DLB2627A5393)
नगर पालिका जैतारण की ओर से नगर पालिका जैतारण एवं राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई– प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है । नगर पालिका क्षैत्र के कुल 02 कार्य अनुमानित लागत 53.00 (लाख) रू की निविदा बेचे जानी प्रारम्भ की दिनांक 01.08.2026 एवं 10.08.2026 प्राप्त करने की दिनांक निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajashtan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
राज.संवाद/सी/26/8651 प्रशासक अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला–राजसमन्द(राज.)**
Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526
क्रमांक : न.प.नाथ./निविदा/निर्माण/26/5607 दिनांक : 31.07.2026
**ई–निविदा सूचना संख्या–42/2026–27**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगरपालिका नाथद्वारा द्वारा इस वित्तीय वर्ष में निम्नानुसार कार्य कराये जाने हेतु ईच्छुक पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाऐं निम्नांकित दिनांक तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत संवेदक/फर्म/व्यक्ति उक्त कार्यो के निविदा फार्म आनलाईन राजकीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड व अपलोड तथा http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर देखें जा सकते है :–

| क्र.सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कुल कार्य की संख्या | 07 |
| 2. | निविदा अपलोड की अन्तिम दिनांक व समय | 11.08.2026 समय– सांय 6:00 बजे तक |
| 3. | निविदा खुलने की दिनांक व समय | 12.08.2026 समय– दोपहर 12:00 बजे से |
| 4. | UBN No. | 1- DLB2627WSOB13900<br>2- DLB2627WSOB13903<br>3- DLB2627WSOB13907<br>4- DLB2627WSOB13909<br>5- DLB2627WSOB13911<br>6- DLB2627WSOB13915<br>7- DLB2627WSOB13919 |

राज.संवाद/सी/26/8666 आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

# गुरु रविदास ने समरसता के संदेश से समाज को एक सूत्र में पिरोया- भजनलाल

## गुरु रविदास की जन्मस्थली से लाये गए पावन रज कलश की रथयात्रा सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए रवाना

जयपुर, 5 अगस्त। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में आयोजित "समरसता संकल्प अभियान" का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ बुधवार को जयपुर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, समरसता संकल्प अभियान के राष्ट्रीय संयोजक एवं एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, दिया कुमारी, अभियान के प्रदेश संयोजक भूपेन्द्र सैनी सहित, संत-महात्माओं और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गुरु रविदास की जन्मस्थली से लाए गए पावन रज कलश राजस्थान की सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए रवाना किये। रज कलश ले जा रहे रथ प्रत्येक लोकसभा, विधानसभा, मंडल और गांव-ढाणी तक पहुंचकर सामाजिक समरसता, समानता और संत रविदास के विचारों का संदेश देंगे।

**■ समरसता संकल्प अभियान के तहत यह रथयात्रा हर विधानसभा क्षेत्र में एक दिन प्रवास करेगी तथा स्थानीय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में आयोजित "समरसता संकल्प अभियान" के प्रदेश स्तरीय समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर अभियान के राष्ट्रीय संयोजक एवं एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा मौजूद थे।*

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत की संत परंपरा ने सदैव राष्ट्र और समाज को दिशा देने का कार्य किया है। संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समानता, भाईचारे, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान का संत रविदास से ऐतिहासिक संबंध रहा है और चित्तौड़गढ़ में विकसित किया गया पैनोरमा नई पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लाल सिंह आर्य ने कहा कि संत रविदास का प्रसिद्ध संदेश "जाति-पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई" सामाजिक समरसता का मूल मंत्र है।"

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने लगभग 650 वर्ष पूर्व समाज को समरसता, समानता और कर्मप्रधान जीवन का संदेश दिया था।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि संत रविदास के आदर्श आज भी समाज को समानता, सद्भाव और आत्मीयता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देते हैं।

अभियान के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सैनी ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रथ एक दिन प्रवास करेगा और स्थानीय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## कानपुर- लखनऊ एक्सप्रेसवे धंसने पर निर्माण कंपनी के खिलाफ कार्यवाही

नई दिल्ली, 05 अगस्त। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सड़क धंसने के मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने निर्माण कंपनी, स्वतंत्र इंजीनियर और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। एनएचएआई ने निर्माण कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड को नॉन-परफॉर्मर घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही एक्सप्रेसवे पर फिलहाल टोल वसूली भी रोक दी गई है।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि 63 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे पर 26 जुलाई को किलोमीटर 64 के पास करीब 300 मीटर हिस्से में सड़क धंसने (स्लिपेज) की घटना सामने आई थी। इसके बाद एनएचएआई ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया और प्रभावित हिस्से की व्यापक तकनीकी जांच के आदेश दिए। एनएचएआई ने पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उसके खिलाफ सुरक्षा राशि का दो प्रतिशत जुर्माना लगाने, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तीन वर्ष तक डिबारमेंट की कार्रवाई करने तथा कंपनी की रेटिंग घटाने का प्रस्ताव रखा है।

# सुप्रीम कोर्ट की समिति 7 से 10 अगस्त अरावली जिलों में फील्ड विज़िट करेगी

## समिति 7 को सरिस्का, 8 को अजमेर व 10 को उदयपुर में अधिकारियों, ग्रामीणों, किसानों से जनसंवाद करेगी

जयपुर, 5 अगस्त। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरावली को परिभाषित करने के संबंध में महानिदेशक भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा राजस्थान के चयनित अरावली जिलों का 7 से 10 अगस्त तक फील्ड दौरा किया जाएगा।

**■ राज्य सरकार ने खान विभाग के निदेशक महावीर प्रसाद मीणा तथा अतिरिक्त मुख्य वन संरक्षक श्रीमती टी जे कविता को समिति की फील्ड विज़िट के लिए नोडल अधिकारी बनाया है।**

उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा फील्ड विजिट का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की पारिस्थितिकी, भूवैज्ञानिक, हाइड्रोलॉजिकल, जैव विविधता, खनन भूमि उपयोग और सामाजिक आर्थिक बिन्दुओं का अध्ययन करना है। समिति की फील्ड विजिट के लिए राज्य सरकार द्वारा खान विभाग के निदेशक महावीर प्रसाद मीणा को नोडल अधिकारी और बीएस सोढ़ा अतिरिक्त निदेशक खान को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार से वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य वन संरक्षक टीजे कविता को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

उच्च स्तरीय समिति द्वारा 7 अगस्त को कोटपुतली, नीम का थाना, सरिस्का क्षेत्र का फील्ड विजिट किया जाएगा। आठ अगस्त को जयपुर के साथ ही किशनगढ़ अजमेर क्षेत्र का फील्ड विजिट किया जाएगा। इसी तरह से 9 अगस्त को राजसमंद और उदयपुर क्षेत्र का फील्ड विजिट किया जाएगा।

टीम के सदस्य इन क्षेत्रों में जिला कलक्टरों, खान-वन व संबंधित विभागों के अधिकारियों, खान पट्टाधारकों, पर्यावरणविदों, स्वयंसेवी संस्थाओं, खनन एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों, खनन श्रमिकों, विशेषज्ञों, स्थानीय ग्रामीणों व किसानों से संवाद करेंगे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइन्स अपर्णा अरोरा ने बुधवार को सचिवालय में उच्चस्तरीय समिति के दौरे के संदर्भ में खान एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की।

# कैबिनेट सचिव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मनोज कुमार द्विवेदी को उनके मूल कैडर में एक विस्तारित "कूलिंग ऑफ" अवधि के लिए वापस भेजने की भी मंजूरी दी है। सोमनाथन, जो 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और तमिलनाडु कैडर से हैं, पहले वित्त सचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं। वे 30 अगस्त, 2024 से कैबिनेट सचिव के पद पर हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव और संयुक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया है। इस ब्यूरोक्रेट ने वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक समूह के निदेशक के रूप में भी काम किया, जहां उन्होंने युवा पेशेवर कार्यक्रम के तहत शुरुआत की थी।

गोविंद मोहन 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और सिक्किम कैडर से हैं, जो 23 अगस्त, 2024 से गृह सचिव के रूप में कार्यरत हैं। द्विवेदी 1997 बैच के एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी हैं। उनको पिछले वर्ष नियुक्ति समिति ने नवंबर, 2026 तक विस्तार दिया था।

## बिहार के मंत्री दीपक प्रकाश राज्यपाल कोटे से एमएलसी मनोनीत

पटना, 05 अगस्त। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को राज्यपाल कोटे से विधान परिषद की सदस्यता मिल गई है। इसको लेकर नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। नवंबर 2025 में दीपक प्रकाश पहली बार राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में मंत्री बने थे। अप्रैल 2026 में जब बिहार में भाजपा के मुख्यमंत्री सहित नई सरकार का गठन हुआ तो दीपक प्रकाश दोबारा मंत्री बनाए गए।

# प्रधानमंत्री ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नियमित रूप से उपस्थित रहने और सक्रिय भागीदारी निभाने की सलाह दी। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में संयम, शिष्टाचार और गरिमापूर्ण आचरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने सांसदों से सोशल मीडिया और तकनीक का उपयोग जिम्मेदारी तथा सावधानी के साथ करने को कहा।

बैठक के बाद कई सांसदों ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री से मुलाकात के अनुभव साझा किए।

भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य नितिन नबीन ने अपने एक्स हैंडल पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को नई गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए हम सभी पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं।

# केन्द्रीय ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रिजिजू से कहा है कि वे राहुल गांधी से जितनी बार संभव हो, मुलाकात करें और उन्हें सरकार के समर्थन के लिए तैयार करने की कोशिश करें। आज राहुल गांधी 10 जनपथ के बाहर कुछ और छात्रों को मीडिया से बातचीत के लिए लेकर आए, ताकि वे बता सकें कि पुलिस ने उनके साथ किस तरह मारपीट की और 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान क्या हुआ था। राहुल गांधी ने कहा कि यदि छात्र बिना किसी डर के अपनी बात कह सकते हैं, तो फिर भारत के गृह मंत्री अमित शाह सदन में आकर देश को यह क्यों नहीं बताते कि उस दिन क्या हुआ था? तथा क्या छात्रों पर पैलेट गन चलाने, लाठीचार्ज करने और आंसू गैस छोड़ने का आदेश उन्होंने दिया था, जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हुए? अब यह सवाल उठाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की देश और संसद के प्रति कोई जिम्मेदारी है या नहीं? दूसरा सवाल यह है कि जब संसद का नियमित सत्र ही ठीक से नहीं चल पा रहा है, तो विशेष सत्र कैसे चलेगा? विपक्ष ऐसे विशेष सत्र को चलने कैसे देगा? विपक्ष का आरोप है कि सरकार मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है और अपना पूरा ध्यान परिसीमन के मुद्दे पर लगा रही है। यह एक संवैधानिक संशोधन है, जिसके लिए विधिवत मतदान आवश्यक है। इसे शोर-शराबे और हंगामे के बीच पारित नहीं किया जा सकता।

# परिसीमन और ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कराना चाहती है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने सरकार के अनुरोध को सिरे से खारिज कर दिया।

सूत्रों ने बताया कि विपक्ष के नेता ने किरेन रिजिजू से कहा कि जब तक राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मामले पर चर्चा नहीं होती और 20 जुलाई को राजधानी में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई पर गृह मंत्री अमित शाह सदन में बयान नहीं देते, तब तक सदन में कोई कामकाज नहीं हो सकता।

राहुल गांधी से मुलाकात के बाद, किरेन रिजिजू ने संसद के गतिरोध पर चर्चा करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की।

विपक्ष के सख्त रुख के कारण सरकार की इस सत्र में परिसीमन विधेयक पारित कराने की योजना पर रोक लग गई है। सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से नेताओं के पाला बदलने के कारण सदन में बढ़ी संख्या के आधार पर सरकार को उम्मीद थी कि वह पिछले सत्र में पारित न हो सके इस विवादित विधेयक को इस बार पास करा लेगी।

विपक्ष, छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर लगातार अमित शाह को निशाना बना रहा है और उनसे सदन में बयान देने की मांग कर रहा है। सरकार ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि किसी प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग का फैसला गृह मंत्री नहीं, बल्कि संबंधित मजिस्ट्रेट करता है।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाला विपक्ष राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मुद्दे पर भी केन्द्र सरकार पर हमला बोल रहा है और इस विषय पर चर्चा की मांग कर रहा है।

पिछले कई दिनों से विपक्षी सांसद संसद परिसर के भीतर प्रतीकात्मक चंदा पेटियां लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकार को निशाना बना रहे हैं।

20 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से लोकसभा में एक भी दिन प्रश्नकाल पूरा नहीं हो सका है। हंगामे के बीच बिना चर्चा के पांच विधेयक पारित किए जा चुके हैं।

बुधवार को भी लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी, क्योंकि विपक्ष ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई सहित विभिन्न मुद्दों पर नारेबाजी जारी रखी। जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदस्यों से अपनी-अपनी सीटों पर लौटने और प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। बिड़ला ने विपक्षी सदस्यों से कहा, "सदन के भीतर हो या बाहर, नारेबाजी लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। तख्तियां दिखाकर और नारे लगाकर आप सदन की गरिमा को कम कर रहे हैं।"बिड़ला ने कहा कि कई सांसद उनसे मिले और बताया कि उनके महत्वपूर्ण प्रश्न सूचीबद्ध हैं, लेकिन मानसून सत्र में विपक्ष द्वारा किए जा रहे लगातार हंगामे के कारण सदन प्रश्नकाल नहीं चला पा रहा है।

## मैटा ने वीडियो हटाने के मामले में प्रधानमंत्री से माफी मांगी

नई दिल्ली, 05 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वीडियो हटाए जाने और बाल यौन शोषण एवं दुरुपयोग सामग्री (सीएसएएम) से जुड़े कथित विज्ञापनों के मामले में मेटा ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए सरकार से माफी मांगी है। सूत्रों के अनुसार, मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने सीएसएएम,

**■ मार्क ज़ुकरबर्ग ने सीएसएएम, डीपफेक सामग्री और मंच संचालन में त्रुटियों पर खेद व्यक्त किया।**

डीपफेक सामग्री और मंच के संचालन में हुई त्रुटियों पर खेद व्यक्त किया है।

सूत्रों ने बताया कि मेटा ने स्वीकार किया कि कुछ खास तरह की सामग्री को बढ़ावा देने के लिए काफी पैसा दिया गया था। वहीं, सरकार ने कंपनी को स्पष्ट किया है कि अगर मेटा तय करेगा कि कौन-सा कंटेंट किसे दिखाया जाएगा, तो उसे सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत केवल 'मध्यस्थ' (इंटरमीडियरी) के तौर पर मिलने वाला संरक्षण समाप्त हो जाएगा।

# रिज़र्व बैंक ने नई क्रेडिट पॉलिसी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की स्थिति सामान्य हो जाने पर ईंधन की महंगाई काफी कम हो जानी चाहिए। इसलिए केवल अस्थायी महंगाई को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरें बढ़ाना अर्थव्यवस्था की विकास दर को नुकसान पहुंचा सकता है।

जहां तक खाद्य पदार्थों की कीमतों का सवाल है, इनमें मौसमी उतार-चढ़ाव होता है। इसलिए महंगाई के ट्रैंड में भी बदलाव आना चाहिए। आम तौर पर गर्मियों के महीनों और अक्टूबर के आखिर में नई फसल आने तक खाद्य पदार्थों के दाम ऊंचे रहते हैं। इसके बाद बाजार में नई उपज आने से कीमतों में नरमी आने लगती है।

इस माहौल को देखते हुए, आरबीआई ने मॉनिटरी पॉलिसी अपेक्षाकृत अधिक उदार रखते हुए इकॉनमी की ग्रोथ को बढ़ावा देने का फैसला किया है। ग्रोथ और महंगाई के बीच तालमेल के बैंक के विश्लेषण के अनुसार, फिलहाल महंगाई को रोकने के लिए आपातकालीन सख्ती की जरूरत नहीं है, बल्कि विकास को समर्थन देना अधिक उचित है। यह नीति नियंत्रण की चेतावनी के बजाय, विकास को लेकर अधिक आशावादी नजरिया दिखाती है, क्योंकि रिज़र्व बैंक को भरोसा है कि घरेलू मांग से ग्रोथ जारी रहेगी।

रिज़र्व बैंक का कहना है कि उसकी नीति पूरी तरह आंकड़ों पर आधारित है। यानी, जैसे-जैसे नए आर्थिक आंकड़े सामने आएंगे, उसी के अनुसार मॉनिटरी पॉलिसी में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। वैसे तो लगभग सभी केन्द्रीय बैंक ऐसा दावा करते हैं और आरबीआई भी इसी सिद्धांत पर काम कर रहा है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा अपनी नीति घोषणा में दिए गए आंकड़ों को देखें तो लगता है कि मौजूदा नीति का मुख्य उद्देश्य कीमतों में स्थिरता बनाए रखते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर को जारी रखना है। वैश्विक अर्थव्यवस्था की आम तौर पर निराशाजनक स्थिति के बीच यह एक अच्छी और उम्मीद जगाने वाली नीति मानी जा सकती है।

आरबीआई ने कहा, "लगातार बनी हुई वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, घरेलू आर्थिक गतिविधियों ने मजबूती दिखाई है, जैसा कि पहली तिमाही के हाई फ्रीक्वैंसी इंडिकेटर्स से पता चलता है।"

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा बताए गए प्रमुख आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं-

प्राइवेट खपत में अपनी मर्जी से किये जाने वाले खर्च (डिस्क्रीशनरी स्पैंडिंग) की वजह से मजबूती बनी रही, जबकि सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर और निर्माण कार्यों पर मजबूत खर्च के कारण निवेश गतिविधियां भी स्थिर रहीं।

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री 14.5 प्रतिशत बढ़ी। इसी अवधि में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 15.1 प्रतिशत और ट्रैक्टरों की बिक्री 21.4 प्रतिशत बढ़ी।

दूसरी ओर इसी दौरान, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में 21.0 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इण्डस्ट्रियल प्रोडक्शन इण्डैक्स (आईआईपी) के कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स की बिक्री में क्रमशः 21.0 प्रतिशत और 7.2 प्रतिशत की मजबूत रफ्तार से बढ़ोतरी हुई।

पहली तिमाही में इस्पात की खपत 8.3 प्रतिशत बढ़ी, जबकि सीमेंट उत्पादन में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बंदरगाहों पर माल ढुलाई 6.1 प्रतिशत बढ़ी।

पहली तिमाही के शुरुआती कॉरपोरेट नतीजे बताते हैं कि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसकी पुष्टि परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) से भी होती है, जो विस्तार का संकेत देता है। मजबूत घरेलू मांग के कारण सर्विस सैक्टर की गतिविधियां भी तेज बनी रहीं।

1 अगस्त 2026 तक 413 लिस्टेड प्राइवेट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के नतीजों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में नैट सेल्स में 21.9 प्रतिशत और ऑपरेटिंग प्रॉफिट में 15.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

पहली तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर के 23 उद्योग समूहों में से 16 ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में पहली तिमाही में पॉज़िटिव ग्रोथ दर्ज की।

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 54.6 के साथ एक्स्पैंशन ज़ोन (चौथी तिमाही में 55.4) में बना रहा।

पहली तिमाही में जीएसटी ई-वे बिलों की संख्या 12.4 प्रतिशत बढ़ी, जबकि टोल संग्रह (वाहनों की संख्या के आधार पर) में 16.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में जीएसटी संग्रह 8.6 प्रतिशत बढ़ा। इसी अवधि में घरेलू एयर कार्गो में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# पंजाब भाजपा में नई नियुक्तियों ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्राथमिकता दी जा रही है जो हाल के वर्षों में अन्य दलों से भाजपा में आये हैं, जबकि पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है।

विडंबना यह है कि इस बार कई दलबदलू नेता भी संतुष्ट नहीं हैं। गत 3 अगस्त की संगठनात्मक कवायद का उद्देश्य कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और आम आदमी पार्टी (आप) से आए नेताओं को समायोजित करना था। पार्टी के 12 उपाध्यक्षों में से 6 नेता इन्हीं दलों से आए हैं, लेकिन संतुलन साधने की यह कोशिश किसी भी गुट को संतुष्ट नहीं कर सकी।

सबसे अधिक आपत्ति पार्टी के पाँच महत्वपूर्ण महासचिवों की नियुक्ति को लेकर है। इनमें से तीन-अनिल सरीन, राजेश धीमन और परमिंदर बराड़ (हालांकि उनका नाम मोहाली से दर्शाया गया है, लेकिन उनका राजनीतिक कार्यक्षेत्र मुख्यतः लुधियाना है), लुधियाना से जुड़े हैं। अन्य दो महासचिव जीवन गर्ग (संगरूर) और राकेश बाघा (जालंधर) हैं। आलोचकों का कहना है कि अमृतसर, गुरदासपुर और होशियारपुर जैसे तीन महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्रों को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला, जबकि भाजपा पिछले लगभग 30 वर्षों से इन क्षेत्रों में चुनाव लड़ती रही है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता उपेक्षित महसूस कर रहे हैं और हाल ही में भाजपा में शामिल हुए कई नेता भी निजी तौर पर मानते हैं कि उन्हें उनके राजनीतिक प्रभाव के अनुरूप जिम्मेदारियां नहीं मिलीं। प्रमुख नियुक्तियों में क्षेत्रीय संतुलन के अभाव को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं का दावा है कि उनकी उपेक्षा की गई है।

यह फेरबदल संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन इसके बजाय, इसने पहले से मौजूद दरारों को और गहरा कर दिया। सामान्य परिस्थितियों में ऐसा संगठनात्मक विवाद केवल राज्य स्तर तक सीमित रहता, लेकिन पंजाब के मामले में ऐसा नहीं है। यह संकट ऐसे समय सामने आया है, जब भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व पंजाब को अपनी सर्वोच्च राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल कर चुका है। इसके बाद तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश का स्थान आता है।

नई दिल्ली में पार्टी की सोच स्पष्ट है। भाजपा का मानना है कि पिछले दो दशकों की तुलना में आज पंजाब की राजनीति कहीं अधिक परिवर्तनशील है। आम आदमी पार्टी की सरकार सत्ता-विरोधी माहौल का सामना कर रही है। कांग्रेस गुटबाजी से जूझ रही है और शिरोमणि अकाली दल भाजपा से गठबंधन टूटने और किसान आंदोलन के राजनीतिक प्रभाव के बाद, अब तक पूरी तरह उबर नहीं पाया है। वर्ष 2020 में गठबंधन टूटने के बाद पहली बार भाजपा को लगता है कि वह पंजाब की राजनीति में स्वतंत्र शक्ति के रूप में उभर सकती है।

इसी रणनीति के तहत पार्टी ने अपने राजनीतिक समीकरणों में बदलाव शुरू कर दिया है। राज्य अध्यक्ष के रूप में पहले जट सिख नेता केवल सिंह ढिल्लों की नियुक्ति की गई। दूसरे जट सिख नेता रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यसभा का दोबारा मौका नहीं दिया गया। सवर्ण नेता तरुण चुघ को मध्य प्रदेश से राज्य सभा भेजा गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता हरजीत सिंह ग्रेवाल को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पार्टी राज्य के नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में अधिक जिम्मेदारियां और केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी प्रतिनिधित्व देने पर विचार कर रही है। इसका उद्देश्य राज्य इकाई की राजनीतिक हैसियत बढ़ाना और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरना है।

इसी कारण हाल के महीनों में पंजाब पर केन्द्रीय नेतृत्व का विशेष ध्यान रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब में अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ाई है और पिछले महीने जालंधर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर पंजाब संगठन की विस्तृत समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी मौजूद थे, जिससे स्पष्ट होता है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व पंजाब के घटनाक्रम पर कितनी गहराई और बारीकी से नजर रख रहा है।

दिल्ली से मिलने वाला संदेश अब बिल्कुल स्पष्ट है। भाजपा अब स्वयं को सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल के साथ दोबारा गठबंधन की प्रतीक्षा करने वाली पार्टी के रूप में प्रस्तुत नहीं करना चाहती। इसके बजाय वह अपने दम पर सत्ता हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है।

यह रणनीति केवल संगठन तक सीमित नहीं है। पिछले एक वर्ष में भाजपा ने पंजाब में लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं को शामिल कर अपना सामाजिक और राजनीतिक आधार लगातार विस्तारित किया है। पर पार्टी को सबसे बड़ी सफलता आम आदमी पार्टी के 10 में से 7 राज्यसभा सांसदों को अपने साथ लाने के रुप में मिली, जिनमें पार्टी के संगठन और चुनावी रणनीति से जुड़े कई प्रमुख चेहरे शामिल थे। भाजपा इन नेताओं के शामिल होने को केवल अपनी ताकत बढ़ाने के रूप में नहीं, बल्कि अपने प्रमुख राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को भीतर से कमजोर करने की रणनीति के रूप में भी देख रही है।

## चाहे जान का खतरा हो, दिसम्बर में बांग्लादेश लौटूंगी- शेख हसीना

नई दिल्ली, 05 अगस्त। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दो वर्षों के अंतराल के बाद बुधवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से वर्चुअल माध्यम से देश और दुनिया को संबोधित करते हुए ऐलान किया कि वे हर हाल में बांग्लादेश लौटेंगी, चाहे उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाए या उनकी जान को खतरा ही क्यों न हो।

**■ दो साल बाद पहली बार शेख हसीना वर्चुअल माध्यम से सार्वजनिक रुप से सामने आईं**

शेख हसीना ने यहां फॉरेन कॉरिस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया (एफसीसीएसए) में आयोजित वर्चुअल ऑडियो माध्यम से संवाद में लगभग 25 मिनट तक अपना संबोधन दिया। सुरक्षा कारणों से उनका कैमरा बंद रखा गया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों के भी जवाब दिए। उन्होंने कहा कि उनकी वापसी सत्ता प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश को लोकतंत्र, विकास और धर्मनिरपेक्षता के मार्ग पर वापस लाने के लिए होगी।

# भारत की म्यांमार से जमीन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अदला-बदली का प्रस्ताव है। यह लगभग 2.8 किलोमीटर की लम्बाई में फैला हुआ है तथा म्यांमार के सगाइंग क्षेत्र की कबाव घाटी से लगा हुआ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुष्टि की कि "सीमा पर कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जिनका निर्धारण अभी बाकी है" और उन पर बातचीत जारी है। हालांकि उन्होंने जमीन की अदला-बदली के प्रस्ताव की स्पष्ट रूप से पुष्टि नहीं की। भारत और म्यांमार के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा है, जिसमें से लगभग 171 किलोमीटर का हिस्सा अब भी पूरी तरह तय नहीं हुआ है।

मैतेई समुदाय के नागरिक संगठन कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी (कोकोमी) ने इस संबंध में प्रकाशित रिपोर्टों के बाद केन्द्र और राज्य सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। संगठन ने कहा कि मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता "किसी भी कीमत पर समझौते का विषय नहीं हो सकती।" उसका कहना है कि 1949 में भारत में विलय के बाद मणिपुर अपने ऐतिहासिक भूभाग का बड़ा हिस्सा पहले ही खो चुका है और अब राज्य की सीमा में किसी भी तरह की और कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। "कोकोमी" ने कहा कि यदि इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया गया तो वह "मूक दर्शक" बनकर नहीं बैठेगा। संगठन ने यह भी मांग की कि राज्य की सीमा से जुड़ा कोई भी फैसला लोगों की सहमति के बिना न लिया जाए और नई दिल्ली को "आग से खेलने" जैसी गलती करने से बचना चाहिए।

भारत सरकार का मानना है कि सीमा का पूरा निर्धारण हो जाने के बाद ही पूरी सीमा पर बाड़ लगाना संभव हो सकेगा। वर्ष 2024 में केन्द्र सरकार ने पूरी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था (फ्री मूवमेंट रिजीम) समाप्त करने की घोषणा की थी। सरकार का कहना है कि इससे अवैध घुसपैठ, सीमा पार उग्रवादियों की आवाजाही, मादक पदार्थों की तस्करी और पूर्वोत्तर में लंबे समय से चल रहे अन्य अपराधों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

इस विवाद की जड़ें औपनिवेशिक काल में हुये सीमा निर्धारण से जुड़ी हैं। प्रथम एंग्लो-बर्मा युद्ध के बाद 1826 की यांडाबो संधि ने दोनों क्षेत्रों की सीमा तय करने की दिशा तय की। इसके बाद 1834 की पेम्बर्टन रेखा के तहत, कबाव घाटी को बर्मा को सौंप दिया गया और इसके बदले मणिपुर को मुआवजा दिया गया। इसके बाद भी कई बार सीमा में बदलाव किए गए, जो 1937 में बर्मा के ब्रिटिश भारत से अलग होने तक जारी रहे। वर्ष 1967 के भारत-बर्मा सीमा समझौते के तहत, सीमा का औपचारिक निर्धारण किया गया, लेकिन कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, तकनीकी समस्याओं और स्थानीय संवेदनशीलताओं के कारण, कई हिस्सों, विशेषकर मणिपुर के कबाव घाटी क्षेत्र, का सीमांकन पूरा नहीं हो सका। इसके बाद ही बनी सरकारों ने इसे किसी नए क्षेत्रीय दावे के बजाय, सीमा-निर्धारण से जुड़ी तकनीकी समस्या माना है।

# सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कोर्ट में बढ़ते मामलों के बोझ को देखते हुए यह कदम आवश्यक था। उन्होंने कहा कि संविधान पीठों के गठन के कारण नियमित मामलों की सुनवाई प्रभावित होती है।

हाल ही में गठित 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे बड़े मामलों के चलते अन्य मामलों की सुनवाई में देरी होती है, जिससे लंबित मामलों की संख्या बढ़ती है। इस संशोधन के तहत, सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 की जा रही है, जिसमें मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हैं। इससे लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आएगी तथा एक साथ अधिक मामलों की सुनवाई संभव होगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908